ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 31 मई 2024
वर्ष 34, अंक 124, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एसी को कुछ देर दें आराम 16

भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी दीक्षित 15

## मतदान कल, दिग्गजों की साख दांव पर



- आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों की होगी अग्नि परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए गुरुवार को प्रचार थम गया। इन सीटों पर मतदान के लिए 31 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मतदान एक जून को होगा। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रत्याशी हैं। प्रधानमंत्री को टक्कर देने के लिए इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव मैदान में हैं। बसपा ने अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी बनाया है। वाराणसी के बाद गोरखपुर लोकसभा सीट वीआईपी सीटों में शामिल है। भाजपा ने भोजपुरी अभिनेता और मौजूदा सांसद रवि किशन को टिकट दिया है। उनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से हैं। बसपा ने जावेद सिमनानी पर दांव लगाया है। चंदौली लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे चुनाव मैदान में हैं। उनका मुकाबला इंडी गठबंधन की ओर से सपा के वीरेंद्र सिंह और बसपा के सत्येंद्र कुमार मौर्य से हैं। रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बहू रिंकी कोल को टिकट दिया है.। सपा ने छोटेलाल खरवार और बसपा ने धनेश्वर गौतम को प्रत्याशी बनाया है। घोसी सीट पर राजग की ओर से ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर ताल ठोंक रहे हैं।

### इन सीटों पर होगा मतदान

**मतदान :** जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज (अजा) व सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट शामिल है।



## 3डी प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला स्वदेशी रॉकेट लॉन्च

श्रीहरिकोटा, एजेंसी। आईआईटी मद्रास-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार सुबह 7:15 बजे श्रीहरिकोटा में अपने निजी लॉन्च पैड पर सिंगल पीस थ्री-डायमेंशनल (3डी) प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला रॉकेट प्रक्षेपित किया। यह उपलब्धि पूरी तरह से स्वदेशी डिजाइन और विकास के माध्यम से हासिल की गई है। इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ, आईएन एसपीएसीई के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका, तकनीकी निदेशक राजीव ज्योति और एसएचएआर के निदेशक ए राज राजन मौजूद थे।

## आजम को 10 वर्ष की कैद, 14 लाख जुर्माना



- ठेकेदार बरकत अली को सात साल कैद, छह लाख रुपये जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े लूटपाट, चोरी व मारपीट के एक मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 वर्ष की कैद और 14 लाख रुपये जुर्माना और ठेकेदार बरकत अली को सात वर्ष की कैद और छह लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने दोनों को दोषी करार दिया था। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों से बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें एक मुकदमा अबरार ने 13 अगस्त 2019 को लिखवाया था। इस मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। गुरुवार को दोपहर बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ सजा का ऐलान कर दिया।

> कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 वर्ष की कैद और 14 लाख रुपये का जुर्माना तथा ठेकेदार बरकत अली को सात साल की कैद और छह लाख रुपये जुर्माना लगाया है। – **सीमा सिंह राणा**, एडीजीसी

### इन धाराओं में हुई सजा

सपा नेता को धारा 392 में 10 साल का कठोर कारावास एवं सात लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में सात साल का कठोर कारावास एवं पांच लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं एक लाख जुर्माना, धारा 506 में दो साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। बरकत अली ठेकेदार को धारा 392 में सात साल का कठोर कारावास एवं तीन लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में छह साल का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माना, धारा 506 में दो साल का साधारण कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।




# विपक्ष मुंह न खुलवाए, सात पीढ़ी के पाप सामने रख दूंगा : मोदी

### लोस चुनाव की आखिरी रैली में इंडी गठबंधन जमकर बरसे प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा- कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान का गला घोंटा

होशियारपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान-संविधान की रट लगाने के लिए गुरुवार को कांग्रेस पर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने ही संविधान का गला घोंट दिया था तथा जब 1984 के दंगों में सिखों की हत्या हो रही थी तब भी उसने इसकी कोई परवाह नहीं की।

मोदी ने लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में अपनी आखिरी चुनावी रैली में इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सेना को राजनीति का हथियार बनाने का आरोप लगाया और कहा कि इससे बड़ा कोई पाप नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने भारतीय सशस्त्र बलों को कमजोर करने के लिए कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस को निशाना बनाते हुए मोदी ने जीप घोटाले, बोफोर्स, पनडुब्बी और सेना के ट्रक घोटाले का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने सेना की जरूरतों की कभी परवाह नहीं की। मोदी ने आरोप लगाया उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर केवल सरकारी खजाने को लूटने और खाली करने की योजना बनाई।



अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

### कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने राम मंदिर का विरोध किया

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की स्वार्थ की राजनीति से देश को नुकसान हुआ है। यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए (संशोधित नागरिकता कानून) का विरोध कर रहा है। मोदी ने कहा कि दशकों बाद ऐसा समय आया है कि पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है।

### प्रधानमंत्री का विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे का ध्यान शुरू



कन्याकुमारी, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बृहस्पतिवार की शाम कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंड में 45 घंटे का ध्यान शुरू हो चुका है। वे 1 जून तक यहां ध्यानमग्न रहेंगे। मोदी उसी जगह ध्यान कर रहे हैं, जहां स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था। लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थमते ही पीएम मोदी गुरुवार (30 मई) की शाम कन्याकुमारी पहुंचे।

### मोदी ने हेट स्पीच से पद की गरिमा कम की : मनमोहन



- पंजाब में वोटिंग से पहले मनमोहन सिंह ने लिखा लेटर, भाजपा सरकार न बनाने की अपील की

नई दिल्ली। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव-2024 के आखिरी चरण में वोटरों के नाम लेटर लिखा। इसमें उन्होंने लोगों से भाजपा सरकार न बनाने की अपील की। वहीं, उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को लेकर अपनी राय दी। तीन पेज के लेटर में मनमोहन सिंह ने कहा मोदी ने चुनाव के दौरान नफरत भरे भाषण दिए। वह पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पद की गरिमा कम की है। कुछ गलत बयानों के लिए उन्होंने मुझे भी जिम्मेदार ठहराया। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग नहीं किया। ऐसा करने का कॉपीराइट सिर्फ भाजपा के पास है। उन्होंने किसान आंदोलन समेत बड़ी घटनाओं का जिक्र किया।

## खाई में गिरी बस, उप्र के 22 तीर्थयात्रियों की मौत

### जम्मू के अखनूर मार्ग पर 200 फिट नीचे गिरी, 57 घायल

- हाथरस-अलीगढ़ से वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रहे थे

किशोर कुमार, अखनूर (जम्मू)

**अमृत विचारः** उप्र से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रही स्लीपर बस राजौरी रोड पर 200 फिट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए। इनमें से 30 गंभीर रूप से घायलों को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। बस में करीब 80 लोग सवार थे। सभी तीर्थ यात्री मथुरा, हाथरस और अलीगढ़ के थे।

गुरुवार दोपहर हादसा उस समय हुआ जब बस नंबर यूपी 86 ईसी 4078 राजौरी रोड के उप जिला चौकी चौरा के पास गांव तुंगी मोड़ पहुंची। चालक अचानक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बस पहाड़ी से 5-6 बार पलटती हुई गिरी। यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और लोगों ने बचाव कार्य शुरू कराया।

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही। खाई से निकालकर यात्रियों को सड़क तक लाने में 4 घंटे का समय लगा। मौके पर ही 15 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो चुकी थी। बाकी घायलों को अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायलों को जम्मू रैफर किया गया। कुछ घायलों का चौकी चौरा अस्पताल और अखनूर उपजिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिला मजिस्ट्रेट ने शाम तक 22 मौत की पुष्टि की थी।



खाई में गिरी बस। ● अमृत विचार

### राष्ट्रपति और उपराज्यपाल ने हादसे पर दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। उप राज्यपाल ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों के लिए 50 हजार की सहायता की घोषणा की है। वही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

## एक नजर

### पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट, तीन की मौत

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे। उन्होंने बताया एक लड़के ने कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जबकि दो अन्य लोगों की भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### केजरीवाल की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** धनशोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया। राउज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।

### छोटा राजन को आजीवन कारावास की सजा

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के जुर्म में गैंगस्टर छोटा राजन को बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के छह अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट




- कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 94.73 करोड़ रुपये अन्य खातों में भेजे

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 94.73 करोड़ रुपये कथित रूप से अन्य बैंक खातों में भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के छह अधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई निगम के एक अधिकारी द्वारा रविवार को आत्महत्या करने के बाद की गई है।

मृतक ने एक नोट छोड़ा है जिसमें उसने प्रबंध निदेशक जे जी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरुगन्नवर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिखा था। निगम के महाप्रबंधक ए. राजशेखर ने 28 मई को दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एमजी रोड शाखा के शीर्ष प्रबंधन और अन्य तृतीय पक्षों की संलिप्तता वाली गंभीर धोखाधड़ी की गतिविधियों ने संगठन की प्रतिष्ठा और वित्तीय व्यवस्था को हानि पहुंचाई है। उन्होंने बताया कि निगम ने 19 फरवरी को अपना खाता राष्ट्रीय बैंक के वसंतनगर शाखा से एमजी रोड शाखा में स्थानांतरित किया था।

## गर्मी व लू से 51 की मौत

- का कानपुर में 13, महोबा में 12, लखनऊ में 4 की गर्मी से गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ / कानपुर

**अमृत विचार :** शरीर झुलसा देने वाली गर्मी अब जानलेवा हो गई है। लू और मौसमी बुखार की चपेट में आने से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 51 लोगों की मौत हो गयी। लखनऊ में पिछले 24 घंटे में अलग-अलग थाना क्षेत्र में चार लोगों के शव, जबकि कानपुर में गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर 13 लोगों के शव पाए गए। महोबा में 12 लोगों की मौत लू व धूप लगने की वजह से हुई। इन सभी की मौत उपचार के दौरान हुई। जबकि चित्रकूट में दो, हमीरपुर में छह, बांदा में तीन, प्रयागराज में दो महिलाओं व एक अधेड़, जालौन में दो लोगों की मौत हुई। इसी तरह उन्नाव में दो की लू की चपेट में आने से मौत की खबर है। वहीं बाराबंकी, हरदोई, बलरामपुर व गोंडा में एक-एक की मौत। गर्मी के चलते बांदा के अतर्रा कस्बे के नहर कोठी स्थित ऑक्सीजन पार्क में करीब ढाई सौ चमगादड़ मृत पाए गए। महोबा में अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस डिसे रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 व न्यूनतम 32 डिग्री रहा। बांदा में अधिकतम तापमान 47 व न्यूनतम 34 डिग्री दर्ज किया गया। जालौन में अधिकतम तापमान 48.2 रहा। चित्रकूट में अधिकतम तापमान 46.6 और न्यूनतम 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## 3 लेफ्टिनेंट कर्नल सहित सेना के 16 जवानों पर मामला दर्ज

- पुलिसकर्मियों का अपहरण व मारपीट करने का है आरोप

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले के एक थाने में हमले में शामिल तीन लेफ्टिनेंट कर्नल सहित 16 सैन्यकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सैन्यकर्मियों पर दो दिन पूर्व एक पुलिसकर्मी का अपहरण करने और अन्य पुलिसकर्मियों को लात, डंडे तथा राइफल बट से पीटने और घायल करने का आरोप लगाया गया है।

सेना के जवानों पर हत्या के प्रयास, दंगा, अपहरण और डकैती समेत भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सेना के जवान कथित तौर पर मंगलवार को रात 11.40 बजे के आसपास थाने में अनधिकृत रूप से घुसे और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। प्राथमिकी में नामजद अधिकारियों में 160 प्रादेशिक सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल शामिल हैं। तीन अधिकारियों के नेतृत्व में '160 प्रादेशिक सेना' के बड़ी संख्या में सशस्त्र और वर्दीधारी जवान अनाधिकृत रूप से कुपवाड़ा थाना में धुसे। प्राथमिकी में लिखा है उन्होंने सामूहिक रूप से और बिना किसी उकसावे के गैरकानूनी रूप से एकत्र होकर पुलिस स्टेशन में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों पर राइफल बट, लात और डंडों से गंभीर हमला किया।

## मदरसा बोर्ड : 88.5 फीसदी परीक्षार्थी सफल

### परिणाम जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड का परिणाम जारी हो गया है। 88.5 फीसदी परीक्षार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा पास कर ली है। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि इस साल 1,14,723 परीक्षार्थियों ने मदरसा बोर्ड की परीक्षा दी थी। इनमें 1,01.602 परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास कर ली।

अन्य बोर्ड की तरह से मदरसा बोर्ड की परीक्षा में भी लड़कियों ने ही बाजी मारी है। मदरसा बोर्ड की परीक्षा में 90.3 फीसदी लड़कियों ने पास होकर अपना कद बढ़ाया जबकि 86.7 फीसदी लड़कों ने पास होकर दूसरे नंबर पर अपना नाम लिखाया। कुल परिणाम की बात करें तो मदरसा बोर्ड का परीक्षाफल 88.5 फीसदी रहा। मदरसा बोर्ड की परीक्षा में सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी, कामिल और फाजिल परीक्षाओं की बात करें तो पहला स्थान प्राप्त करने वालों में लड़कों ने बाजी मारी है। सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी और कामिल की परीक्षाओं में पहले नम्बर पर लड़के हैं जबकि दूसरा और तीसरा स्थान लड़कियों ने हासिल किया है लेकिन फाजिल की परीक्षा में लड़की पहले स्थान पर है जबकि दूसरा और तीसरा स्थान लड़कों ने हासिल किया है।

### हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीए व एमए में छात्रों ने किया टॉप

**लखनऊ** । सेकेंडरी (हाईस्कूल) की परीक्षा में झांसी के असद खान वारसी ने टॉप किया है। देवरिया की अफीफा परवीन को दूसरा स्थान मिला है जबकि देवरिया की ही लाडली खातून को तीसरा स्थान मिला है। सीनियर सेकेंडरी (इंटरमीडिएट) की परीक्षा में कन्नौज के मोहम्मद रेहान रजा ने टॉप किया है। सीतापुर की गुलिस्तां परवीन को दूसरा और सीतापुर की ही यास्मीन को तीसरा स्थान मिला है । कामिल (बीए) की परीक्षा में जालौन के मोहम्मद आर्यन सिद्दीकी ने टॉप किया है। बहराइच की जीनत फात्मा शेख ने दूसरा और शाहजहांपुर की राबिया बी को तीसरा स्थान मिला है। फाजिल (एमए) की परीक्षा में सीतापुर की गुलफशां ने टॉप किया है। गाजीपुर के अबुसामा को को दूसरा स्थान मिला है। जबकि बलरामपुर के महताब हुसैन ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

## सूरज की सतह उगल रही है जबरदस्त आग

- अफ्रीकी देशों में रहा असर, हुआ ब्लैक आउट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक तरफ सूरज आग उगल रहा है तो दूसरी ओर धरती भीषण गर्मी से तप रही है। सूर्य पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने में आमादा है। गत दिवस फिर एक भीषण विस्फोट सूर्य की सतह पर हुआ है। जिससे अफ्रीकी देशों में ब्लैक आउट हुआ। आने वाले दिनों में भी सूर्य जबरदस्त विस्फोटों के संकेत दे रहा है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर तपिश बेकदर हाबी है। आए दिन जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। जिनका असर पृथ्वी तक देखने को मिल रहा है। गत दिवस सन स्पॉट संख्या एन ओ ए ए 3697 से मेजर एक्स 1.4 श्रेणी की आग भड़की है। भारतीय समय के अनुसार यह विस्फोट रात 9.41 बजे हुआ। जिसमें भयानक ज्वाला निकली, जो रात 10.25 बजे तक जारी रही। इसमें तेज रफ्तार वाला भू-चुम्बकीय सौर तूफान 900 किमी प्रति सेकंड की गति से उठा। इससे रेडियो ब्लैकआउट हुआ, जो मध्य अटलांटिक महासागर में शुरू हुआ और प्यूर्टो रिको तक जारी रहा। अफ्रीका के अल्जीरिया में रेडियो ब्लैकआउट का असर देखा गया।

इधर, सन स्पॉट ए आर 3664 अब पृथ्वी की ओर वाले हिस्से पर वापस आ गया है। इसने कुछ दिन पहले सौर चक्र 25 की अब तक की सबसे बड़ी एक्स फ्लेयर एक्स 8.8 श्रेणी की आग उगली थी। जिससे 10 मई को विशाल वैश्विक भू-चुंबकीय तूफान पृथ्वी तक पहुचा था। इस सन स्पॉट के पृथ्वी की दिशा में आ जाने से विस्फोटों की आशंका बढ़ गई है। जिस कारण दुनियाभर के वैज्ञानिक इन पर नजर रखे हुए हैं।



### लद्दाख में नजर आने लगा भू-चुम्बकीय तूफान का असर

**नैनीताल :** डा वहाब के अनुसार भू-चुम्बकीय सौर तूफानों का असर भारत के लदाख तक नजर आने लगा है। 10 मई को आये तूफान से लदाख का आसमान लाल रंग में जगमगा उठा था। लदाख काफी ऊंचाई मे स्थित है। जिस कारण तूफान का असर ऑरोरा यानी लाल प्रकाश के रूप में देखने को मिला। इससे यह जानकारी पुख्ता हो गई कि भविष्य में भू चुम्बकीय सौर तूफानों का असर लदाख में पड़ेगा।

## एक नजर

### प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र में शुरू होंगे 10 व्यावसायिक कोर्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत राजधानी में अलीगंज स्थित प्रादेशिक स्टॉफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र में 10 नए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होंगे। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 8 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। अलीगंज स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में शुरू होने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में, कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्क मेन्टीनेंस, ड्रेस मेकिंग, मैकेनिक डीजल, ऑफिस मैनेजमेंट, पेंटिंग टेक्नोलॉजी, ड्राफ्टमैन मैकेनिकल, स्टेनोग्राफर व सेक्रेटियल असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीब्यूशन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिकल एवं मैकेनिक ट्रैक्टर शामिल हैं। उक्त विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग प्रस्तावित बजट पर स्वीकृति प्रदान करते हुए 8 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है।

### एसटीएफ ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ की मेरठ इकाई ने गाजियाबाद में एक हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को लोनी डिपो से गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी रखा था। एसटीएफ और पुलिस की कई टीमें आरोपी को तलाश रही थी। एसटीएफ के एएसपी वृजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती 5 मई को राहुल उर्फ रामबाबू निवासी गाजियाबाद ने विक्रम मावी निवासी टीला शहवाजपुर के ऊपर धारदार हथियार से हमला करके हत्या करने का प्रयास किया था। इस घटना में विक्रम मावी बाल-बाल बच गए थे। बाद में बीती 11 मई की रात्रि राहुल ने घात लगाकर पाइपलाइन रोड के पास विक्रम मावी की हत्या कर दी। इस दौरान लोनी थाने में राहुल के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई थी। पुलिस लगातार राहुल की तलाश कर रही थी। आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी रखा गया था। गुरुवार को पता चला कि राहुल लोनी डिपो के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। इसी दौरान वहां पहुंचकर उसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

### ई-रिक्शा चालकों को जोन आवंटन अब 8 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में ई-रिक्शा चालकों को जोन आवंटन अब 8 जून को किया जायेगा। पहले यह एक जून को होना तय हुआ था। संयुक्त पुलिस आयुक्त लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया लोक सभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों के चलते तारीख में बदलाव किया गया है। अब आठ जून को ई-रिक्शा चालकों की ओर से भरे गए सत्यापन फार्म के जरिए जोनवार लॉटरी निकाल कर जोन आवंटन किये जाएंगे।

# पहली तिमाही में राहत के बाद फिर डराने लगे आंकड़े

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** मार्ग दुर्घनाओं के आंकड़ों पर चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत एक बार फिर चरितार्थ होती दिखी। वर्ष 2024 की पहली तिमाही में लगे ब्रेक के ठीक एक माह बाद ही हादसों और मौतों की संख्या में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है। बीते वर्ष से लेकर 2024 के प्रथम चार माह (जनवरी, फरवरी, मार्च व अप्रैल) में न केवल दुर्घटनाएं की संख्या बढ़ी है, बल्कि जनहानि के आंकड़े भी बढ़ गये हैं। जहां हादसों की संख्या में 3.5 तो मौत की संख्या में 2.2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखी गई है।

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने कहा कि यह चिंताजनक है। पहली तिमाही के आंकड़े राहत देने वाले रहे, लेकिन एक बार फिर मौत और जनहानि के आंकड़ों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को इस सिलसिले में बता दिया गया है। एनएच और एसएच पर सख्त निगरानी और सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। सभी एजेंसी मिलकर इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें। जल्द ही इस सिलसिले में उच्च स्तरीय बैठक भी बुलाई जाएगी।

### हादसों और मौत के आंकड़ों में हुई बढ़ोतरी

**प्रदेश में जनवरी से अप्रैल तक हुए हादसे व मौतों की संख्या**

| पिछले साल- 2023 (चार माह के दौरान) | इस वर्ष- 2024 (चार माह के दौरान) |
|---|---|
| सड़क हादसों की संख्या -14,110 | सड़क हादसों की संख्या-14,597 |
| मृतकों की संख्या-7,757 | मृतकों की संख्या-7,926 |

**2023 से 2024 के बीच चार माह में आया अंतर**

| | |
|---|---|
| हादसों की संख्या-487 | मौतों का आंकड़ा-169 |

# 3 जून को डीएल के लिए न जाएं आरटीओ, नहीं होगा काम

## स्मार्ट कार्ड डीएल सिस्टम हुआ ध्वस्त, 2 और 3 जून को होगा अपग्रेडेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 3 जून को डीएल या इससे जुड़े किसी काम को लेकर आरटीओ या फिर प्रदेश के किसी भी सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय जा रहे हैं तो इस भीषण गर्मी में रुक जाएं। आपका काम नहीं होगा। वजह यह है कि तकनीकी टीम परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल को अपग्रेड करने जा रही है। एनआईसी इस अपग्रेडेशन पर दो दिन काम करेगी। एक दिन छुट्टी और एक दिन कार्यालय के कार्य दिवस पर यह काम पूरा होगा। इसके लिए 2 और 3 जून की तारीख तय की गई है। 2 जून को रविवार है, इस दिन भी आवेदक अगर घर से ऑनलाइन फार्म भर रहा है या फीस जमा कर रहा है तो यह कार्य भी नहीं होगा। कहा जा सकता है कि स्मार्ट कार्ड डीएल का ऑनलाइन सिस्टम बैठ गया है। आए दिन डाटा मिस्मैच हो रहा है। इसके चलते डीएल की पेंडेंसी भी बनी हुई है।

दरअसल, परिवहन विभाग की अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन हैं। इनमें से सबसे ज्यादा जनोपयोगी मानी जाने वाली डीएल सेवा के सर्वर डाउन होने से लोग समस्या से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में ध्वस्त हुए सिस्टम पर आगामी दो दिन किसी भी आरटीओ-एआरटीओ कार्यालय में डीएल का अप्रूवल नहीं होगा। परिवहन अफसरों का कहना है कि 2 व 3 जून को एनआईसी डीएल से जुड़े सारथी पोर्टल का अपग्रेडेशन करेगी। इसे लेकर तिथि तय की गई है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, डीएल सिस्टम में बीते कुछ दिनों से दिक्कतें आ रही थीं। इसके तहत डीएल आवेदक और सारथी पोर्टल पर अंकित डाटा का जब केएमएस (की मैनेजमेंट सिस्टम) प्रक्रिया के तहत मिलान कराया जाता है तो वह खरा नहीं उतरता है। कई बार मिस्मैच की शिकायत आती है। इससे बड़ी संख्या में मुख्यालय से डीएल, आवेदकों के पते पर जारी नहीं हो पाते हैं। परिवहन विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ कहते हैं कि मामले में एनआईसी की टीम अक्सर ढील दे देती है। समय रहते विभाग के पोर्टल को अपग्रेड नहीं किया गया। इससे यह दिक्कत आ गई है।

### मोबाइल पर मिलेगा तारीख का मैसेज

इस दौरान जिन आवेदकों की डीएल तिथि है उनके जिलों के एआरटीओ की ओर से दर्ज मोबाइल नंबर पर मैसेज जाएगा। तारीख बताई जाएगी। एक- दो दिन में आवेदकों को मौका दिया जाएगा और वह अपना डीएल बनवा सकेंगे। 3 जून के बाद ही नई डीएल की तारीख आवंटित की जाएगी। उसके बाद ही परिवहन कार्यालयों में फोटो अप्रूवल का काम आगे बढ़ेगा।

**2** जून को भी ऑनलाइन फीस नहीं होगी जमा

- डाटा अक्सर होता है मिस्मैच आवेदकों को दी जाएगी नई तिथि



"सारथी पोर्टल को दुरुस्त किया जा रहा है। दो दिन यानी 2 और 3 जून का समय एनआईसी ने इसे अपग्रेड करने के लिए रखा है। एक दिन अवकाश है, एक दिन कार्य दिवस पर इसका बेहतर ट्रायल हो जाएगा और काम शुरू हो जाएगा।
–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त

# प्रदेश में बंद इकाइयां चालू नहीं होने से बिजली संकट बरकरार

## पावर कॉरपोरेशन विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में जुटा, समय पर आपूर्ति बहाल करें अधिकारी : आशीष गोयल

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बंद इकाइयों के चालू न होने से प्रदेश में गुरुवार को भी बिजली संकट बना रहा। अधिकतम बिजली की मांग 29,077 मेगावाट दर्ज हुई। स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली की किल्लत से जूझते रहे। इस बीच, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति का जायजा लिया। उन्होंने राजधानी में गहराए बिजली संकट को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।

भारी मांग के कारण ठप हुई अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे, पर गुरुवार देर रात तक इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। हालांकि, बिजली अभियंता इकाइयों के चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताते रहे। इसी तरह, ओबरा बिजलीघर की 200 मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इस इकाई के 31 मई को चालू होने की उम्मीद जताई गई।

इस बीच, शक्ति भवन में आयोजित बैठक में पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि भंयकर गर्मी को देखते हुए जहां कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित हो, वहां के उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों व मीडिया को जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उपभोक्ता सेवा 1912 पर भी इसकी सूचना दी जाए। जरूरत पड़े तो लाउडस्पीकर से भी घोषणा कर उपभोक्ताओं को सही जानकारी दी जाए। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत आदि अधिकारी शामिल थे।



गुरुवार को शक्ति भवन में बैठक करते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल व अन्य।

### कम समय में बदले जाएं ट्रांसफॉर्मर

अध्यक्ष ने कहा कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर कम से कम समय में बदले जाएं। इसके लिए ट्रांसफॉर्मर बदलने के लिए प्रयुक्त होने वाले वाहन वर्कशॉप में तैयार रहें। उन पर सभी आवश्यक उपकरण भी मौजूद रहें, जिससे ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्तता की सूचना पर कम से कम समय में दूसरा ट्रांसफॉर्मर वहां पहुंचा दिया जाए। ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर और गैंग की कहीं कोई कमी न हो।

### उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

अध्यक्ष ने कहा कि देर रात तक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रहें। उपभोक्ताओं के फोन उठाएं और उपभोक्ताओं को सही जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपने-अपने तैनाती स्थल पर ही रहें। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि पावर कारपोरेशन निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए संकल्पबद्ध है। भीषण गर्मी के कारण कुछ समस्याएं आती हैं, जिनका तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### एमडी मध्यांचल ने किया उपकेंद्र का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंध्याचल विद्युत वितरण निगम के एमडी भवानी सिंह खंगारोत ने गुरुवार को कमता के शिवपुरी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपकेंद्र अधिकारियों को रात में पर्याप्त गैंग रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में बिजली की समस्याओं की शिकायत ज्यादा आ रही है। उन क्षेत्रों में पेट्रोलिंग और सक्रियता बढ़ाने के आदेश दिए। वहीं मुख्य अभियंता गोमतीनगर ने कमता उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जेई और लाइन स्टॉफ को मोबाइल पर आने वाली शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### लगातार चेक किया जाएगा ट्रांसफार्मर का तापमान और तेल

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसफार्मरों का तापमान और ऑयल को लगातार चेक किया जाएगा। इस आशय का निर्देश ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने गुरुवार को इटौंजा उपकेंद्र के निरीक्षण के बाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने जंफर, पेटीफ्यूज और केबल पर भी निगरानी करने के निर्देश दिए।

### सतर्क रहें बिजली अधिकारी

अध्यक्ष ने कहा कि अभी गर्मी और बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है, इसलिए अधिकारियों को ज्यादा सतर्क रहना पड़ेगा। अनुरक्षण कार्यों में लगे ठेकेदारों से बेहतर काम लिया जाए, जिससे कम से कम समय में लोकल फाल्ट या क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर या उपकरण बदले जा सकें।

### भीषण गर्मी में शारदा नहर में रखरखाव कार्य के चलते समस्या

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि शारदा नहर से पानी न मिलने के कारण सहायक नहरों सोनारा और अलहदापुर के आसपास के लोग ही नहीं, जानवर और मछलियों जैसे जलीय जीव भी पानी को तरस रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार की ओर से यह बताने पर कि शारदा नहर में 8 जून तक रखरखाव संबंधी कार्य के चलते पानी रोका गया है और 8 जून के बाद इसे छोड़ दिया जाएगा, न्यायालय ने टिप्पणी की कि यदि यही काम पहले कर लिया गया होता तो ऐसी स्थिति न उत्पन्न होती, सरकार को दूसरे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, रखरखाव कार्य की टाइमिंग तय करनी चाहिए। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने याची को सुल्तानपुर के जिलाधिकारी व सीडीओ के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत होने का निर्देश देते हुए, आदेश दिया है कि यदि संभव हो तो समुचित मात्रा में तत्काल पानी छोड़ा जाए, तत्पश्चात इस सम्बंध में जो भी आवश्यक हो, वह विधिपूर्ण कार्रवाई की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने वेद प्रकाश सिंह की जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि 12 मई से शारदा नहर में रखरखाव का कार्य हो रहा है जो 8 जून तक चलेगा।

# अधिकारियों व कर्मियों की बढ़ेगी कार्य क्षमता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समाज कल्याण विभाग में कार्यालय स्टाफ से लेकर अधिकारियों तक को किया जाएगा प्रशिक्षित

**अमृत विचार :** आप अपने ही काम को और कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं, इसको लेकर अधिकारियों और कर्मियों की कार्य क्षमता में वृद्धि की जाएगी। पहले चरण की कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी की ओर से विभिन्न कोर्स और स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया गया।

समाज कल्याण निदेशायल में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों को और अधिक ऊर्जावान बनाने के लिए क्षमता विकास को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने कर्मियों और अधिकारियों को स्किल डेवलपमेंट के गुर बताए। उन्होंने कहा कि अगर आप कोई काम करते हैं तो उसका उद्देश्य क्या है। इसको समझते हुए स्किल डेवलेप की जा सकती है। मिशन कर्मयोगी के तहत जेम, आईटीआई समेत अन्य क्षेत्रों में ऑनलाइन प्रशिक्षण लिया जा सकता है। इसके तहत एक हजार कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इसमें पंजीकरण कराकर वीडियो देख सकते हैं और कोर्स के बारे में जानकारी ले सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी और परीक्षा पास करने के बाद संबंधित व्यक्ति को कोर्स करने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मी या अधिकारी अपनी आईडी से पंजीकरण करा सकते हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि कर्मियों की आईडी जल्द बनवाई जाएगी।

# प्रश्नपत्र लीक मामला : आरोपियों पर गैंगेस्टर के तहत होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 250 आरोपियों में से 100 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने जा रही है। मामले में अब तक गिरफ्तार हुए करीब 250 आरोपियों में से 100 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी है। आरोपियों के द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गईं संपत्तियों को भी जब्त करने का निर्णय लिया गया है।

मालूम हो कि दोनों परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में अब तक 250 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस मामले में 16 आरोपी मास्टर माइंड श्रेणी के हैं, जिन्हें एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। अब इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी है। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से 100 आरोपी ऐसे पाए गए हैं, जो प्रश्नपत्र लीक करने की योजना में भी शामिल थे। इनके खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। अभी करीब 150 आरोपी और ट्रेस किए गए हैं। उनकी गिरफ्तारी को लेकर दबिश दी जा रही है।

### विद्युत कनेक्शनों का सत्यापन करेंगे प्रधान व सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी भवनों के विद्युत कनेक्शन का सत्यापन प्रधान व सचिव करेंगे। जहां बिल बकाया होगा वह जमा करेंगे। उप्र पावर कारपोरेशन ने प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत व सामुदायिक भवन, सामुदायिक शौचालय, ग्रामीण पेयजल परियोजना व स्ट्रीट लाइट के विद्युत कनेक्शन की रिपोर्ट मांगी है। इस क्रम में निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को कनेक्शनों का सत्यापन प्रधान व सचिव से कराने के निर्देश दिए हैं। सत्यापन में कनेक्शन है या नहीं, बिल बकाया व गड़बड़ बिल की रिपोर्ट तैयार कर पोर्टल पर फीड की जाएगी। संबंधित विभाग इसका निस्तारण करेगा। एक नई व्यवस्था यह भी शुरू होगी जिसमें ग्राम पंचायत ऑनलाइन खुद बिल जमा करेंगी। इसके लिए सभी ग्राम पंचायत को लॉगिन आईडी दी गई है।

# मलेरिया प्रभावित जिलों में 10 फीसदी लोगों की होगी खून की जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाएगा स्वास्थ्य विभाग
- सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी किए गए निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश में मलेरिया प्रभावित जिलों में 10 फीसदी लोगों की खून की जांच अनिवार्य रूप से कराई जायेगी। स्वास्थ्य महानिदेशालय से निर्देश दिए गए हैं कि जांच कराने वाले लोगों में बुखार पीड़ित भी शामिल होंगे। मलेरिया माह के रूप में मनाए जाने वाले जून माह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतर्कता के तौर पर इन लोगों के खून की जांच कराई जाएगी और पाजिटिव पाए जाने पर उनका इलाज कराया जाएगा।

अपर निदेशक मलेरिया व वेक्टर बार्न डिसीज डॉ. सईद अहमद ने गुरुवार को सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि मासिक जांच के लिए स्वास्थ्य इकाई आने वाली समस्त गर्भवती महिलाओं की भी मलेरिया जांच अनिवार्य रूप से कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक देश-प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने साथ ही बीमारी की रोकथाम व रोग के संबंध में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि शुरुआती लक्षणों, सावधानियों और उपचार विकल्प के बारे में लोगों को शिक्षित किया जा सके। इसके लिए मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के संबंध में जागरूकता रैली, बैठकें, गोष्ठी, चौपाल, पम्पलेट वितरण, सोशल मीडिया, रेडियो, कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक आदि का प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं।

**हर रविवार मच्छर पर वार**

डॉ. सईद अहमद ने बताया कि जनसमुदाय में हर रविवार मच्छर पर वार, लार्वा पर प्रहार, मलेरिया का संहार एवं बुखार में देरी पड़ेगी भारी जैसे संदेशों को एसएमएस व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा।

# सरकारी अधिवक्ताओं के इलाज के लिए क्या सरकार के पास है कोई फंड

विधि संवाददाता, लखनऊ

**हाईकोर्ट ने मांगा जवाब**

- कहा, दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल स्थायी अधिवक्ता नीरज चौरसिया की सरकार करे हर संभव मदद

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या उसके पास हाईकोर्ट के राज्य विधि अधिकारियों के लिए ऐसी कोई योजना है जिसके तहत दुर्घटना आदि की स्थिति में उनकी आर्थिक मदद की जा सके। न्यायालय ने यह जानकारी भी मांगी है कि हाईकोर्ट सहित प्रदेश के तमाम सरकारी वकीलों के लिए क्या कोई बीमा योजना भी है।

साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार से उम्मीद जताई है कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल स्टैंडिग काउसिंल (स्थायी अधिवक्ता) नीरज चौरसिया के इलाज का खर्च डिस्ट्रेस फंड या अन्य किसी स्त्रोत से पूरा किया जाए ताकि उनकी जान बचायी जा सके। न्यायालय ने सरकारी वकील से कहा है कि वह आदेश से तत्काल सरकार को अवगत कराएं ताकि उचित कार्यवाही की जा सके। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार के लिए तय की है।



यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अधिवक्ता एचपी गुप्ता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया है कि हाईकोर्ट में स्टैंडिग काउंसिल नीरज चैरसिया का 28 मई को उनके घर के पास एक्सीडेंट हो गया है जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज गोमती नगर के मैक्स अस्पताल में चल रहा है। इलाज में प्रति दिन 50 हजार रुपये का खर्च आ रहा है जिसे उनका परिवार वहन करने में सक्षम नहीं है। कहा गया कि अवध बार एसोसिएशन ने एक लाख रुपये की मदद की है लेकिन वह नाकाफी है।

# मेरठ व बांदा मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगी 44 पीजी सीटें, बजट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में एमबीबीएस की सीटों के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सक बनाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की सीटें भी मेडिकल कॉलेज में बढ़ाई जा रही हैं। आगामी सत्र में मेरठ मेडिकल कॉलेज में 31 और बांदा में 13 पीजी सीटें बढ़ाई जाएंगी, इसके लिए जरूरी मानकों की पूर्ति करने के लिए अनुमान्य बजट जारी कर दिया गया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 31 सीटें बढ़ेंगी। मेडिकल कॉलेज में परीक्षक शिक्षकों के लिए गेस्ट हाउस के लिए स्वीकृत 6 करोड़ 55 लाख के बजट में द्वितीय व अंतिम चरण में 3 करोड़ 27 लाख का बजट जारी कर दिया गया है। इसी तरह, बांदा मेडिकल कॉलेज में भी पीजी की 13 सीटें बढ़ेंगी। इसके लिए परिसर में स्किल लैब तैयार होने के साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों की खरीद के लिए स्वीकृत 2 करोड़ 62 लाख और फर्नीचर मद में करीब 28 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लगभग 2 करोड़ 90 लाख के कुल बजट में 2 करोड़ 24 लाख का केन्द्रांश बजट चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक के खाते में भेज दिया गया है।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जमीन देने के संबंध में क्या निर्णय लिया

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शहर के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या पर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, पूछा है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पांच हेक्टेयर की जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में जिलाधिकारी, लखनऊ ने क्या निर्णय लिया है। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने उत्कर्ष सेवा संस्थान की ओर से दाखिल वर्ष 2016 की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। दरअसल मामले पर पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि अब वक्त आ गया है कि नगर निगम जाग जाए। साथ ही जवाब भी तलब किया था। अपने जवाब में यूपी जल निगम ने हलफ़नामा देते हुए बताया कि 23 जुलाई 2019 को ही प्रोजेक्ट मैनेजर, पेय जल- 2 ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पांच हेक्टेयर जमीन की मांग की थी। इस पर न्यायालय ने सरकार के अधिवक्ता को निर्देश प्राप्त कर उक्त पत्र पर लिए गए निर्णय की जानकारी देने को कहा है। याची के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने बताया कि सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि शहर के सराय हसनगंज, बरौरी, अकबर नगर, हरदासी खेड़ा, डूडा कॉलोनी, चिनहट व मटियारी इलाकों में पीने का पानी नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है।

# अभ्युदय योजना के तहत कराई जाएगी क्लैट की तैयारी

**1** जुलाई से क्लैट की तैयारी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पांच जिलों से होगी शुरू

क्लैट के प्रतिभागियों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराएगा समाज कल्याण विभाग

योजना के तहत कई युवाओं को हुआ है लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** महंगे कोचिंग सेंटरों की फीस का खर्च वहन न कर पाने वाले मेधावियों के सपनों पर अब पानी नहीं फिरेगा। प्रदेश सरकार उनकी राह आसान करेगी। उन्हें क्लैट परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत क्लैट की यह तैयारी कराई जाएगी। इससे जरूरतमंद छात्र-छात्राएं कोचिंग में दाखिला लेकर भविष्य में न्यायाधीश बनने की अपनी हसरत पूरी कर सकेंगे। कोचिंग 1 जुलाई से शुरू होगी।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का कई युवाओं ने लाभ उठाया है। आईएएस, पीसीएस बनने का सपना साकार किया है। अभी योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), उप-सेवा चयन आयोग (एसएसएससी), अन्य भर्ती बोर्ड परीक्षाएं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कराई जा रही है।

1 जुलाई से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ, गाजियाबाद और हापुड़ में क्लैट की तैयारी कराई जाएगी। उक्त पांच जिलों में छात्रों की संख्या अच्छी रहने पर अन्य जिलों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जुलाई से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को क्लैट की तैयारी शुरू कराई जाएगी।

### परीक्षा और सफल अभ्यर्थी

- जेईई 2024 में 35
- यूपीपीसीएस 2023 में 30
- यूपीएससी 2023 में 23

### लेक्चर के लिए रखे जाएंगे विधि विशेषज्ञ

- क्लैट की तैयारी कराने के लिए पांच जिलों में विधि विशेषज्ञ बतौर अध्यापक संविदा पर रखे जाएंगे। डेढ़ घंटे का लेक्चर देने पर इनको दो हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से उन्हें भुगतान किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को बेहतर तैयारी कराई जा सके इसके लिए ये विशेषज्ञ उन्हें तैयारियां कराएंगे। इस सिलसिले में लखनऊ के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से वार्ता चल रही है।

# मिट्टी की ढुलाई में नष्ट हो गईं 11 सड़कें


डम्परों द्वारा मिट्टी ढुलाई से नष्ट हुआ हटवा मार्ग। अमृत विचार

### नष्ट हुईं ये सड़कें

जिन सड़कों को एक्सप्रेस-वे और एनएचएआई के लिए मिट्टी ढुलाई में नष्ट किया गया है उसमें कई महत्वपूर्ण सड़कें शामिल है। सवैया तिराहा से भैसासुर सवैया मार्ग पूरी तरह खत्म हो गया है। तहसील से जुड़े खोजनपुर मार्ग को काफी क्षति हुई है। गुलरिहा चौराहा से नजनपुर गांव के रेलवे क्रासिंग तक एक माह पूर्व बनी सड़क पूरी नष्ट हो गई है। मनीपुर भटेहरी मार्ग भी पूरी तरह नष्ट हो गई है। हटवा गांव की पक्की सड़क नष्ट होकर गड्ढों और कीचड़ में तब्दील है। लक्ष्मीगंज से बीकरगढ़ मार्ग भी क्षतिग्रस्त हुआ है। असलाहपुर मार्ग भी खत्म हो गया है। लोक निर्माण विभाग ने नष्ट हुए इन मार्गों की सूची बनाई है, और उसकी रिपोर्ट शासन को भेजी है। मजेदार बात यह है कि इन सड़कों को नष्ट करने से पहले न तो पीडब्ल्यूडी को सूचना दी गई है, न उनसे अनुमति ली गई है।

**संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली**

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे के लिए हो रहे रात दिन मिट्टी खनन से न सिर्फ गांवों की सूरत बदहाल हुई है अपितु क्षेत्र की सड़कें भी नष्ट हो गई है। लोक निर्माण विभाग ने क्षेत्र में ऐसी 11 सड़कों को चिन्हित किया है, जिसे एक्सप्रेस वे में मिट्टी की ढुलाई कर रहे डंफरों ने पूरी तरह से नष्ट कर दिया है।

गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण और एनएचएआई के चौड़ीकरण में इस समय सारे नियम कानून को ताक पर रखकर बिना अनुमति लिए सैंकड़ों स्थानों अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया गया है। रात दिन हो रहे खनन में सैकड़ों की संख्या में डंफर रात दिन मिट्टी की ढुलाई कर रहे है, जिससे क्षेत्र के गांवों की सड़कें पूरी तरह नष्ट हो गई है। जहां सड़कें थी वहां अब खतरनाक बड़े बड़े गड्ढे बन गए है और उसमे धूल व कीचड़ भरा हुआ है। सड़कों की हालत यह हो गई है कि देखने से पता ही नहीं चलता यहां कभी पक्की सड़क थी।

# हैण्डपम्प खराब होने से मोहल्लेवासियों का प्रदर्शन

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार।** शिवगढ़ नगर पंचायत के भवानीगढ़ वार्ड नम्बर 7 पूरे मालिन में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे नगर पंचायत वासियों का गुस्सा फूट पड़ा। इससे आक्रोशित नगर पंचायत वासियों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। नगर पंचायत के भवानीगढ़ वार्ड के पूरे मालिन में कुल 110 की आबादी है। जिसमें 2 इंडिया मार्का हैंडपम्प लगे हैं। पहला इंडिया मार्का हैंडपम्प रामलखन के दरवाजे व दूसरा बड़े बाबा के स्थान पर लगा है। दोनों हैंडपम्प एक माह से खराब है। जिसके चलते नगरवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। जिसके कारण मोहल्ला वासियों को 200 मीटर दूर शक्तिपीठ

> जानकारी नहीं थी। नगरवासी प्रार्थना पत्र नगर पंचायत कार्यालय भेज दें। तत्काल हैंडपम्प सही करा दिए जाएंगे।
>
> -राजभान शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शिवगढ़

दुर्गा मंदिर के पास लगे देशी नल से पानी लाना पड़ रहा है। जिसको लेकर नगरवासियों में खासा आक्रोश है। गुरुवार को नगरवासियों ने बड़े बाबा के पास खराब पड़े नल को लेकर प्रदर्शन किया। मातादीन, राम प्रकाश, विजय कुमार, मिथिलेश कुमारी, आशा देवी, बिटाना, राजकुमारी, सुखरानी आदि ने कहा कि अगर खराब पड़ा हैण्डपम्प नहीं बनवाया गया तो वह लोग इसकी शिकायत जिलाधिकारी से करेंगे।


देशी नल के पास पानी भरने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार


प्रदर्शन करते नगर पंचायत वासी। अमृत विचार

# डॉक्टर सुस्त, व्यवस्थाएं दुरुस्त, मरीज परेशान

## महिला डॉक्टरों की नाकामियां छिपाते हैं स्टाफकर्मी, अभी आईं नहीं, उधर गई हैं कहकर मरीजों को करते संतुष्ट

**अमरेन्द्र कुमार**

**रायबरेली अमृत विचार।** रोज की तरह गुरुवार को भी सुबह 8 बजे जिला महिला अस्पताल के सभी ओपीडी कक्षों में साफ-सफाई करके सफाई कर्मियों ने फर्श और मेज कुर्सी को चमाचम कर दिया था। सभी ओपीडी 8:30 बजे तक महिला डॉक्टरों से खाली रहीं। परिसर में दूरदराज से आकर बैठे मरीज डॉक्टरों का इंतजार करते देखे गए। महिला अस्पताल की दयनीय स्थिति को देखने से यह नहीं लगा कि यहां पर कभी 8 बजे से ओपीडी शुरू हुई होगी। महिला अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं से महिला सीएमएस पूरी तरह से बेखबर हैं।

गुरुवार को 8 बजे पहुंची अमृत विचार की टीम ने महिला अस्पताल की पड़ताल की। इस दौरान सीएमएस कक्ष समेत चार ओपीडी के दरवाजे खुले रहे। अमृत विचार ने जब अपने कैमरे में ओपीडी की तस्वीर कैद की तो मौजूद स्टॉफ ने लापरवाह महिला डॉक्टरों की नाकामियों को छिपाने के लिए कहने लगा कि मैडम उधर गई हैं। इसमें से कुछ स्टॉफ ने फोन करके इसकी सूचना भी दी। महिला अस्पताल में अपना इलाज कराने जगतपुर से


महिला अस्पताल में खुली पीडियाट्रिक की ओपीडी। अमृत विचार


अस्पताल के ओपीडी कक्ष में खाली पड़ी डॉक्टर की कुर्सी। अमृत विचार


गीता देवी


पूजा


संगीता


कृष्णा देवी

आई गीता देवी ने बताया कि वह सुबह 7:30 बजे आई हैं। इंतजार करते-करते 8:30 बजे गए हैं लेकिन अभी तक महिला डॉक्टर नहीं आई। नेरुथुवा की पूजा व कृष्णा देवी ने बताया कि वह दो दिन से अपना इलाज कराने के लिए महिला अस्पताल आ रही हैं। अस्पताल में भीड़ ज्यादा होने या समय से डॉक्टरों के न मिलने से उन्हें वापस लौटना पड़ा था इसलिए वह सुबह 8 बजे आ गई थी, लेकिन अभी डॉक्टर नहीं आईं। इसके अलावां मलिकमऊ के पास स्थित सुबेदार का पुरवा निवासी संगीता भी अपने पति के साथ अपना इलाज कराने महिला अस्पताल आई थी। गुरुवार को महिला अस्पताल में डा रेखा व डॉ. फातिमा की ओपीडी थी। आलम यह था कि जब महिला अस्पताल में मौजूद स्टाफ नर्सों से ओपीडी में बैठने वाले महिला डॉक्टरों के बारे में बातचीत की गई तो उन्हें डा का नाम तक पता नहीं था। अब आप आसानी से अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां आने वाले मरीजों को किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा। महिला अस्पताल में इन दिनों डॉक्टरों की बड़ी मनमानी चल रही है। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी महिला सीएमएस डा निर्मला साहू बिलकुल अपनी जिम्मेदारियों को लेकर बेखबर हैं।

### कैमरा देख औपचारिकता पूरी करने लगा अल्ट्रासाउंड का द्वारपालक


खुला पड़ा अल्टासाउंड कक्ष।


अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर बैठे मरीज।

**अमृत विचार।** महिला अस्पताल में ओपीडी के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड व पैथालॉजी में भी टेक्नीशियन 8:30 बजे तक नहीं आए थे। दोनों कक्षों के ताले खुले रहे। अमृत विचार की टीम को कैमरे में तस्वीर कैद करता देख अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर बैठा द्वारपालक फर्जी ही मरीजों का नाम लेकर उन्हें अल्ट्रासाउंड कक्ष में भेजने की औपचारिकता पूरी करने लगा। लोधवारी के रेती निवासी ध्रुवपती व ममता ने बताया कि उन्हें दो दिन पहले बताया गया था कि 50 लोगों के बाद और अल्ट्रासाउंड नहीं किए जाएंगे। इसलिए आज सुबह 7 बजे ही वह लोग अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आ गई थीं। इसके अलावां यहां पर अन्य महिलाएं भी जांच और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बैठी हुई थीं। महिला अस्पताल में व्याप्त इस तरह की अव्यवस्थाओं से महिला सीएमएस का शायद कोई सरोकार नहीं है तभी यहां पर प्रत्येक विभाग के कर्मचारी मनमाने तरीके से आते और जाते हैं।

> मरीजों के बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में पर्याप्त स्वास्थ्य व्यवस्थाएं कराई गई हैं। 8 बजे सभी डॉक्टर दूसरी बिल्डिंग में हस्ताक्षर करने जाते हैं। तो उसी वार्ड में राउंड भी करते हैं। ताकि उतनी दूर से दोबारा न जाने पड़े। प्रत्येक दिन 75 मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है। अगर कोई खामी है तो उसे भी दूर कराने का प्रयास जारी है।
>
> -डॉ. निर्मला साहू, सीएमएस, महिला चिकित्सालय

## अपहरण व हत्या के आरोप में दंपत्ति को ले गई पंजाब पुलिस

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर निवासी शेर बहादुर रैदास और उनकी पत्नी रोशनी को पंजाब पुलिस पकड़ कर ले गई है। शेर बहादुर और उनकी पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने अलीपुर चकराई थाना गदागंज निवासी ठेकेदार संजय मौर्य पुत्र रामचरन को गायब कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजय मौर्य लुधियाना में सिलाई के कार्य का ठेकेदार है। संजय मौर्य ने ही शेर बहादुर और उसकी पत्नी को लुधियाना में काम दिलाया था। बीच में शायद ठेकेदार संजय मौर्य और शेर बहादुर की पत्नी रोशनी के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बीती 27 मई को, फिर से दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, तभी से ठेकेदार संजय मौर्य गायब बताया जाता है। संजय मौर्य का गायब होना और शेर बहादुर का अपनी पत्नी के साथ वापस अपने घर नरसिंहपुर लौटने से संजय मौर्य के घर वालों ने दोनों को रघुराज सिंह रेलवे स्टेशन पर बुधवार को उतरते समय घेर लिया और पूछताछ करने लगे। बाद में 112 पुलिस को बुला करके उनके हवाले कर दिया। डायल 112 पुलिस ने दोनों पति-पत्नी शेर बहादुर और रोशनी को लालगंज पुलिस के हवाले किया। कार्यवाही न होते देख संजय मौर्य के परिजनों ने एसपी से शिकायत किया। एसपी के द्वारा संज्ञान लेने पर कार्यवाही शुरू हुई और आज गुरुवार को पंजाब पुलिस लालगंज पहुंची, जहां से लिखा पढ़ी कर शेर बहादुर और रोशनी को पंजाब पुलिस अपने साथ लुधियाना ले गई है। लुधियाना में दोनों के खिलाफ संजय मौर्य के अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ है।

# डीएम से नहर में पानी छोड़वाए जाने की मांग

- नहर व तालाब में उड़ रही धूल, पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे पशु-पक्षी
- जिला पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र

**संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली**

**अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में नहरें सूखी पड़ी हुई हैं। नहरों में पानी न आने से सूखे पड़े तालाब से धूल उड़ रही है। नहर व तालाबों में पानी न होने से पशु-पक्षी बिन पानी के इधर उधर भटक रहे हैं।

जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से नहरों में पानी छोड़वाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 39 ग्राम पंचायत में जो आदर्श तालाब बनाए गए हैं, वह शोपीस बने हुए हैं। साथ ही अन्य गांव व क्षेत्र के सारे तालाब सूखे पड़े हैं। इन तालाबों में पानी न होने से जानवरों के सामने पेयजल का भीषण संकट है। नहरों में पानी न आने से किसान परेशान हैं। उन्होंने बताया कि नहर में पानी न छोड़े जाने से धान की बेरन तैयार करने में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब खेती के लिए पानी की आवश्यक्ता होती है तब नहर में पानी नहीं रहता है। वर्तमान समय में पानी की जरूरत है, तो नहर में पानी ही नहीं है। नहर में पानी तब छोड़ा जाता है जब किसानों को खेती के लिए पानी की जरूरत नहीं रहती है। इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा बेजुबानों पशु-पक्षियों का बुराहाल है।

## सार-संक्षेप

### अस्पताल में भर्ती घायल की इलाज के दौरान मौत


फाइल फोटो मृतक

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों ढाबे से खाना खाकर घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया था। जिसे घायलावस्था में सीएचसी ले जाया गया था, जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। जिसकी दस दिन बाद गुरूवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। 20 मई को मोन गांव निवासी महेश (50) रात को महराजगंज स्थित ढाबे से खाना खाकर अपने घर जा रहा था, तभी चंदापुर चौराहा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था, जहां बुधवार उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि युवक की मौत की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रास्ते में रोककर अधेड़ को पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** साइकिल से डेयरी पर दूध देने जा रहे अधेड़ को दबंगों ने रास्ते में रोककर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। पूरे महिपत मजरे सरायं हरदो गांव निवासी रामप्रसाद का कहना है कि बुधवार की सुबह साइकिल से वह डेयरी दूध देने जा रहा था, तभी सरायं हरदो गांव के पास दो लोगों ने साइकिल में धक्का देकर उसे गिरा दिया और उसके बाद जमकर उसकी पिटाई कर दी। गुरुवार को पीड़ित की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज किया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि रामप्रसाद की तहरीर पर शिवम कुमार निवासी पूरे महिपत व दिनेश कुमार निवासी नाथीपुर के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

### गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** पूरे रामबख्श मजरे कोटिया चित्रा मोड़ के पास से पुलिस ने एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गुरुवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से तलाशी के दौरान 11 सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसे पकड़कर कोतवाली लाया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दीपक कुमार निवासी सबदलबाग लालकुआं थाना कैसरबाग जिला लखनऊ को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

### अधेड़ ने खाया विषाक्त, हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** पारिवारिक कलह के कारण एक अधेड़ ने घर में रखा विषाक्त खा लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। उसको गंभीर दशा में सीएचसी में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव चड़रई निवासी मथुरा प्रसाद (48) पुत्र अमृत लाल परिवार में किसी बात से नाराज होकर घर में रखा कीटनाशक खा लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। मामले की जानकारी जब परिजनों को हुई तो वह उसको लेकर तत्काल सीएचसी पहुंचे, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि एक अधेड़ को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया है। उसका इलाज किया जा रहा है।

### बहू ने दी आत्महत्या की धमकी, सास ने लगाई गुहार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** घरेलू विवाद में सास के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने के साथ बहू आत्महत्या करके जेल भेजवाने की धमकी दे रही है। बहू की हरकत से परेशान सास ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव गंगा राम का पुरवा मजरे कंदरावा निवासिनी शिवपति का कहना है कि उनकी बहू घर जमीन बंटवारे के लिए उसके साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट करती है। यही नहीं उसका बेटा भी इसके साथ गाली गलौज करता है। महिला का कहना है कि उसकी बहू अक्सर धमकी देती है कि वह आत्महत्या करके उसको फंसा देगी और जेल भेजवा देगी, जिससे वह बहुत भयभीत है। बहू की इस हरकत से परेशान महिला ने गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद में महिला ने तहरीर दी है। उभयपक्षों को बुलाकर मामले का समाधान किया जाएगा।

### पराली में लगी आग से जले लोगों के घरेलू विद्युत केबल

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बाल्हेमऊ निवासी रोहिताश्व सिंह पुत्र कौशल किशोर सिंह एवं सौरभ सिंह पुत्र रोहिताश्व सिंह ने अपने खेत में खड़ी गेहूं की पराली जलाई जिसके कारण ऊपर से गए कई लोगों के विद्युत कनेक्शन के केबल जलकर नष्ट हो गए। मामले में जब लोगों ने पराली जलाने वालों से शिकायत किया तो उल्टा उन्होंने लोगों से अभद्रता की। जिसके कारण मृदुलेस त्रिपाठी, संजीव कुमार शुक्ला, पुष्पा देवी, रमेश मिश्रा, अनुपम अवस्थी आदि ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए पराली जलाने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मृदुलेश त्रिपाठी ने बताया कि जहां उन लोगों के केबल जलने से नुकसान हुआ है। वहीं दिनभर बिजली की समस्या भी बनी रही। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग बुझाया।

### दुर्घटना में मवेशी के मरने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के रायबरेली-लालगंज राजमार्ग पर प्रभुपुर मोड के समीप बुधवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर के एक छुट्टा मवेशी की मौत हो गई। सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने डॉयल 112 को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस टालमटोल बताकर मौके से निकल गई। पुलिस की कार्यशैली से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज चमन सिंह ने स्थिति को सम्भाला और जेसीबी के माध्यम से राजमार्ग पर पड़े मवेशी के शव को हटवाया तब कहीं जाकर आवागमन बहाल हो सका।

# करेंट लगने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री की गयी जान

**संवाददाता, राही, रायबरेली**

**अमृत विचार।** घर में पंखा ठीक करते समय करेंट की चपेट में आने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बेलागुशीशी निवासी संतोष कुमारी श्रीवास्तव पत्नी स्व बाजीराव श्रीवास्तव गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकत्री के पद पर तैनात थी।

गुरुवार को केंद्र से घर वापस लौट कर पंखे को ठीक करने लगी तभी वह करेंट की चपेट में आ गई जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन गंभीर हालत में उसे बेलाभेला सीएचसी लाए, जहां चिकित्सक ने संतोष कुमारी श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं है। पता करा रहे हैं। मृतका के पति बाजीराव की मौत उन्तीस साल पहले एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मृतका संतोष कुमारी के चार पुत्रियां नीलम, शशी, पूनम और मोनम हैं।

## शॉर्ट-सर्किट से बाइक में लगी आग अन्य सामान भी जलकर हुआ नष्ट

**संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली**

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के हरदी टीकर में शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। इससे घर में खड़ी बाइक आग की चपेट में आकर नष्ट हो गई। यही नहीं घर में रखा अन्य घरेलू सामान भी जलकर नष्ट हो गया। बृहस्पतिवार को हरदी टीकर में राजेंद्र बहादुर सिंह के यहां शार्ट-सर्किट से अचानक आग लग गई, जिसमें चारपाई दरवाजा जलने लगे तथा घर में खड़ी बाइक में अचानक आग पकड़ लिया और धू-धू कर जलने लगी। जब तक स्थानीय लोग आग बुझाने का प्रयास करते तब तक घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि लगभग आग लगने से डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ। जब इस बाबत थानेदार बबिता पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताएं संदर्भ में मुझे कोई जानकारी है।

# बेखौफ वन माफिया हरे पेड़ों पर चला रहे आरा

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार।** पेड़ों की कमी से जहां एक ओर लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है, गर्म हवाएं झुलसा रही हैं। तापमान बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच चुका है। बढ़ी रिकॉर्ड तोड़ती गर्मी के चलते कूलर, ऐसी, पंखा सब फेल होते नजर आ रहे हैं।

ऐसे में पेड़ों की कमी महसूस कर रहे लोग सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार लोगों से अधिक-अधिक पेड़ लगाने की अपील कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शिवगढ़ थाना क्षेत्र में वन माफिया बेखौफ होकर हरियाली पर आरा चला रहे हैं। खेतों को खाली देखकर वन माफिया बांगो को वीरान करने में जुटे हुए हैं। वन माफियाओं की वन विभाग और पुलिस से साठ-गांठ के चलते जिम्मेदार मूक दर्शक बने बैठे हैं। गुरुवार को थाना क्षेत्र के कुर्मी पलिया में शिवगढ़ रजबहा की पक्की पटरी से कुछ दूरी पर स्थित आधा दर्जन से अधिक फल-फूल रहे हरे भरे प्रतिबन्धित जामुन, फरेंदा के पेड़ों पर वन माफिया ने आरा चलवाकर धारासायी कर दिया। क्षेत्र के लोगों की माने तो यह तो सिर्फ एक बानिगी है।

शिवगढ़ थाना क्षेत्र की कोई ऐसी न्याय पंचायत अधूरी नहीं बची होगी जहां पिछले एक माह में पेड़ों के कटान न हुई हो। लोगों ने बताया कि आलम यह है कि यदि कोई जागरुक व्यक्ति संबंधित अधिकारियों से शिकायत करता है तो वन माफियाओं के सामने उसका नाम उजागर कर दिया जाता है। जिसके चलते ग्रामीण संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने से डरते हैं। वहीं नाम न छापने की शर्त पर एक वन माफिया ने बताया कि उसे हर ट्राली पीछे कमीशन देना पड़ता है। ऐसे में कैसे पर्यावरण संरक्षण होगा।


शिवगढ़ में काटा गया हरा पेड़। अमृत विचार

> मैं मौके पर नहीं गया था। सिपाही रामचन्दर को भेजकर ठेकेदार को बुलाया है।
>
> -संजय यादव, वन दरोगा, शिवगढ़

## दो आरोपियों को भेजा जेल

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीख गांव में दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित दो आरोपियों को जगतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना क्षेत्र के भीख गांव में अनामिका पुत्री देशराज के ससुराली जनों ने दहेज के खातिर उकसाकर मार डाला। पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर 6 लोगों को नामजद किया था। वहीं, पुलिस ने जिसमें अशोक व सुधीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# मान बहादुर अध्यक्ष व हरिओम महामंत्री बने

**रायबरेली, अमृत विचार।** चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर संगठन सीडब्ल्यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश झावर, ऑल इंडिया चेयरमैन कमेटी के सदस्य कृष्ण मुरारी सिंह, नॉर्थ सेंट्रल जोन के महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा व रणजीत यादव की मौजूदगी में फैजाबाद मंडल के सीडब्लूए यूनियन के चुनाव में सीडब्लयूए मंडल अध्यक्ष मान बहादुर सिंह, सीडब्लयूए मंडल महामंत्री हरिओम सिंह एवं सीडब्लयूए कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार को चुना गया। इस दौरान आनंद वर्मा सहित फैजाबाद मंडल की पूरी कार्यकारिणी व सभी शाखाओ से सैकड़ों मुख्य जीवन बीमा सलाहकार उपस्थित रहे।


चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत करते संगठन के अधिकारी। अमृत विचार

**उपलब्धि** — अमेठी, प्रतापगढ़, प्रयागराज और कौशांबी जिलों में रोजाना भेजा जा रहा तरबूज

# बिहार व झारखंड तक पहुंचती है परशदेपुर के तरबूज की मिठास


परशदेपुर क्षेत्र में लगाई गई तरबूज की फसल। अमृत विचार

**नीरज श्रीवास्तव**

**परशदेपुर, अमृत विचार।** मई महीने में ही भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के कारण सीजनल फल तरबूज की मांग काफी बढ़ गई है। बाजार में काफी संख्या में लोगों को तरबूज खरीदते देखा जा सकता है। वहीं क्षेत्र के तरबूज की मांग आस-पास के जिलों समेत कई प्रदेशों में भी बढ़ने लगी है। यहां के तरबूज की मिठास बिहार और झारखंड तक पहुंच रही है। परशदेपुर सहित पास के बरुवा, फागूपुर आदि गांवों में तरबूज की काफी ज्यादा खेती होती है। बताते हैं बलुहर मिट्टी में तरबूज की उपज अच्छी होती है, इसलिए आलू के किसान गर्मी में तरबूज की खेती करते हैं। यहां का तरबूज अमेठी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशाम्बी सहित कई जिलों में भेजा जा रहा है। तरबूज की खेती करने वाले आरिफ मेहंदी ने बताया कि वो कई वर्षों से तरबूज की खेती कर रहें हैं। इस समय 500 से 600 रुपए कुंतल तरबूज बिक रहा है। तरबूज़ की तौल कुंतल में 100 की जगह 105 किलो की होती है। नूरानी बताते हैं कि तरबूज़ की फसल तीन महीने की होती है। कम समय में अच्छी पैदावार होती है। मेहनत भी कम लगती है। व्यापारी नियाज़ राइन का कहना है कि यहां का तरबूज अमेठी, प्रतापगढ़, प्रयागराज व कौशाम्बी की तरफ ज्यादा भेजा जाता है। डिमांड आने पर बिहार, झारखंड व महाराष्ट तक तरबूज भेजा जाता जाता है।

### नकली तरबूज की कैसे करें पहचान

- कॉटन के सूखे कपड़े को तरबूज पर रगड़ें, फिर देखें कि कॉटन का रंग तो नहीं बदल रहा। यदि कॉटन लाल रंग का हो जाए तो समझे तरबूज में केमिकल मिला है।
- तरबूज का एक टुकड़ा काटकर पानी में डाले। अगर पानी का रंग लाल हो जाए तो तरबूज केमिकल से पका है।
- जमीन पर उगाए जाने वाले तरबूज में अक्सर दाग और पीले निशान होते हैं, जो उनके प्राकृतिक रूप से पकने की निशानी होती है। बाजार से खरबूजे खरीदते समय हल्के दाग वाले खरबूजे का चयन करें, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से पका हुआ हो सकता है।

### 250 बीघा में होती है तरबूज की खेती

परशदेपुर से थोड़ी दूर बरुवा गांव में तरबूज की करीब 250 बीघा में खेती होती है। गांव के सुरेश यादव ने 5 बीघा तरबूज लगाया है। उन्होंने बताया कि एक बीघा में करीब 15 हजार रुपए की लागत आती है। तीन-चार पानी से ही काम चल जाता है। बेचने पर नगद पैसा मिल जाता है। लेकिन इस बार तरबूज का रेट कम होने से ज्यादा फायदा नहीं मिल पा रहा है।

> तरबूज खरीदने के बाद इसे कुछ देर के लिए पानी में डुबोकर रख दें। 20-30 मिनट बाद इसे खाएं। तरबूज को काटने के बाद बहुत दिनों तक स्टोर करके न रखें। फलों को ताजा खाने से सबसे ज्यादा फायदे मिलते हैं। तरबूज में 96 प्रतिशत तक पानी मौजूद होता है, तो इसे खाने के बाद पानी, जूस या अन्य दूसरे पेय पदार्थ पीने से बचने की कोशिश करें।
>
> -डॉ. राजेश गुप्ता, प्रभारी चिकित्साधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परशदेपुर

# सुबह बूंदाबांदी, दोपहर को उमस भरी गर्मी

## तापमान में गिरावट के बाद भी गर्मी और लू से नहीं मिल रही राहत, बिजली कटौती से भी आमजनमानस बेहाल

संवाददाता, रायबरेली


तेज धूप के दौरान मुंह पर दुपट्टा बांधकर बाहर निकलतीं युवतियां।


भीषण गर्मी के चलते स्टेशन पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लगातार जारी गर्मी के कहर के बाद गुरुवार को जिले के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की कमी जरूर आई लेकिन लोगों को भीषण गर्मी और गर्म हवा से राहत नहीं मिल सकी। जबकि दोपहर के बाद उमस भरी गर्मी से लोग काफी परेशान रहे।

वहीं, शहर से लेकर ग्रामीणांचल में हो रही बिजली कटौती से आमजन बेहाल हो चुका है। जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। गर्मी के साथ ही गर्म हवा और लू के थपेड़ो से लोग निढाल हो चुके है। गुरुवार सुबह आसमान में बादल रहे जिससे लोगो को राहत मिल सकी लेकिन यह बादल ज्यादा देर तक नही टिक सके और दोपहर शुरू होते ही फिर तेज धूप हो गई। इस दौरान कही-कही पर बूंदाबादी हुई जिसके बाद उमस और बढ़ गई। सूरज निकलने के साथ ही दिन में अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस कम हो गया। जिससे अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। दो डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने के बाद भी गर्मी के साथ पसीने की चिपचिपाहट से लोग परेशान रहे। इस भीषण गर्मी में पंखे व कूलर से भी लोगों को कोई खास राहत नहीं मिल पा रही है। सूरज की तपिश लोगों को बेहाल बना रही है। गर्मी के कारण मकानों की दीवारें तपने से उमस बनी रही। लोग गर्मी से बचने के लिए सिर व मुंह को कपड़े से ढ़ककर जाते हुए दिखाई दिए।

# जांच में खुली भ्रष्टाचार की पोल बीडीओ ने दिए रिकवरी के आदेश

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

▶▶ **धांधली व फर्जी भुगतान में ग्राम रोजगार सेवक को पाया गया दोषी**

**अमृत विचार।** विकास खण्ड के ताजुद्दीनपुर ग्रामसभा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों में ग्राम रोजगार सेवक द्वारा की गयी घांधली व फर्जी भुगतान को लेकर हुई शिकायत पर काफी समय से चल रही जांच में आखिरकार खण्ड विकास अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट जिले के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए रिकवरी के लिए लिखा है।

ग्रामसभा ताजुद्दीनपुर के ग्रामीणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस, जिलाधिकारी, अपर आयुक्त मनरेगा को शिकायती पत्र देते हुए ग्राम सभा में मनरेगा योजना के तहत ग्रामीणों के श्रमदान से कराये गये कार्यों का भुगतान रोजगार सेवक देवनाथ द्वारा फर्जीढंग से करा लेने का आरोप लगाया था।

ग्रामीणों का कहना था कि जन कार्यों को श्रमिकों व ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से बनाया गया उनका भी भर्जी तरीके से भुगतान करा धन का बन्दरबांट किया गया है। जिसको लेकर कई महीनों से शिकायतकर्ता कार्यवाही का इन्तजार कर रहा है। जांच के दौरान खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दो बार रोजगार सेवक को पत्र जारी कर समस्त अभिलेख उपलब्ध कराने का अवसर देते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी। मामले में खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि जांच के दौरान रोजगार सेवक देवनाथ को अभिलेख प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। अभिलेख प्रस्तुत होने के बाद 28 मई मंगलवार को जांच आख्या डीसी मनरेगा को भेज ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान व तकनीकी सहायक के विरूद्ध रिकवरी के लिए लिखा गया है, उच्चाधिकारियों के अगले निर्देश मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# काम करते समय गिरा राज मिस्त्री, हो गयी मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


जागेश्वर।

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत कासिम नगर मोहल्ले में काम करते समय राज मिस्त्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर नीचे गिर गया। साथी मजदूर उसे अस्पताल छोड़ गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। शहर के मोहल्ला प्रयाग नारायण खेड़ा निवासी जागेश्वर (69) पुत्र सालिक राम खेती के साथ राज मिस्त्री भी था। बुधवार सुबह वह कासिम नगर मोहल्ला में शीतला देवी मंदिर के पीछे काम करने गया था। बताते हैं कि वहां उसकी अचानक हालत बिगड़ गई और वह चाहली से काम करते समय नीचे गिर गया। यह देख अन्य मजदूर दौड़े और उसे जिला अस्पताल लाए। इसके बाद वे उसे इमरजेंसी में छोड़ गए। इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

## जिला अस्पताल के रैन बसेरे में मिला अज्ञात शव

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल के रैन बसेरा में गुरुवार को जिला अस्पताल में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची अस्पताल चौकी की पुलिस ने शव को क़ब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रशांत तिवारी ने बताया कि एक युवक को पुलिस द्वारा एमरजेंसी में लाया गया था। जिसकी मौत हो चुकी थी। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि शव को पहचान के लिए मर्चरी में रखवा दिया गया है। पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# नहरें सूखी, अमृत सरोवर से उड़ रही धूल

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली


सूखी पड़ी नहर।

**अमृत विचार।** उन्नाव शारदा सहायक खंड से निकलने वाले लालगंज रजबहा और उसकी सहायक करीब एक दर्जन नहरिया पूरी तरह से सूखी पड़ी है। जबकि नहर विभाग के अवर अभियंता सौरभ नहरों में पानी आने का दावा कर रहे हैं। इसके अलावा लाखों रुपए की लागत से बनाए गए अमृत सरोवर भी सूखे पड़े हैं। गांव के किसी भी तालाब में पानी नहीं है। नहरो और तालाबों में पानी न होने से एक तरफ जहां किसानों को खेती के लिए बिल्कुल पानी नहीं मिल पा रहा है, वही पशु पक्षी भी बिन पानी के बेहाल हैं। सबसे खराब स्थिति लालगंज की नहरों की है, जहां पर वर्ष में 10-15 दिन ही पानी आता है। वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण नहरों में पानी की जरूरत होती है। इसके बावजूद नहर विभाग के अधिकारी घर बैठे नहरो में पानी बहने की बात कह रहे हैं जबकि नहरे पूरी तरह से सूखी पड़ी है। लालगंज स्थित नहर विभाग कोठी के ऑफिस के सामने लालगंज रजबहा पूरी तरह से सूखा पड़ा है। फिर भी नहर विभाग के अधिकारी नहरो में पानी होने की बात कह रहे हैं। इसके साथ ही रिशालपुर लोटनहा, बहाई, पूरे भीखी, उदवामऊ, कुम्हरौड़ा, सातनपुर आदि सभी नहरिया भी सूखी पड़ी है और उनमे धूल उड़ रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, विकेश द्विवेदी, देवेश शुक्ला, राम प्रकाश साहू, रामप्रकाश यादव आदि ने नहरों में जल्द से जल्द पानी छोड़े जाने की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता सौरभ ने बताया कि नहरों में पानी छोड़ा गया है। अगर किसी नहर में पानी न आने की शिकायत आती है तो उसमें तत्काल पानी छोड़वाया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### शनि मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन


भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित करते आयोजक।

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** लखनापुर स्थित शनि मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया। गुरुवार को शनिदेव का स्थापना दिवस मनाया गया। विगत कई वर्षों पहले सप्तमी तिथि को ही शनिदेव की स्थापना हुई थी। सुबह 10 बजे से भण्डारे की शुरुआत हुई। लोगों को प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी व बूंदी बांटी गई। भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस आयोजन में मुख्य योगदान मन्दिर की व्यवस्थापिका सुमित्रा देवी का रहा। इस मौके पर करुणा शंकर बाजपेयी, नीरज श्रीवास्तव, शशि शंकर बाजपेयी, राजेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णा साहू, कान्ती साहू, गीता साहू, अखिलेश, अरविन्द मिश्रा, अनूप पाण्डेय, अर्जुन साहू, देवनारायण साहू, सर्वेश, अजय तिवारी, पियारे साहू, राजवती, शिवपती आदि शामिल रहे।

### सदगुरु कबीर जन्मोत्सव पर बैठक आयोजित


बुद्ध विहार पंचशील नगर बालापुर में आयोजित बैठक में शामिल लोग।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** डॉ भीमराव अंबेडकर बुद्ध विहार पंचशील नगर बालापुर में सदगुरु कबीर जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदगुरु कबीर साहब के जन्मदिन को धूमधाम से मनाने पर चर्चा की गई। सदगुरु कबीर जन्मोत्सव समिति के संयोजक राम अहोरे कोरी ने बताया कि सदगुरु कबीर साहब का जन्मदिन 22 जून को डीह विकासखंड के टेकारी सहन में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर डॉ कमल सील, राजेश कुरील, रोहित चौधरी, अनिल कांत, राम सजीवन धीमान, राम प्रसाद बौद्ध, सुरेश कुमार कोरी, राकेश कुमार, श्यामलाल, मनीष कुमार, सुनीता भारती, विजय कुमार धीमान, रामसमुझ लाल धीमान, जगमोहन, छोटे लाल, मोहनलाल, शिवकुमार मौर्य आदि लोग बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता वीरांगना झलकारी बाई कल्याण विकास परिषद के महासचिव गुप्तार वर्मा ने किया।

### चोरी का वीडियो वायरल, पुलिस बोली- प्रमाण दो

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** पुलिस का खेल बड़ा निराला है। सूनसान घर में पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर चोरी कर लिया। घटना का वीडियो भी वायरल हो गया। अब पुलिस कह रही कि घर का प्रमाण दो कि यह घर आपका है। पीड़ित परिवार ने एसपी से मिलकर पूरी दास्तां बताई है। घटना क्षेत्र पट्टी रहस कैथवल गांव का है। गांव के पुतून कुमार परिवार के साथ बाहर गए थे। इस बीच उनके पड़ोसियों ने उसके घर में नकब लगाई फिर अंदर से बाहर का दरवाजा तोड़कर घर का सारा सामान उठा ले गए। इस पूरे घटना का गांव के लोगों ने वीडियो बना लिया, जिसमें दरवाजा तोड़ते हुए कुछ लोग नजर आ रहे है। पीड़ित का कहना है कि उसने मामले की शिकायत कोतवाली में की तो एसएसआई ने कार्रवाई करने के स्थान पर उनसे कहा कि प्रमाण लाओ कि यह घर तुम्हारा है। गुरुवार को पीड़ित अपनी पत्नी के साथ एसपी ऑफिस पहुंचा और उसने अधिकारियों को घटना का वीडियो और शिकायती पत्र सौंपा है। सीओ अरुण कुमार नौहार ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दो कारों में आमने-सामने की भिड़ंत, चार लोग घायल

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग पर नंदाखेड़ा गांव के निकट गुरुवार की दोपहर 3 बजे के आसपास दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक मासूम सहित चार लोग घायल हो गए। एक की हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। विदित हो कि लखनऊ के एलडीए कॉलोनी थाना आशियाना के रहने वाले जीत बहादुर (50) दोस्त से मिलने लालगंज जा रहे थे, तभी लालगंज से बछरावां की ओर आ रही कार से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जीत बहादुर तथा दूसरी कार में सवार सूर्यांश यादव (18), विरोधी यादव (65), मासूम विनायक (10 माह) गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सभी का प्राथमिक उपचार के बाद विरोधी यादव को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ब्लैक बेल्ट व डान प्रमोशन प्रमाण पत्र से खिलाड़ी सम्मानित

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली


ताइक्वांडो समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पर्यावरण को बचाने के लिए दो पेड़ लगाने की शपथ के साथ ताइक्वांडो समर कैम्प का बुधवार को देर शाम समापन किया गया। इस कैम्प में तीन खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट तथा डान प्रमोशन का प्रमाण पत्र देते हुए बेल्ट बांध कर सम्मानित किया गया। इस भीषण गर्मी में 150 खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो टेक्निकल समर कैम्प में प्रतिभाग किया।

रायबरेली जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा कस्बे के डा रिजवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय ताइक्वांडो टेक्निकल समर कैम्प आयोजित किया गया था, जिसमें हिमाचल प्रदेश के ताइक्वांडो ट्रेनर सुभाष ठाकुर सिक्स डान ब्लैक बेल्ट धारक एनआईएस कोच इंटरनेशनल रेफरी ने खिलाड़ियों को फाइट टेक्निक्स, प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वथ्य रहने के लिए नए तरीके के साथ व्यायाम के टिप्स दिए और पर्यावरण को बचाने के लिए सभी खिलाड़ियों को दो पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई और कैम्प का समापन किया। कार्यक्रम के आयोजक अताउर रहमान ने कहा कि एसोसिएशन के द्वारा हर वर्ष ऐसे कैम्प का आयोजन किया जाता है और खिलाड़ी इससे लाभ भी प्राप्त करते है। इस कैम्प में दो टाइम सुबह और शाम प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इस भीषण गर्मी में भी खिलाड़ियों ने खूब मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कुकीवान कोरिया द्वारा आयोजित ब्लैक बेल्ट परीक्षा में हमारे यहां से तीन खिलाड़ियों के ब्लैक बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिनमें दिव्या सिंह ने फस्ट डान, अमान मंसूरी ने सेकेंड डान और डिम्पी तिवारी ने फोर्थ डान की डिग्री प्राप्त किया। तीनो खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र तथा बेल्ट बांध कर सम्मानित किया गया। कैम्प के समापन अवसर पर संतलाल, प्रशांत शुक्ला, मुजफ्फर आलम, पूनम यादव, महताब आलम, सलमान खान, अखण्ड दीप सोनकर, जितेंद्र प्रजापति, अनुराग यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**बिछिया, उन्नाव।** दही थानांतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। उसकी पहचान न होने से पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। दही थानाक्षेत्र के गांव तुर्कमान नगर में गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। शव देख वहां लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। आसपास के गावों के लोग भी उसे पहचान नहीं सके। काफी प्रयास के बाद भी उसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाने के साथ उसकी पहचान के लिये शोसल मीडिया का भी सहारा लिया। साथ ही आसपास के थानों में भी इसकी सूचना दी है। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। वाहन मौके से भाग गया है। उसका पता लगाया जा रहा है।

## संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** औरास थानांतर्गत दिपवल गांव में किशोरी की संदिग्ध मौत हो गई। सीएचसी के डाक्टर ने आशंका के आधार पर पुलिस को मेमो भेजा। इस पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

दिपवल निवासी साक्षी (15) पुत्री राजेश शर्मा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पिता ने बताया कि बेटी को एक महीने से बुखार आ रहा था। निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रहे थे। बुधवार रात करीब 10 बजे हालत बिगड़ने पर उसे पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से उसे औरास सीएचसी भेज दिया गया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सीएचसी के डाक्टर ने गले में निशान देख आशंका के आधार पर पुलिस को मेमो भेजा और उसे अस्पताल रेफर किया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसमें किशोरी के दोनों फेफड़े खराब मिलने के साथ उसमें पानी भरा मिला है। वह दो भाईयों में अकेली थी। बेटी की मौत से मां प्रेमलता, भाई शोभित व अनमोल बेहाल हैं। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।

# रायबरेली से क्र्यू लिंक खत्म करने पर भड़का यूआरएमयू

▶▶ **निर्णय में नहीं हुआ परिवर्तन तो जारी रहेगा प्रदर्शन**

संवाददाता, रायबरेली


रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते यूआरएमयू के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोको लाबी रायबरेली के क्र्यू लिंक को समाप्त करने को लेकर उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन (यूआरएमयू) ने रेलवे स्टेशन परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर एक ज्ञापन डीआरएम सहित विभागीय अधिकारियों को भेज कर इस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की।

यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि अगर इस निर्णय को बदला नही गया तो उनका प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक चलेगा। सहायक मण्डल मंत्री लवकुश सोनकर ने बताया कि रायबरेली स्टेशन पर लोको लाबी को समाप्त कर लखनऊ और वाराणसी को बनाए रखा गया है। इस व्यवस्था के तहत अब रायबरेली में चालकों को नहीं बदला जाएगा अब उन्हें लखनऊ और वाराणसी तक गाड़ी ले जाने पड़ेगी। पहले रायबरेली में क्र्यू लिंक होने के कारण लोको पायलट यहां से बदल जाते थे। रायबरेली को मिली 14217, 14218, 14307, 14308 रेलगाड़ी को लखनऊ मुख्यालय भेज दिया गया है जबकि 14201 व 14202 को वाराणसी भेज दिया गया है। गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर संगठन द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक इस फैसले में परिवर्तन नही होगा तब तक उनका रोजाना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में दिनेश सिंह, महेश यादव, रवि किरण, शशिकांत, भूपेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, अनिल कश्यप, रविंद्र कुमार, सत्येंद्र सिंह, शिव शंकर मौर्य आदि रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम — एनटीपीसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने अनुभवों को किया साझा, 120 बच्चियों से किया संवाद, मुस्करा उठे बच्चियों के चेहरे

# लक्ष्यनिष्ठ बनकर बढ़ें आगे, मंजिल कदमों में होगी : सुधा सिंह

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली



बालिका सशक्तिकरण अभियान के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा संचालित किए जा रहे बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पद्मश्री सुधा सिंह ने दौरा किया। एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा, प्रियदर्शिनी लेड़ीज क्लब की अध्यक्षा तरुणा छाबड़ा की उपस्थिति में कार्यक्रम में भाग ले रही नन्हीं बालिकाओं ने सुधा सिंह का स्वागत किया।

कार्यक्रम में भाग ले रही 120 बच्चियों से संवाद किया और एनटीपीसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के उनके अनुभवों को जाना। नन्हीं बालिकाओं से परस्पर संवाद कर उन्होंने बच्चियों को बताया कि लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जो बुनियादी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, उसे समझिए और उसके अनुरूप अपनी तैयारी कीजिए। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी संघर्षों से डरना-घबराना नहीं चाहिए, बल्कि चुनौतियों का सामना करते हुए मजबूत सफलता से सफलता की सीढ़ियां चढ़ना चाहिए। अपने लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ते रहना ही सफलता का रहस्य है, जो व्यक्ति दृढ़ इच्छा से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता चला जाता है, उसे कोई परिस्थिति हरा नहीं सकती है।

नन्हीं बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा व कौशल का बहुत अधिक महत्व है। आप सभी को ग्रामीण परिवेश में रहते हुए एनटीपीसी के जेम कार्यक्रम के माध्यम से आपके अंदर छिपी प्रतिभा व कौशल को उभारने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आप सभी इस अवसर का भरपूर लाभ लेते हुए स्वयं के विकास के साथ-साथ भारत देश की सेवा करें एवं अपने मेंटर के तौर पर एनटीपीसी का नाम भी रोशन करें। एनटीपीसी द्वारा चलाया जा रहा बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम वाकई सराहनीय है। श्रीमती सिंह ने एनटीपीसी की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

परियोजना प्रमुख ने कार्यक्रम में भाग ले रहीं बालिकाओं को श्रीमती सिंह से प्रेरित होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुधा सिंह सभी भारतीय महिलाओं के लिए न केवल रोल मॉडल हैं बल्कि उनके लिए प्रेरणा स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्र की बेटी ने विश्व स्तर पर भारत का नाम रौशन किया है। आप सभी इनसे प्रेरित हो अपने सपनों को पूरा करने का जज्बा हासिल कीजिए। सुधा सिंह से मुलाकात कर नन्हीं बच्चियों में आत्मविश्वास की भावना प्रबल हुई और उनसे संवाद कर सभी बच्चियों के चेहरे मुस्करा उठे। इस अवसर पर एनटीपीसी ऊंचाहार की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा 14 मई से बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आसपास के गांवों की 10 से 12 साल की 120 बच्चियां भाग ले रही हैं। कार्यक्रम के माध्यम से नन्हीं ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा, आर्ट एंड क्राफ्ट, गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला, पेंटिंग, आत्मरक्षा के गुर आदि सिखाते हुए उनका समग्र विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का समापन 10 जून को किया जाएगा।


अमृत विचार — क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1096120 वास्तव ने कहीं खो गया है। मैंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज मवई उन्नाव से पढ़ाई की थी। **विनीता यादव पुत्री छोटेलाल, निवासी पूरे नक्का मजरे मलिक मऊ चौबारा, जिला रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र शैलेश कुमार मौर्य के विद्यालय दस्तावेजों में उसकी जन्मतिथि त्रुटिवश 20.11.2008 तथा मेरा नाम प्रेम नारायण मौर्या दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 11.08.2008 तथा मेरा सही नाम प्रेम नारायण है जो कि मेरे व मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय दस्तावेजों में उसकी जन्मतिथि व मेरा नाम सही दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम परसेहरा खुर्द पोस्ट मजलिसपुर थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस UP34/2005/0070383 दिनांक 24.01.2005 में त्रुटिवश मेरा नाम मोहम्मद अरशद व पिता का नाम मो0 नसीम दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद अरशद अंसारी व मेरे पिता का सही नाम नसीम अहमद है जो कि आधार कार्ड पर अंकित है। अतः मेरे उपरोक्त ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा व मेरे पिता का सही नाम दर्ज किया जाये। **मोहम्मद अरशद अंसारी पुत्र श्री नसीम अहमद निवासी- 102, मियागंज बिसवां जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने छोटे पुत्र वीरेंद्र सिंह को उनके गलत आचरण व व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर लिया था परंतु वर्तमान में वीरेंद्र सिंह के कार्य व्यवहार व आचरण में सुधार के कारण संबंध विच्छेद की कार्यवाही समाप्त करता हूं। **गिरजा बक्श सिंह पुत्र स्व0 शिव विहार सिंह नि0 ग्राम मोहरी कला पोस्ट मोहरी खुर्द जिला लखनऊ।**

# जानलेवा बनती जा रही भीषण गर्मी, अधेड़ की मौत, युवक अचेत

## दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है नौतपा का असर, हीट वेव और वॉर्म नाइट के कारण दिन का चैन और रात की नींद हो रही खराब



फतेहपुर इलाके की एक सड़क में गुरुवार की दोपहर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** नौतपा का असर दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। भीषण गर्मी अब जानलेवा बनती जा रही है। हीटवेव के कारण देवा इलाके में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं सिद्धौर क्षेत्र में एक युवक भीषण गर्मी और उमस के कारण अचेत हो गया। परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार आया। तपिश के कारण आमजनमानस ही नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। दिन में तीखी धूप के साथ ही गर्म हवा के चलने से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय अधिकांश सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। जिले में दिन का तापमान दोपहर 3 बजे तक 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं भीषण गर्मी में अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं।

चिलचिलताी धूप के कारण जहां आम दिनों में सड़कों पर चहल-पहल रहती थी, वहां सन्नाटा पसरा रहता है। गर्मी के साथ तीखी धूप ने लोगों को तपा कर रख दिया है। बढ़ती गर्मी और लू के कारण लोग बीमार भी होने लगे हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ इसका प्रमुख उदाहरण है। हीट वेव और वॉम नाइट के कारण न दिन में चैन और न रात में । कूलर और एसी से भी राहत नहीं मिल पा रही है। देवा-बाराबंकी मार्ग पर गुरुवार की शाम करीब चार बजे कस्बा देवा में एक व्यक्ति पैदल जा रहा था। हनुमान मंदिर के पहले वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा और कुछ देर बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची देवा पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दूसरी ओर, ब्लॉक सिद्धौर की ग्राम पंचायत सेमरावा मजरे डीह में राजकुमार पुत्र लल्लन अपनी पत्नी की दवा लेने के लिए कोठी उस्मानपुर गया था। दवा लेकर साइकिल से घर पहुंचे ही था कि तेज धूप और उमस के कारण अचानक बेहोश हो गया। परिजन उसे तुरंत निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चले उपचार के काफी देर बाद उसे होश आया।

### आवास विकास मोहल्ले में रातभर नहीं आई बिजली, कई मोहल्लों में होती रही अघोषित कटौती

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में प्रचंड गर्मी में चरमराई बिजली व्यवस्था से त्राहिमाम मचा हुआ है। ओवरलोड ट्रांसफार्मर, केबल, एबीसी केबल, एचटी व एलटी सर्किट बार-बार फुंक रहे हैं। इस वजह से कहीं सात घंटे बिजली नहीं रही तो, कहीं पूरी रात। इन्वर्टर तक जवाब दे गए। लोगों ने घरों के बाहर हाथ पंखा डुलाते रात काटी। परेशान उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर पर शिकायतें कीं तो कहीं एक्स पर पोस्ट कर भड़ास निकाली। शहर के आवास विकास मोहल्ले में तो रात भर बिजली नहीं आई। वहीं कई मोहल्लों में दस-दस मिनट पर कटौती कर करीब चार से पांच घंटे तक बिजली कटी। नौतपा के चलते धरती तप रही है। प्रचड़ गर्मी से बिजली की मांग बढ़ी है लेकिन इस बीच पूरे जिले में बिजली व्यवस्था धड़ाम होती दिख रही है। कहीं सात घंटे तो कहीं पूरी-पूरी रात बिजली गायब है। यहीं नहीं पावर कारपोरेशन के कर्मचारी व अधिकारी गर्मी के चलते बिजली की अधिक मांग के बीच विद्युत तार बदलने के कार्य में लगे हुए हैं। इसी बहाने आपूर्ति काट दी जाती है। बुधवार की रात शहर के आवास विकास कॉलोनी में तो रातभर बिजली गुल रही। ऐसे में इन्वर्टर भी जवाब दे गए। लोगों ने घर के बाहर हाथ के पंखे का सहारा लेकर रात बिताई। बिजली न आने को लेकर संबंधित अधिकारियों को फोन भी मोहल्ले वासी करते रहे कभी फोन नहीं उठा तो कभी स्विच ऑफ बताता रहा। वहीं शहर के कई अन्य मोहल्लों में तो चार से पांच घंटे बिजली गायब रही। हीं गुरुवार को दिन भर ट्रिपिंग के चलते लोग परेशान रहे।

### बिजली आपूर्ति रोककर बदले जा रहे तार, आक्रोश

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के बजाय सप्लाई बाधित कर विद्युत तार बदलने का कार्य किया जा रहा है। जिससे गांवों में हाहाकार मचा हुआ है। क्षेत्र के गणेशपुर, मीतपुर, बड़नपुर में बिजलीकर्मियों द्वारा विद्युत सप्लाई बाधित करके तार बदलने, खंभे लगाने का कार्य किया जा रहा है। विद्युत कटौती होने से हाहाकार मचा हुआ है। उमसभरी गर्मी में बिजली बिना लोग बिलबिला रहे हैं। बच्चों, महिलाओं एवं मरीजों की जान पर बन आई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब गर्मी से राहत मिल जाती तब कटौती करके यह कार्य कराया जाना चाहिए था। विद्युत कटौती बाधित कर तार व खंभे बदलने के संबंध में अधिशासी अभियंता दिलीप यादव ने कहा कि यह मामला संज्ञान में नहीं है, बात करेंगे।



तार बदलने के लिए बिना सुरक्षा उपकरण के पोल पर चढ़ता बिजलीकर्मी।

### सरकारी ट्यूबवेल बना स्वीमिंग पूल



सरकारी ट्यूबवेल पर नहाते लोग। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** खेत की सिंचाई के लिए ग्रामीण अंचलों में लगाए गए सरकारी ट्यूबवेल इन दिनों लोगों के लिए स्वीमिंग पुल बन गए हैं। प्रचंड गर्मी से बचाव करने के लिए सुबह के 10 बजते ही बच्चों और युवाओं की भीड़ सरकारी ट्यूबेलों बनी टंकियों में डुबकी लगाकर गर्मी से बचने का प्रयास करते हैं।

### एक नजर

#### करंट लगने से किशोर की मौत, रिश्तेदार झुलसा

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार :** देवा थाना क्षेत्र के रहीमाबाद मजरे पीरानगर में भागवत कथा के दौरान लाइट सही कर रहे एक किशोर की करंट लगने से मौत हो गयी। उसका एक रिश्तेदार गंभीर रूप से झुलस गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रहीमाबाद मजरे पीरानगर में भागवत कथा चल रही है। अचानक बिजली सप्लाई में दिक्कत आ गई। गांव का ही कमल (15) पुत्र छोटेलाल यादव तार जोड़कर लाइन सही करने लगा इसी दौरान उसे करंट लग गया। यह देख उसका रिश्तेदार दिलीप (19) निवासी नहनीपुर थाना कुर्सी उसे बचाने दौड़ा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। करंट लगने से कमल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

#### पंखा ठीक करते समय युवक को लगा करंट

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** बदोसराय क्षेत्र के ग्राम बरोलिया का अमरेश (28) अपना पंखा ठीक कर रहा था । अचानक करंट लगने से वह झुलस गया। परिजनों ने उसे संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया है।

#### 45 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने 45 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है।

#### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने ग्राम पण्डरा निवासी वांछित आरोपी शिवम गौतम को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उस पर सफदरगंज थाने में पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज है।

#### चाकू के साथ तीन गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस ने चाकू के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सफदरगंज पुलिस ने ननकू व मोहम्मद राशिद जबकि रामनगर पुलिस ने दिलदार के पास से चाकू बरामद किया।

#### 63 लीटर शराब के साथ चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने नंदकिशोर व अभिषेक के पास से 30 लीटर कच्ची शराब जबकि दरियाबाद पुलिस टीम ने तुफैल व एक अन्य के पास से 33 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

## भीषण गर्मी में परीक्षा से छात्रों में रोष

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 31 मई से परीक्षाएं पीजी कॉलेज में कराई जाएगी। इसे लेकर अभिभावकों एवं छात्रों में रोष व्याप्त है। भीषण गर्मी के चलते जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मौसम विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों से घरों में रहने की अपील की जा रही है वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। हालांकि शिक्षक संघ द्वारा परीक्षा बहिष्कार करने का ऐलान किया गया था इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन के कानों पर जूं नहीं रेंगी। इस सम्बंध में पीजी कालेज के प्रचार्य डॉ. कौशलेंद्र मिश्र ने बताया कि शुक्रवार से दो पालियों में बीए-बीएससी की परीक्षाएं होंगी।

## दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में घायल

**बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म कर उसके भाई पर जानलेवा हमला करने के आरोपी ने गिरफ्तारी के बाद फावड़ा व चाकू बरामदगी के दौरान बुधवार देर रात पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई जो आरोपी के पैर में लगी।

असंद्रा कोतवाली के एक गांव में किशोर अपनी 13 वर्षीया बहन के साथ रहता है। उसके पिता दिल्ली में रहते हैं, जबकि मां की मौत हो चुकी है। बीती मंगलवार देर रात किशोर गांव में लगे एक भंडारे से आया और घर के बाहर ही सो गया था। रात करीब तीन बजे असंद्रा के जरौली गांव का विनय मिश्र उर्फ नेपाली उसके घर में घुस गया और सो रही किशोरी को जगाकर चाकू की नोक पर उससे दुष्कर्म करने लगा। इसी बीच घर के बाहर भाई को कुछ आवाज आई तो वह अंदर गया। अंदर विनय को बहन के साथ जबरदस्ती करता देख उसने विरोध किया तो आरोपी नेपाली ने वहां रखे फावड़े से किशोर के सिर पर वार कर दिया था। घायल को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। किशोर की चाची की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विनय उर्फ नेपाली पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। एएसपी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी विनय को लेकर बुधवार रात पुलिस वारदात में प्रयुक्त फावड़ा और चाकू बरामद करने उसके गांव गई थी। जहां झाड़ियों में उसने चाकू और फावड़ा छुपा रखा था। वहीं पर तमंचा भी छुपाया था। वहां पहुंचते ही उसने तमंचा निकाला और पुलिस पर फायर झोंक दिया। इसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए और आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी। गोली आरोपी युवक के बाएं पैर में लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के पास से फावड़ा, चाकू और तमंचा बरामद कर लिया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी आपराधिक किस्म का शख्स है।



मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश।

### मानवता



हैंडपंप चलाकर गाय को पानी पिलाता बालक। अमृत विचार

## जिले की सूची में टॉप थ्री में रहीं छात्राएं

### मदरसा बोर्ड

- 2805 परीक्षार्थी हुए थे शामिल
- 403 अभ्यर्थी हुए अनुत्तीर्ण

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बीच गुरुवार को मदरसा बोर्ड द्वारा परिणाम की घोषणा कर दी गई। जिले की टॉप टेन सूची में प्रथम तीन स्थान पर बालिकाओं ने बाजी मारी है। जिले में 3071 परीक्षार्थियों ने मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल दर्जे की परीक्षा के लिये पंजीकरण कराया था। जिसमें 2805 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। 266 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। बुधवार को यूपी मदरसा बोर्ड द्वारा जारी परिणाम में 2402 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि 403 परीक्षार्थी फेल हो गये। परीक्षा परिणाम 78.22 प्रतिशत रहा। आलिम दर्जे में 447 अंक पाकर मदरसा जामिया अरबिया उलूम जैदपुर की छात्रा फौजिया बानो ने टॉप टेन की सूची में जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। 426 अंक पाकर इसी मदरसा की छात्रा साफिया बानो ने दूसरा तो 425 अंक पाकर इसी मदरसे की छात्रा कुलसुम बानो ने टॉप डेन की सूची में तीसरा स्थान हासिल किया।

इसके अलावा टॉप टेन की सूची में मदरसा जामिया अरबिया उलूम जैदपुर के छात्र मोहम्मद सफवान ने 424 अंक पाकर चौथा, इसी मदरसे के मोहम्मद अब्दुल्ला ने 419 अंक पाकर पांचवां, मदरसा दारुल उलूम की छात्रा खुशनुमा बानो और मदरसा जियाउल इस्लाम के मोहगम्मद आसिम ने 418 अंक पाकर छठा स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह मदरसा जियाउल इस्लाम की छात्रा फरहीन अंजुम ने 416 अंक, मदरसा जामिया अरबिया उलूम जैदपुर की छात्रा हाजिरा बानो ने 414 अंक तो मदरसा इस्लामिया अरबिया सिद्धौर की छात्रा आयशा फातिमा, मदरसा जामिया अरबिया उलूम जैदपुर की छात्रा रुकइया बानो ने बराबर बराबर 411 अंक हासिल कर जिले का माम बढ़ाया है। यूपी मदरसा बोर्ड द्वारा चुनाव की घोषणा से पहले जिले के एक दर्जन केंद्रों पर मुंशी, मौलवी, आमिल, कामिल और फाजिल दर्जे की परीक्षाएं कराई गईं थी।

## शव की शिनाख्त हत्या का आरोप

**बाराबंकी, अमृत विचार:** जहांगीराबाद के औरंगाबाद गांव के पास माइनर में बीते सोमवार की सुबह मिले अधेड़ के शव की शिनाख्त गुरुवार को भाई अशफाक ने बाबा सिराज के रूप में की।

अशफाक ने भाई की हत्या का आरोप वार्ड दो के रहने वाले अंशु यादव व उसके भाई सोनू यादव पर लगाया है। अशफाक ने बताया कि उसका भाई सिराज लॉटरी खेलता था। लोगों ने अशफाक को बताया था कि सिराज की 40 हजार की लॉटरी लगी थी। अशफाक का कहना है कि सिराज को अंशु यादव रात में बुलाकर ले गया था। कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों पर पहले से केस दर्ज है। हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी।

## डीएम आवास के सामने मारपीट फायरिंग, तीन लोग घायल

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी**

**अमृत विचार ;** डीएम आवास के ठीक सामने रियल स्टेट के कारोबारियों के बीच विवाद के दौरान हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। दो लोगों लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। एक जिला अस्पताल में भर्ती है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो डीएम आवास के ठीक सामने बने एक होटल के सामने भीड़ जुटी थी । इसी बीच दो पक्षों में आपसी विवाद होने लगा। कुछ ही देर बाद मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों की तरफ से लगभग 50 से 60 लोग मौजूद रहे। इसी दौरान किसी ने फायरिंग कर दी। चंदौली के अनवर की पीठ में गोली लगी है। उसका साथी चंदौली का तौफीक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अनवर व तौफीक को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया ।

#### रुपए के लेनदेन को लेकर बताया जा रहा विवाद

सीओ सिटी जगत कनौजिया ने बताया की मामला लेनदेन का लग रहा है। अनवर, तौफीक व विपक्षी सचिन मिश्रा, अमित मिश्रा व प्रकाश वर्मा पहले एक साथ रियल एस्टेट का कारोबार करते थे । बीच में आपस में विवाद होने पर उन्होंने साथ में काम करना बंद कर दिया था। उनके बीच रुपए के लेनदेन का विवाद है।

### सार-संक्षेप

#### पसमांदा मुसलमानों को कांग्रेस ने समझा वोट बैंक: राईन

**बाराबंकी : अमृत विचार :** पसमांदा मुसलमान को बर्बाद करने में कांग्रेस का बहुत बड़ा हाथ है। कांग्रेस ने इस समुदाय के मुसलमान को महज वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया । अपने शासनकाल में 122 बार संविधान संशोधन करने वाली कांग्रेस को चुनाव के वक्त संविधान खतरे में नजर आ रहा है। यह बातें ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कहीं। उन्होंने तल्खी भरे लहजे में कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि धारा 341 के तहत लगाए गए धार्मिक प्रतिबंध भी कांग्रेस नहीं खत्म कर सकी। उन्होंने कहा कि चुनाव आया तो कांग्रेस को संविधान खतरे में नजर आने लगा। उन्होंने पसमांदा मुसलमान को गुमराह करने के लिए कांग्रेस को दोषी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस ने पसमांदा मुसलमानों संगठन में कहीं भी नेतृत्व का मौका नहीं दिया।

#### तीन घरों से नकदी समेत लाखों की चोरी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत मानपुर गांव में दो सगे भाइयों सहित तीन घरों से बुधवार की रात चोर नकदी व लाखों के जेवर उठा ले गए। विरोध करने पर 80 वर्षीया वृद्धा की पिटाई भी कर दी। गांव निवासी हरिराम यादव व हरिश्चंद्र यादव परिवार सहित दिल्ली में रहते हैं। उनकी 80 वर्षीया मां घर में अकेले रहती हैं। बुधवार रात अनारकली पत्नी बालकराम अपने घर के मेन दरवाजे में ताला लगाकर घर के बाहर चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सोई थी। देर रात आए बदमाश अगल-बगल स्थित सगे भाइयों के बंद पड़े घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और कीमती सामान समेट लिया। जब बदमाशों ने वृद्धा के घर पर धावा बोला तो वह जग गई। इस पर बदमाशों ने उसकी पिटाई कर चुप रहने के लिए धमकाया। सुबह लगभग साढ़े 5 बजे दिल्ली में रहने वाले हरिराम यादव जब परिवार सहित घर पहुंचे तो ग्रामीणों को चोरी की जानकारी हो सकी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस छानबीन करके लौट गयी। पीड़ितों के मुताबिक चोरी की इस घटना में बदमाश घर में रखा गैस सिलेंडर, 18 हजार रुपये की नकदी, सोनू यादव की शादी में मिले जेवर के अलावा शादी में मिला दहेज का सामान चुरा ले गये। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। एक घर में चोरी की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

#### युवक की पीएम रिपोर्ट के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके उतरावा गांव में बुधवार सुबह युवक का शव संदिग्ध हालात में पेड़ से लटकता मिलने के मामले में आई पीएम रिपोर्ट में दोनों हाथ में चोट के निशान के साथ सिर में चोट व गला कसने से मौत की बात सामने आई है। साथ ही एस्पेसिया यानी दम घुटने से मौत होने की पुष्टि हुई है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर वारदात का जल्द ही खुलासा करने का दावा कर रही है। थाना इलाके के उतरावा गांव निवासी नीरज रावत (30) का शव बुधवार सुबह गांव से कुछ दूर एक खेत मे लगे नीम के पेड़ से लटकता मिला था। युवक के दोनों हाथ की नसें कटी थीं। शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान थे। युवक का पर्स, चप्पल व खून से सनी ईंट प्राइमरी स्कूल के पीछे मक्के के खेत मे पड़े मिले थे। इससे यह युवक की हत्या मक्के के खेत में कर शव यहा लटकाने की बात सामने आई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण दम घुटने के साथ दोनों हाथ की नसें कटना व सर पर चोट लगने के साथ गला कसने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने हत्या व आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए एसओजी की मदद मांगने के लिए रिपोर्ट भेजी है।

### प्रतियोगिता

प्रथम बालाजी डेज क्रिकेट स्टेट चैंपियनशिप का सातवां मैच, सार्थक दीक्षित बने प्लेयर ऑफ द मैच

## पेस बोलर्स अकादमी की टीम ने 6 विकेट से जीता मैच

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे प्रथम बालाजी डेज क्रिकेट स्टेट चैंपियनशिप के सातवें मैच के दूसरे दिन गुरुवार को लक्ष्य का पीछा करने उतरी पेस बोलर्स अकादमी की टीम ने मानस क्रिकेट अकादमी पर 6 विकेट से जीत दर्ज की। बुधवार को मैच के पहले दिन टॉस जीतकर मानस क्रिकेट अकादमी की टीम बल्लेबाजी करते हुए 53 ओवर्स में 202 रन ही बना सकी थी। जिसका पीछा करने उतरी पेस बोलर्स अकादमी की टीम ने सिर्फ 59.4 ओवर्स में 6 विकेट शेष रहते मैच को जीत लिया।



मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

पेस बोलर्स अकादमी की तरफ से दूसरे दिन बल्लेबाजी को उतरी दूसरी जोड़ी विदित जोशी 33 रन और आदित्य प्रताप सिंह 29 रन ही बना सकी। जिसके बाद समर्थ दीक्षित 66 रन की पारी ने दूसरी टीम का मनोबल तोड़ दिया। सार्थक दीक्षित 28 रन और विकास यादव 20 रन की दोनों की नाबाद साझेदारी से पेस बोलर्स अकादमी की टीम ने इस मैच को अपने पक्ष में डाल लिया। मानस क्रिकेट अकादमी की तरफ से अनिकेत सिंह ने 2 विकेट, अंशुल कपूर व आदित्य यादव ने 1 विकेट प्राप्त किए। सार्थक दीक्षित को इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। जिन्होंने बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 28 रन और गेंदबाजी में 2 विकेट प्राप्त किए। इस मैच में समर्थ दीक्षित बेस्ट बैट्समैन (66 रन) व अंशुल कपूर (1 विकेट) बेस्ट बॉलर रहे। इस मौके पर बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, सचिव डॉ चौधरी अहमद जावेद, संयुक्त सचिव अंकुर माथुर, आयोजक सचिव गौरव तिवारी, मुकेश, अदभुत सिंह और रंजीत उपस्थित रहे।

#### पत्नी के अवैध संबंधों से परेशान पति ने लगाई फांसी

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** पत्नी के अवैध संबंधों से परेशान होकर पति ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। यह आरोप मृतक के परिजनों ने लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम रामपुर खर्गी निवासी 35 वर्षीय इंद्रेश कुमार का शव गुरुवार की शाम महंगूपुर स्थित एक बाग में आम के पेड़ में साड़ी के फंदे से लटकता पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी भाभी के अवैध संबंध गांव के ही एक व्यक्ति से थे। जिससे आए दिन पति पत्नी में विवाद होता था। एक दिन पूर्व हुए विवाद के चलते मृतक अपनी पत्नी को मायके भेज दिया था। घरेलू कलह से परेशान होकर उसके भाई ने आत्महत्या की है। थाना प्रभारी रत्नेश पांडेय ने बताया परिजनों ने तहरीर दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बस स्टॉप पर न जाकर हाईवे से ही गुजर जाती हैं बसें

## एक अंतरजनपदीय समेत जिले में हैं कुल आठ बस अड्डे, एक किराये पर संचालित तो एक पर देवा मेले के दौरान होती है यात्रियों की भीड़

### परेशानी

**बस चालकों और परिचालकों की मनमानी यात्रियों पर पड़ रही है भारी**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में बने बस अड्डों पर बसों के पहुंचने का कोई व्यवस्थित शेड्यूल नहीं है। जिले से लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोंडा, बहराइच, गोरखपुर और बस्ती समेत तमाम जिलों के लिए रोजाना हजारों यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए सरकार ने जिला मुख्यालय पर एक बस स्टेशन होने के बावजूद करोड़ों रुपये खर्च कर दूसरा नया स्टैंड बनाया। नये बस अड्डे पर तमाम सुविधाएं भी स्थापित कराईं, लेकिन उसके बाद भी ड्राइवरों और कंडक्टरों की मनमानी सरकार के मंसूबे पर पानी फेर रही है। क्योंकि तेज धूप और तपिश के बीच सैकड़ों मुसाफिर बसों के इंतजार में रोड पर ही खड़े रहते हैं। यही हाल जिले के रामनगर और हैदरगढ़ बस अड्डे का भी है। यहां भी यात्री बस सीधे निकल जाने के डर से बाहर ही खड़े हो जाते हैं। फतेहपुर का बस अड्डा सालों से किराये के भवन में चल रहा है। जबकि टिकैतनगर और रामसनेहीघाट क्षेत्र में बस अड्डा न होने की वजह से यात्रियों के पास रोड पर खड़े होने के अलावा कोई दूसरा विकल्प ही नहीं है। यह हालत तब है जब जिले से सांसद, एक मंत्री समेत भाजपा के दो विधायक हैं।

### केस 1 देवा रोड में अंधेरा होते ही संचालन बंद



देवा रोड बस स्टेशन पर खड़ीं बसें। अमृत विचार

वहीं जिला मुख्यालय पर ही स्थित देवा रोड वाले बस स्टेशन की अगर बात करें तो के यहां से करीब 112 अनुबंधित बसों का संचालन होता है। जिनसे लखनऊ, टिकैतनगर, हैदरगढ़, देवा और फतेहपुर समेत जिले के 29 दूसरे रूटों पर रोजाना 45 हजार के करीब यात्री सफर करते हैं। लेकिन अंधेरा होते ही यहां से सभी बसों की सेवाएं बंद हो जाती हैं। प्राइवेट नौकरी करने वाले अमित ने बताया कि वह टिकैतनगर से लखनऊ का डेली सफर करते हैं। वापसी में अगर देर हो जाती है तो अंदर से बस मिलना मुश्किल ही रहता है। अंधेरा होने के बाद वह प्राइवेट वाहनों से किसी तरह धक्के खाते हुए वापस टिकैतनगर तक पहुंचते हैं। इसके अलावा जिले के कई रूटों पर अभी भी बसों का संचालन नहीं शुरू हो सका।

### केस 2 रामनगर में बस अड्डा बना शोपीस



रामनगर के बस अड्डे पर नहीं पहुंची एक भी बस। अमृत विचार

रामनगर के बुढ़वल चौराहे पर लाखों की लागत से बनाया गया बस स्टॉप शोपीस बना है। इसका लाभ यात्रियों को नहीं मिल पा रहा। लखनऊ, गोंडा, बहराइच जाने वाली परिवहन विभाग की बसें स्टॉप पर नहीं आती हैं। इससे चिलचिलाती धूप में यात्रियों को हाईवे के किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। यात्री धूप से बचने के लिए कहीं गुमटी तो कहीं पेड़ की छांव में बसों का इंतजार करते है। बसों को देखते ही वह हाईवे पर दौड़ लगाना शुरू करते हैं। जिससे चौराहे पर आए दिन जाम जैसी स्थित बनी रहती है। जो अक्सर दुर्घटना का भी कारण बनता है। यात्री आलोक ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बस अड्डे पर न तो शीतल जल की व्यवस्था है और न कोई कर्मचारी ही मौजूद रहता है।

### केस 3 फतेहपुर में किराए के भवन में है बस अड्डा



किराये के भवन में संचालित फतेहपुर बस अड्डा। अमृत विचार

फतेहपुर में किराये के भवन में बस स्टाप संचालित किया जा रहा है। किराए के भवन में संचालित होने वाला इस बस स्टाप पर कोई भी मूलभूत सुविधाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। इस भीषण गर्मी में भी यहां आने वाले यात्रियों को शेड का इंतजाम न होने के कारण पेड़ की छांव के नीचे खडे होकर गंतव्य तक जाने वाली बसों का इन्तजार करना पड़ता है। कस्बा फतेहपुर से होते हुए सूरतगंज, हेतमापुर, बेलहरा, छेदा, सुढ़ियामउ, रामनगर के साथ निकटवर्ती जनपद सीतापुर के ग्राम रामपुर मथुरा, बहादुरगंज, महमूदाबाद, बिसवां व अन्य क्षेत्रों तक राज्य सड़क परिवहन निगम की अनुबंधित बसें चलाई जा रही हैं। यहां प्रतिदिन करीब सौ बसों का आवागमन होता है।

### केस 4 टिकैतनगर में नहीं है बस स्टॉप



टिकैतनगर में रोड पर खड़ी बस। अमृत विचार

आदर्श नगर पंचायत टिकैतनगर में बस स्टाप नहीं है। चिलचिलाती धूप में बसों का इंतजार करने के लिए यात्री छांव ढूंढते रहते है। लोग सड़क किनारे होटलों व पेड़ों की आड़ में खड़े होकर साधन का इंतजार करते हैं। बस अड्डा न होने के चलते राज्य परिवहन निगम की बसें सड़क पर ही खड़ी होती हैं।

### केस 5 देवा में 10 दिन संचालित होता है बस अड्डा



इस हाल में है देवा बस स्टॉप। अमृत विचार

पर्यटन नगरी का तमगा प्राप्त कस्बा देवा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर जियारत करने प्रतिदिन हजारों जायरीनों का आवागमन होता है। बाराबंकी से कस्बा देवा होकर परिवहन निगम की 39 बसें प्रतिदिन फतेहपुर, महमूदाबाद, बेलहरा, सूरतगंज और बाबागंज आदि जगहों पर जाती है। इन बसों के रुकने के लिए कस्बा देवा में एक बस स्टाप तक नहीं है। पूर्व में कस्बा देवा स्थित एक दुकान में बस स्टेशन संचालित होता था और वहां पर आने जाने वाली बसों की एंट्री भी होती थी, लेकिन बीते एक दशक पहले वह भी बंद हो गया। कस्बे के बाराबंकी मार्ग पर मामा नहर पुल के पास परिवहन निगम का बस स्टाप बना हुआ है, लेकिन वह केवल देवा मेला के दौरान 10 दिनों के लिए संचालित होता है।



बसों के रोड पर खड़े होने के चलते देवा कस्बे में लगा जाम। अमृत विचार

> बाहर से निकलने वाली बसों को अंदर बस स्टेशन तक पहुंचाने के लिए दिशा निर्देश दिये गये हैं। शहर और जिले के बाकी बस अड्डों के अंदर बस न लाने वाले चालकों व परिचालकों को पर अब कार्रवाई भी की जाएगी। कस्बा देवा के मेला बस स्टॉप के शुरू करने के लिए प्रयास किया जाएगा। अन्य बस अड्डों की समस्या के संबंध में शासन को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया जाएगा।
>
> –सुधा सिंह, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक।

### केस 6 करोड़ों खर्च लेकिन नहीं आ रहीं बसें



अंतर जनपदीय बस अड्डे पर पहुंचीं कुछ बसें। अमृत विचार

गुरुवार दोपहर बारह बजे का वक्त। आजाद नगर के संजय शुक्ला हाईवे किनारे बने नये अंतर जनपदीय बस स्टेशन पर अयोध्या जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। लगभग दो बजे बस आई, लेकिन बस स्टैंड परिसर में आने की बजाय हाईवे से ही सड़क पर वाहनों का इंतजार कर रहीं सवारियों को लेकर सीधे निकल गई। पूछताछ केंद्र पर पता चला कि फिलहाल अयोध्या के लिए कोई बस नहीं हैं। संजय शुक्ला व्यवस्था को कोसते हुए मुख्य हाईवे की तरफ चल दिए। वहीं एक अन्य यात्री अकरम ने बताया कि बसों के स्टेशन पर न आने से यात्रियों को तेज धूप के बावजूद बाहर या पल्हरी बाईपास पर ही खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बता दें कि लखनऊ-अयोध्या हाईवे से रोजाना अयोध्या, गोरखपुर, लखनऊ और कानपुर समेतअन्य जिलों के लिये तकरीबन 500 से ज्यादा रोडवेज बसें गुजरती हैं। लेकिन फिर भी इन जिलों की तरफ सफर करने वाले हजारों यात्री बसों के इंतजार में खड़े ही रह जाते हैं।

### केस 7 हैदरगढ़ स्टेशन पर नहीं आतीं बसें



हैदरगढ़ का वीरान पड़ा बस अड्डा। अमृत विचार

लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे से चंद कदमों की दूरी पर हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर जर्जर हालत में पड़े हैदरगढ़ बस स्टेशन को तीन साल पहले करोड़ों की लागत से नया रूप दिया गया था। आधुनिक बस स्टेशन का निर्माण हो जाने से क्षेत्रवासियों में यह उम्मीद जगी थी कि लखनऊ के चारबाग स्टेशन से 75 बसों के बेड़े के साथ संचालित हो रहे हैदरगढ़ डिपो का संचालन हैदरगढ़ से सुनिश्चित हो सकेगा और लोगों को सभी क्षेत्रीय मार्गों पर बसों की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही लखनऊ, कानपुर, सुल्तानपुर, जौनपुर, बलिया, आजमगढ़ और बनारस सहित विभिन्न जिलों के लिए संचालित होने वाली बसें स्टेशन पर आएंगी। लेकिन परिवहन निगम की लापरवाही से क्षेत्रवासियों के इन मंसूबों पर पानी फिर गया। वर्तमान समय में बाराबंकी डिपो की बसों, हैदरगढ़ से दिल्ली के लिए जाने वाली बसों के अलावा हैदरगढ़ से रायबरेली एवं एक-दो अन्य बसों को छोड़कर अन्य बसें स्टेशन पर नहीं आती हैं।

### केस 8 रामसनेहीघाट में पूरा नहीं हो सका बस अड्डे का निर्माण कार्य

रामसनेहीघाट में बन रहे बस अड्डे का निर्माण अब भी पूरा नहीं हो सका। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मार्च माह में बस स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा करवाने के साथ ही संचालित किए जाने का भरोसा दिलाया था। इसके बावजूद कार्यदायी संस्था की लापरवाही से बस स्टेशन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। इस कारण गंतव्य तक जाने के लिए लोगों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। बता दें सितंबर 2020 में तहसील प्रशासन द्वारा धरौली व बैशनपुरवा में चिह्नित 441 वर्ग मीटर जमीन परिवहन विभाग को दी गई थी। 3 .37 करोड़ की लागत से बनने वाले इस बस अड्डे का निर्माण कार्य नवंबर 2021 से शुरू हुआ था। बस अड्डे पर चारों तरफ बाउंड्रीवाल, भवन, इंटरलाकिग, यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था, शौचालय का निर्माण भी होना था। जो अभी तक नही हो सका। चालक होटलों के पास बसें रोकते हैं।



रामसनेहीघाट का निर्माणाधीन बस अड्डा। अमृत विचार



अयोध्या हाईवे पर बस का इंतजार करते यात्री। अमृत विचार

### एक नजर

#### आग लगने से बचाव के बताए तरीके

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवा में बुधवार को अग्निशमन अधिकारी फूलचंद्र के नेतृत्व में एक संगोष्टी का आयोजन किया गया। इसमें आग लग जाने के बाद इसे कैसे बुझाएं, इसे डेमो के माध्यम से समझाया गया और स्वास्थ्य कर्मियों को आग से बचाव के उपाय भी बताए गए। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ .राधेश्याम गौड़, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप, अजय सहित अन्य डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

#### सीज किये गये चार ट्रक

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट की कोतवाली पुलिस ने मानक के विपरीत बालू लदे चार ट्रकों को सीज कर दिया। पुलिस ने चालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाल ओपी तिवारी ने गुरुवार को दोपहर चेकिंग के दौरान नरायण दूध डेरी रामसनेहीघाट के पास क्षमता से अधिक बालू लदे चार ट्रकों को पकड़ा। कोतवाल ने जिला खनन अधिकारी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे जिला खनन अधिकारी ने जब ट्रकों की पैमाइश की तो ट्रकों में मानक से अधिक बालू लदी थी। चारों ट्रकों को सीज कर दिया गया है।

#### एसपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा सूरतगंज पुलिस चौकी स्थित ग्राउंड में शुक्रवार से एसपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजपाल सिंह झानू टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। आयोजक मोहम्मद उबैद ने बताया कि टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी। फाइनल जीतने वाली टीम को 51 हजार व रनर टीम को 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

#### आठ महीने के कारावास के साथ दोषी पर लगा जुर्माना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में न्यायालय ने गुरुवार को रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम भरेहमऊ निवासी राजेश सिंह को 8 महीने के कारावास व दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अभियुक्त के पास से पुलिस ने 25 ग्राम मार्फीन बरामद की थी। साक्ष्यों व सबूतों को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने अभियुक्त राजेश सिंह को यह सजा सुनाई।

#### मादक पदार्थों के तस्कर को 6 माह का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में न्यायालय ने सुबेहा के कैथी निवासी नथई को 6 माह का कारावास व पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। 5 साल पहले 80 ग्राम मार्फीन की तस्करी के मामले में आरोपी नथई का मामला न्यायालय में चल रहा था।

# ऋण वसूली के वादों के निस्तारण पर बल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज दिनेश चन्द के निर्देशन में प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित की गयी। 13 जुलाई के इस आयोजन पर बकाया ऋण वसूली के मामलों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

श्री सिंह ने इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा प्राप्त कराई गई नोटिसों का तामीला पुलिस प्रशासन द्वारा कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने को भी निर्देशित किया गया एवं सभी बैंकों को बताया गया कि अपने अपने बैंक से एनपीए हुए सभी खातों में से उक्त लोक अदालत मामले चिन्हित करें एवं नोटिस आवश्यक रूप से 15 जून तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेजें। ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण किया जा सके। बैठक में एलडीएम विवेक कुमार, पीएनबी के जिला समन्वयक साकेत कुमार, एजीबी के सौरभ, यूको बैंक मैनेजर पंखुड़ी श्रीवास्तव, सेंट्रल बैंक मैनेजर रोहन कुमार सिंह, एसबीआई मैनेजर रामानन्द, इडियन बैंक के अशोक कुमार सिंह आदि थे।



बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक करते अपर जिला जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह।

## जेवर, कपड़े व नकदी उठा ले गए चोर

**देवा, बाराबंकीः अमृत विचारः** देवा इलाके के खेवली गांव में बुधवार की रात एक घर से चोर जेवर, कपड़े, मोबाइल और नकदी समेत लाखों का सामान उठा ले गए। गुरुवार की सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने देवा कोतवाली में तहरीर दी है।

देवा के मितई चौकी अंतर्गत खेवली गांव निवासी वीरेन्द्र कुमार के घर में बुधवार की रात घुसे चोर अलमारी में रखी सोने की झुमकी, पायल, मंगलसूत्र, चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन, कपड़े व बर्तन और करीब 70 हजार रुपये चुरा ले गए। सुबह जब घर वाले जागे तो चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दी। चौकी प्रभारी मितई अखिलेश प्रजापति ने केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पांच उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने गुरुवार को 91 बीज बिक्री केंदों पर छापेमारी की। इस दौरान 79 बीजों के नमूने संग्रहीत किए गए तथा पांच विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय लाइसेंस निलंबित कर दिये गये। वहीं पांच को नोटिस जारी की गई।

गुरुवार को तहसील नवाबगंज में उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने 13 बीज दुकानों पर छापे मारे और 17 नमूने संग्रहीत किये। एक विक्रेता द्वारा अभिलेख न दिखाने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने जैतपुर भिटोरा लखन, सिद्धौर व अन्य क्षेत्रों में कल 20-20 की दुकानों पर छापेमारी की। इसमें 32 बीजों के नमूने संग्रहीत किए गए। चार विक्रेताओं के अभिलेख न प्रस्तुत कर पाने की वजह से कारण बताओ नोटिस जारी की गई। फतेहपुर में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी ने 25 बीज भंडारों पर छापेमारी की व 15 नमूने लिये। सिरौली गौसपुर में आठ दुकानों से दो नमूने, रामसनेहीघाट से तीन नमूने, रामनगर से 10 बीज के नमूनो को संग्रहीत किया गया।

### सार-संक्षेप

#### धान की सीधी बुवाई में श्रम व लागत होगी कम



धान की सीधी बुवाई करते किसान। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ .अश्वनी सिंह की उपस्थिति में प्रगतिशील किसान बृजेश त्रिपाठी के खेतों मे गुरुवार को धान की सीधी बुवाई का प्रदर्शन किया गया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। डॉ . सिंह ने कहा कि धान की सीधी बुवाई करने से परंपरागत रोपाई की अपेक्षा श्रम एवं लागत दोनों कम लगती है। इस विधि में हमें मजदूरों की आवश्यकता नहीं पड़ती साथ ही पानी का भराव नहीं करना पड़ता है। इस विधि से धान की बुवाई करने से पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है और पानी की बचत भी होती है। इस मौके पर धीरेंद्र शुक्ला, मनमोहन सिंह, अवधेश शुक्ला, सदाशिव तिवारी, नागेश्वर मौर्य सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

#### जानलेवा बनी रेलिंगविहीन पुलिया

**सिद्धौर, बाराबंकी : अमृत विचार :** बाराबंकी-हैदरगढ़ रोड से भानमऊ चौराहा से गंगागंज जाने वाले मार्ग पर झाबियापुर ठाकुर भट्ठा के पास नहर पुलिया की रेलिंग अज्ञात वाहन की टक्कर से काफी दिनों से टूटी पड़ी है। यह मार्ग भानमऊ से गंगागंज को जोड़ने वाले लखनऊ मार्ग से मिलता है। इस रोड पर टेढ़ा मोड़ होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने पुलिया की मरम्मत का कार्य कराने की मांग की है।



नहर पुलिया की टूटी रेलिंग।

#### वाहनों की धुलाई में रोज बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी



**दरियाबाद, बाराबंकी : अमृत विचार :** वाहन धुलाई सेंटरों की गिनती बढ़ती जा रही है। यहां चालीस से तीन सौ रुपये में वाहन धोने के नाम पर हजारों लीटर पानी रोज बर्बाद होता है। एक आम सर्विस सेंटर में कार धुलाई पर लगभग 500 लीटर और दोपहिया वाहन पर 100 लीटर पानी बहाया जाता है। इस हिसाब से देखें तो क्षेत्र के वाशिंग सेंटरों पर रोजाना हजारों लीटर पानी बहा दिया जाता है। एक सर्विस सेंटर में एक दिन में औसतन 10 से 15 बाइक और चार से पांच चारपहिया वाहनों की धुलाई होती है। सर्विस सेंटरों पर पानी को रिसाइकिलिंग व फिल्टर करने का संयंत्र वाटर ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है। जो कि नियमत : जरूरी है। क्षेत्र के सभी धुलाई सेंटरों में उपयोग के बाद पानी को नालियों में बहा दिया जाता है। ईओ शीलू अवस्थी ने बताया की वाशिंग सेंटरों से नगर पंचायत को कोई कर नहीं मिलता है। वॉशिंग सेंटरों पर कार्रवाई की जाएगी।

### व्यवस्था

**विधानसभावार गोदाम को किया जा रहा तैयार, सीसीटीवीयुक्त स्ट्रांग रूम को मजिस्ट्रेट करेंगे सील**

# ईवीएम के साथ 45 दिन तक सुरक्षित रहेगी सिंबल लोडिंग यूनिट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के साथ सिंबल लोडिंग इकाइयों (एसएलयू) को भी कम से कम 45 दिन संरक्षित रखा जाएगा। इसे लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्थानीय जिला निर्वाचन कार्यालय के विधानसभावार ईवीएम गोदामों को स्ट्रांग रूम के तौर पर तैयार किया जा रहा है। मतगणना के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को इन स्ट्रांग रूम में रखने के बाद इसे मजिस्ट्रेट के सामने सील किया जाएगा।

चुनाव आयोग ने एसएलयू के संचालन व रखरखाव से संबंधित नए प्रोटोकॉल को लागू करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। आदेश के बाद स्थानीय जिला निर्वाचन कार्यालय में बने ईवीएम गोदाम को तैयार किया जा रहा है। ताकि चार जून को शहर के नवीन मंडी परिसर में होने वाली मतगणना के बाद इन्हें यहां 45 दिनों तक संरक्षित किया जा सके। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक पहले मतदान के बाद अगले ही दिन ईवीएम को बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का निर्माण करने वाली संबंधित कंपनी को सौंप दी जाती थीं लेकिन मतगणना के दौरान या 45 दिनों के अंदर किसी भी प्रकार के आरोप प्रत्यारोप से बचने के लिए निर्वाचन आयोग ने सिंबल लोडिंग यूनिट को सुरक्षित रखने की व्यवस्था की है। इसी बीच मतगणना की तैयारियों के साथ ही निर्वाचन विभाग ईवीएम को सिंबल लोडिंग यूनिट के साथ रखवाने की तैयारी में जुटा है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि मतगणना के बाद 45 दिनों तक ईवीएम को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद निर्वाचन आयोग का जैसा निर्देश होगा उसका अनुपालन कराया जाएगा।




मतगणना के बाद निर्वाचन कार्यालय के हाल में ईवीएम रखने की हो रही तैयारी।

## भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

**निंदूरा, बाराबंकीः अमृत विचारः** कस्बा टिकैतगंज में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को भंडारे के साथ समापन हो गया। कथा समापन पर अंतिम दिन कथा व्यास कृष्ण मुरारी पांडेय ने कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कराने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद्भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इस मौके आयोजक आशुतोष निगम, रेखा निगम, शिव विशाल निगम, राम किशोर निगम, चैतन्य, रामदास गुप्ता, प्रमोद तिवारी, हर्षित, राहुल मौर्य आदि थे।

एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ अयोध्या रेलखंड पर रौजागांव रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई। उसकी पहचान लक्ष्मी (17) वर्ष पुत्री साहब लाल निवासी खतीरपुर कोतवाली रुदौली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दवा लेकर अपनी मां के साथ गई थी और वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गई। रुदौली कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अज्ञात युवक का मिला शव

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के कटरौली गांव के निकट एक नाले से लगभग 19 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। उपनिरीक्षक विनय यादव ने बताया शव कई दिन पुराना लगता है। पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। वहीं क्षेत्रवासियों ने हत्या कर शव नाले में फेंके जाने की आशंका जताई है।

### घायल बुजुर्ग ने भी तोड़ा दम

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायत नगर थाने के बरम बाबा हाईवे कट के पास बुधवार को हुई दो बाइकों की टक्कर में घायल बाइक सवार बुजुर्ग खड़भड़िया गांव निवासी बंशीलाल ने भी गुरुवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में पत्नी शिव कुमारी की मौत हो गई थी। खड़भड़िया ग्राम प्रधान ओम प्रकाश ने बताया कि मृतक के दो बेटे व चार बेटियां हैं।

### आठ तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में गठित स्थायी लोक अदालत में पेशकार के रिक्त पद पर नियुक्ति संविदा के आधार पर किए जाने के लिए आवेदन पत्रमांगे गए हैं। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा ने गुरुवार को बताया कि आवेदन फॉर्म जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आठ जून तक प्राप्त और जमा किए जा सकते हैं।

# 200 घंटे की कटौती, 1200 बार से अधिक ट्रिपिंग

## परेशानी — भीषण गर्मी में गहराया बिजली संकट, सुचारु आपूर्ति में पॉवर कॉर्पोरेशन के छूटे पसीने

अयोध्या कार्यालय

▸▸ सिविल लाइंस के कंधारी बाजार में फुंका ट्रांसफार्मर, मचा हाहाकार

**अमृत विचार :** अप्रैल में कटौती रहित बिजली आपूर्ति के दावे करने वाले पॉवर कॉर्पोरेशन की सांसें मई के अंतिम सप्ताह में उखड़ने लगी हैं। तापमान के साथ-साथ ट्रिपिंग, कटौती और ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं भी बढ़ गईं हैं। 72 घंटे (मंगलवार दोपहर से गुरुवार दोपहर तक) में 200 से घंटे की कटौती हो चुकी है। ट्रिपिंग भी 1200 के पार जा चुकी है। कंधारी बाजार में ट्रांसफार्मर फुंकने से हाहाकार मचा हुआ है। शहर के अधिकतर क्षेत्र में बिजली संकट अनवरत जारी है। यह हाल तब है जब अयोध्या जिले को बिजली आपूर्ति के मामले में विशिष्ट दर्जा दिया गया है।

नगरीय क्षेत्र में बिजली संकट गहरा गया है। बला की तपिश से ओवरलोड चल रहे सभी 34 विघुत उपकेंद्रों में ओसीबी और ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं। सिविल लाइंस के बड़े इलाके कंधारी बाजार का ट्रांसफार्मर बुधवार रात धूं-धूं कर जल गया। जिसके चलते 25 हजार से अधिक आबादी रात से गुरुवार शाम तक बिन बिजली के परेशानियां झेल रही है। बिजली न होने से कई जगह पेयजल संकट भी गहरा गया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि शिकायत दर्ज किए 18 घंटे से ऊपर हो गए लेकिन अभी तक फुंका ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया, जबकि नगर क्षेत्र में दो घंटे के भीतर जले ट्रांसफार्मर को बदलने या ट्रॉली ट्रांसफार्मर लगाने के आदेश हैं।

वहीं नियावां क्षेत्र, चौक इलाके और हैदरगंज आदि में अनवरत बिजली आपूर्ति संकट बरकरार है। यहां हर दो घंटे के दौरान बिजली आ और जा रही है। कैंट अंजनीपुरम विघुत उपकेंद्र की हालत भी पस्त हो गई है। देवकाली इलाके में मंगलवार और बुधवार की तरह गुरुवार को भी हर दो घंटे पर बिजली बाधित होती रही। अमानीगंज विघुत उपकेंद्र की ऑयल सर्किल ब्रेकर मशीन में खराबी आने से गुरुवार को साहबगंज आदि इलाके में तीन घंटे से अधिक बिजली गुल रही। नाका इलाके में भी कौशलपुरी में बुधवार रात कई घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही।

आलम ये है कि भीषण गर्मी में लोगों को रात सड़क पर टहल कर गुजारनी पड़ रही है। जानकारों का मानना है कि यदि गर्मी का पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है तो और भी विकराल स्थिति होगी। हालांकि पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा सुचारू आपूर्ति का दावा लगातार किया जा रहा है।



कंधारी बाजार में लाइन ठीक करता लाइन मैन।



देवकाली विद्युत उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर ठंडा रखने के लिए लगाया गया कूलर।

### बच्चों ने अर्द्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लगातार कटौती और ट्रिपिंग से तंग आकर गुरुवार को नियावां विद्युत उपकेंद्र पर आक्रोशित लोगों व बच्चों ने अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीन दिन से लगातार बिजली ट्रिपिंग हो रही है। जिससे भीषण गर्मी में जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। अवर अभियंता मौके पर नहीं मिले तो लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची हसनू कटरा चौकी पुलिस ने समझा कर लोगों को शांत किया।



नियावां विद्युत उपकेंद्र पर अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन करते बच्चे साथ में मौजूद लोग। अमृत विचार

### बिजली ने कई इलाकों में बढ़ाया पेयजल संकट

बिजली संकट के कारण लोगों को जलापूर्ति का भी दर्द झेलना पड़ रहा है। लगातार कटौती और ट्रिपिंग से नगर निगम के जलकल के पंप सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं। बिजली की आवाजाही को लेकर पंप आपरेटरों द्वारा हाथ खड़े कर दिए जा रहे हैं। चौबीस घंटे के दौरान हसनू कटरा, तेलीटोला, अंगूरीबाग, मुकेरीटोला, शक्तिनगर कॉलोनी आदि में जलापूर्ति बाधित चल रही है। बुधवार को केवल सुबह जलापूर्ति हुई शाम को नहीं। वहीं गुरुवार को भी सुबह इन इलाकों में पानी नहीं आया है। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

> बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जहां भी दिक्कतें आ रही हैं तत्काल दूर की जा रही है। उपभोक्ताओं को भी बिजली का उपयोग सोच समझ कर करना चाहिए।
> **-प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खंड प्रथम**

गर्मी का असर



पानी डाल कर ट्रांसफार्मर को ठंडा करते बिजली कर्मी।

## पॉवर कॉर्पोरेशन की अपील, पीक ऑवर्स में न करें एसी का प्रयोग

**अयोध्या, अमृत विचार :** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खंड प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा ने गुरुवार को अपील जारी करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि लोग अपने घरों में एसी पीक आर्वस शाम छह बजे से रात्रि 12 बजे तक कम उपयोग करें। कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण सिस्टम पर लोड़ लगभग दो गुना बढ़ गया है।तापमान बहुत अधिक होने के कारण सिस्टम में लगे विद्युत तन्त्रों की क्षमता कम हो गयी है। जिससे एक ही एसी का उपयोग करें।

## बंदर ने एबीसी केबल गिराई घंटों ठप रही बिजली

**अयोध्या। अमृत विचार :** कैंट अंजनीपुरम विघुत उपकेंद्र के अधीन शक्तिनगर क्षेत्र में गुरुवार शाम शक्तिनगर में केबल पर झूल रहे बंदर ने एबीसी केबल तोड़ कर नीचे गिरा दी। जिससे अश्वनी पुरम और शक्तिनगर समेत देवकाली क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बनाने पहुंचे बिजली कर्मी भी काफी देर तक बंदरों के उत्पात के आगे नतमस्तक रहे। काफी देर बाद आपूर्ति सुचारू हुई।

# राममंदिर निर्माण कार्य के समय में हुआ बदलाव

अयोध्या कार्यालय

▸▸ गर्मी के चलते दोपहर में 12 से शाम चार बजे तक बंद किया गया काम

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन राम मंदिर के कार्य पर भी गर्मी का असर पड़ रहा है। इस कारण निर्माण कार्य में बदलाव कर दिया गया है। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक तेज धूप के कारण कार्यों को बंद कर दिया गया है। अब सुबह 8 से 12 बजे तक और शाम 4 से देर रात तक ही कार्यों को किया जा रहा है।

राम मंदिर के प्रथम तल का कार्य पूरा होने के बाद द्वितीय तल पर भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही शिखर निर्माण की तैयारी भी शुरू हो गई है। मंदिर की परिधि में बन रहे परकोटा का कार्य भी प्रगति पर है। राम जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडपम, शेषवतार मंदिर का कार्य भी चल रहा है, जिसके लिए लगभग दो हजार वर्करों को लगाया गया है, जो अलग-अलग समय पर कार्य करते हैं।

राम मंदिर निर्माण की देख-रेख कर रहे विहिप पदाधिकारी गोपाल जी राव ने बताया कि मौसम को देखते हुए निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के स्वास्थ्य का भी विशेष ख्याल रखा जा रहा है। दोपहर में तेज धूप और गर्मी के कारण वर्कर प्रभावित न हों। इसके लिए 12 से 4 बजे तक का कार्य बंद कर दिया जाता है। गर्मी को देखते हुए वर्करों को समय-समय पर ओआरएस का घोल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## मदरसा बोर्ड परीक्षा : 780 पास 245 फेल, बेटियां अव्वल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड के नतीजे गुरुवार को जारी कर दिए गए। परीक्षा परिणाम में 780 उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, जबकि 245 बच्चे फेल हुए हैं। इस बार भी बालिका परीक्षार्थी छात्रों से आगे रहीं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि मदरसा बोर्ड की परीक्षा में कुल 1025 परीक्षार्थी बैठे थे। जिनमें 757 बालक और 268 बालिकाएं थीं। इसमें 601 बालक और 179 बालिकाएं उत्तीर्ण हुईं हैं। जबकि अनुत्तीर्ण में 156 बालक और 89 छात्राएं रहीं। इस तरह बालिका परीक्षार्थी इस बार भी अव्वल रहीं। जिले का परीक्षा परिणाम लगभग 76.09 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि कामिल प्रथम और द्वितीय और फाजिल के प्रथम के 191 छात्र - छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष मदरसा बोर्ड का परीक्षा परिणाम 25 प्रतिशत बेहतर रहा।

## सीजन की सबसे अधिक गर्म रात रही बुधवार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** न्यूनतम तापमान में सर्वाधिक वृद्धि होने से बुधवार की रात सीजन की सबसे गर्म रात रही। इस दौरान कई बार बिजली कटौती होने से लोग छटपटाते दिखे। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार दोपहर बाद आसपास के जिलों में बूंदाबांदी होने से जिले में कुछ राहत के बादल जरूर छाए रहे। मौसम विभाग का मानना है कि शुक्रवार दोपहर दो बजे के बाद आंधी और गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ.अमरनाथ मिश्र ने बताया कि अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान अब तक सर्वाधिक तापमान रिकार्ड किया गया है। उन्होंने बताया कि 31 मई को दोपहर बाद बदलने वाले मौसम से भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना अभी नहीं है।

**आज दोपहर बाद गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना**



राम की पैड़ी बनी स्वीमिंग पूल

42 डिग्री सेल्सियस तापमान में हर कोई परेशान है। भीषण गर्मी के आगे कूलर और एसी ने भी घुटने टेक दिए हैं। हर कोई गर्मी से निजात पाने की जुगत में है। गुरुवार को चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अयोध्या धाम स्थित राम की पैड़ी पहुंचे। देर शाम पैड़ी में स्वीमिंग पूल का लुत्फ उठाया। अमृत विचार

## पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी सरयू आरती में हुईं शामिल



श्रीरामलला के दर्शन के बाद परिवार के साथ पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी ने गुरुवार को परिवार के साथ रामलला के दर्शन किये। श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन कर भाव विभोर हो गईं। किरण बेदी ने बताया कि अपनी मां की बरसी के मौके पर रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंची हैं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रशासन की आभारी हूं, जिनकी वजह से अयोध्या में राम मंदिर बना है। उन्होंने बताया कि वह बहुत दिनों बाद अयोध्या दर्शन करने आई हैं। जब रामलला टेंट में थे तभी एक बार यहां आई थीं। देर शाम परिवारजनों के साथ सरयू मां की आरती में भी शामिल हुईं।



रामलला के दर्शन के बाद महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस व तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय।

## अयोध्या में बनाया जाएगा महाराष्ट्र भवन

▸▸ महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने की घोषणा, रामलला के किये दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में जल्द ही महाराष्ट्र भवन बनाया जाएगा। ये घोषणा गुरुवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। वो रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हर्ष की बात है कि मैं रामलला का दर्शन कर पाया हूं। इसके साथ हनुमान जी का दर्शन किया है। प्रधानमंत्री के तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान पर विपक्ष के आरोप पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग घोर हिंदू विरोधी हैं। इनको मेडिटेशन में भी राजनीति नजर आ रही है। वे लोग चंद वोटों के भूखे हैं। इससे पहले उनके महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुँचने पर हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने स्वागत किया। सबसे पहले हनुमानगढ़ी और फिर राम जन्म भूमि में दर्शन पूजन किया। हनुमान गढ़ी पर पुजारी राजू दास ने प्रतीक चिह्न गदा भेंट की।

# किशोरी से दुष्कर्म में दोषी युवक को 10 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। दोषी पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी हुआ है। जमानत की आधी रकम पीड़िता को बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से गुरुवार को हुआ।

एडीजीसी सतीश चंद्र देवरस ने बताया कि कोतवाली नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी आरोपी अविनाश तिवारी निवासी अमानीगंज कॉलोनी के यहां उसकी बहन जो उसकी सहेली थी, उससे मिलने गई थी। सहेली नहीं मिली और अविनाश ने उसे घर में अकेला पाकर उसे जहरीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। इसी को वायरल करने की धमकी देकर उसने उसके साथ पांच साल तक लगातार शारीरिक संबंध बनाए। वह गर्भवती हो गई तो दो बार गर्भपात भी करवाया। बीच में अविनाश नागपुर चला गया। वहां से आया तो 28 मई 2016 की रात आठ बजे उसे कैंट थाना क्षेत्र में एक स्कूल में फोन करके बुलाया। भयभीत होकर किशोरी ने एक सामाजिक सेविका को फोन किया। वहां आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए और इसकी रिपोर्ट किशोरी ने कैंट थाने में दर्ज करवाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने बुधवार को अभियुक्त को दुष्कर्म, जहरीला पदार्थ खिलाने और जान से मारने की धमकी देने की धारा में दोषसिद्ध करते हुए जेल भेज दिया था। सजा के बिंदु पर गुरुवार को सुनवाई के बाद सजा दी।

सार-संक्षेप

### कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**गोसाईगंज,अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक कार ने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान कस्बे के कटरा मोहल्ला निवासी केवल गुप्ता पुत्र अशर्फीलाल के रूप में हुई है। कस्बा निवासी एक विद्यालय के प्रबंधक मनोज गुप्ता ने बताया कि मृतक उनके चाचा थे और सुबह अपने घर से साइकिल से पैतृक गांव जैतपुर जा रहे थे। इसी दौरान अकबरपुर राजमार्ग पर नंदनगर स्थित एक निजी अस्पताल के सामने अज्ञात कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। थाना प्रभारी परशुराम ओझा ने बताया कि हादसे की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है।

### पासपोर्ट के लिए महीनों की चल रही वेटिंग

**अयोध्या।** जिले में पासपोर्ट के लिए महीनों की वेटिंग चल रही है। सिविल लाइंस के प्रधान डाकघर स्थित पासपोर्ट कार्यालय में आवेदन के लिए पहुंचने वाले लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि एक महीने पहले आवेदन करने के बावजूद अभी तक पासपोर्ट बनाए जाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि करीब 1300 पासपोर्ट लंबित पड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 40 लोग यहां आवेदन करते हैं। पूरी जानकारी के लिए क्षेत्रीय कार्यालय पर संपर्क करने की बात कही गई। इस संबंध में जब डाकखाने के विपणन अधिकारी सत्येंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वेटिंग के बारे में मुझे पता चला है, लेकिन यह मेरे विभाग से संबंधित नहीं है।

### दवाओं के नमूने मिले अधोमानक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रिकाबगंज स्थित दो फर्मों से लिए गए दवाओं के नमूने की रिपोर्ट गुरुवार को आ गई। दवाएं जांच में अधोमानक पाई गई हैं। अब दवा कंपनियों और शहर की दो फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अयोध्या में निर्माता फर्म के प्रतिनिधि द्वारा की गई शिकायत के बाद औषधि निरीक्षक ने रिकाबगंज स्थित दो औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों पर जांच की थी। बलदेव प्लाजा स्थित मै. कृपाल फार्मा व सावित्रि मार्केट के मै. जीफार्मा पर जांच के दौरान संदिग्ध दवा एल्डेवरिट-12 इंजेक्शन निर्माता फर्म टीएंडजी मेडिकेयर व ईजी फार्मास्यूटिकल्स सोलन हिमाचल प्रदेश के चार नमूने 20 फरवरी 2024 को परीक्षण के लिए संग्रहीत किए थे। इसके बाद नमूनों को आगरा स्थित लैब में जांच के लिए भेजा था। जांच के दौरान चारों इंजेक्शन के नमूनों में फोलिक एसिड की मात्रा कम पाई गई, जिस कारण उन्हें अधोमानक घोषित कर दिया गया। औषधि निरीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि निर्माता फर्मों व औषधि विक्रय फर्मों को नोटिस भेजा गया है। मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। विक्रय फर्मों को पार्टी बनाया जाएगा।

### किराए के कमरे में मृत मिला अधेड़

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली के नाका मकबरा क्षेत्र स्थित कुम्हारन टोला में एक अधेड़ अपने किराए के कमरे में मृत मिला है। मूल रूप से बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरे चंदौली का रहने वाला विशाल पाल (41) पुत्र रूपचंद यहां नगर कोतवाली क्षेत्र में नारियल पानी की दुकान लगाता था और फतेहगंज चौकी क्षेत्र में नाका चुंगी-गांधीनगर मार्ग पर कुम्हारन टोला में एक मकान के ऊपरी हिस्से में किराए पर रहता था। गुरुवार सुबह अधेड़ के कमरे में मृत पड़े होने की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची तो शव फर्श पर पड़ा मिला मुंह से खून निकला हुआ था। पंखा गिरा हुआ था। करेंट लगने की आशंका के चलते पुलिस ने एफएसएल की टीम बुला मौका-मुआयना कराया, हालांकि करेंट लगने का कोई सबूत नहीं मिला। चौकी प्रभारी अक्षत पटेल का कहना है कि मृतक नशे का आदी बताया गया है। मामले की जानकारी परिवार को भेजवा, मौत की वजह की जानकारी के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा चुनाव — बाहर नौकरी करने वालों को निर्वाचन आयोग ने दी वोट डालने की सुविधा

# मतदान में परदेशियों ने दिखाई खासी दिलचस्पी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



▸▸ 1945 ने किया पंजीकरण, रोज पहुंच रहे 48 मतपत्र

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मतदान में परदेशियों ने खासी दिलचस्पी दिखाई है। जिले से बाहर नौकरी करने वाले 1945 परदेशियों ने मतदान के लिए पंजीकरण करके बैलेट पेपर मांगा। अब रोज करीब 48 मत पत्र स्पीड पोस्ट से यहां विभाग में पहुंच रहे हैं।

निर्वाचन आयोग ने जिले से बाहर नौकरी करने वालों को लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा दी है। इनमें सेना सहित अन्य विभागों के नौकरी पेशा लोग शामिल हैं। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में मतदान 20 मई को हो चुका है। चार जून को मतगणना होगी, लेकिन स्पीड पोस्ट से मतपत्र अब भी आ रहे है। यह मतपत्र वह हैं जो अयोध्या के परदेशी अपना सांसद चुनने के लिए टिक करके भेज रहे हैं।

परदेश में नौकरी करने वाले यहां के मतदाताओं के लिए (इटीपीबीएस) व्यवस्था ऑनलाइन है। लोकसभा क्षेत्र में नामांकन, नामवापसी और चुनाव चिह्न आवंटन और प्रत्याशियों की सूची फाइनल होने के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू होती है। सर्विस वोटर मतदान के लिए वहां से पंजीकरण करते हैं। ऑनलाइन मतपत्र डाउनलोड करते हैं। लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों की सूची सामने होती है। इस पर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के सामने टिक करते हैं। साथ ही घोषणा पत्र भरकर अन्य कार्रवाई पूरी करते हैं। वह इसे स्पीड पोस्ट से जिले के निर्वाचन अधिकारी को भेज देते हैं। ऐसे कुल 658 पोस्टल बैलेट गुरुवार शाम तक यहां पहुंचे हैं। निर्वाचन में पोस्टल बैलेट के नोडल अफसर व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मतगणना के दिन चार जून की सुबह आठ बजे के पहले जितने भी मतपत्र आएंगे। उनको मतगणना में शामिल किया जाएगा।

### मतगणना के लिए 25 मास्टर ट्रेनर देंगे प्रशिक्षण

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव में मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित किए जाने के लिए 25 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्हें कार्मिकों को प्रशिक्षित किए जाने के टिप्स दिए गए। विकास भवन के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में परियोजना निदेशक आरपी सिंह और डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि इवीएम को किस तरह खोला जाएगा। इसके बाद मतों की गिनती के लिए कौन सा बटन दबाना है, जिससे एक-एक करके प्रत्याशियों को वोट सामने आ जाएं। मतगणना टेबल के सामने मौजूद प्रत्याशियों के एजेंटों को किस तरह से डिस्प्ले करके दिखाना है। जिससे उनको मतों की जानकारी हो जाए। अन्य बारिकियों के बारे में जानकारी दी गई।

## अवध विवि का पीएचडी प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2023-24 के पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार ने बताया कि 28 विषयों के पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है।

अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते है। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फर्रूख जमाल ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 30 अप्रैल को सम्पन्न हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों एवं इस परीक्षा से जिन्हें पीएचडी अध्यादेश-2022 में औपबंधित छूट प्रदान की गई थी। ऐसे अभ्यर्थियों को भी साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना होगा। साक्षात्कार की तारीखें विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जल्द घोषित की जाएंगी।

## एक नजर

### प्रमुख मार्गों पर टैंकर से पानी का होगा छिड़काव

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रचंड गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत कादीपुर में मुख्य मार्गों पर टैंकर से पानी गिराने का निर्णय लिया है। गुरुवार से इस काम की शुरुआत भी हो चुकी है। चेयरमैन आनंद जायसवाल ने बताया कि इन दिनों तापमान काफी बढ़ गया है। जिससे लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से टैंकर से सड़क पर पानी गिराया जा रहा है। आगे प्रतिदिन दोपहर के समय पानी गिराया जाएगा।

### एक साथ रहने को राजी हुए पति-पत्नी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार को पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलाह समझौता के जरिए खत्म कराया गया। सिंधुलता सिंह पत्नी और अवनीन्द्र प्रताप सिंह ग्राम अमटाही भादर अमेठी के बीच पारिवारिक रिश्ते अच्छे नहीं थे। उनकी शादी नौ वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पक्षों को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में वार्ता कराकर सुलह समझौता कराया गया। इस दौरान मध्यस्थ हरिराम सरोज, अधिवक्ता अमित पांडेय मौजूद रहे।

### निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता आनंद प्रकाश पांडेय के निधन पर गुरुवार को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। शोक प्रस्ताव कारण वकील न्यायिक कामकाज से विरत रहे। शोक सभा में बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, शिवमंगल शुक्ल, करुणाशंकर दुवेदी, सत्यम तिवारी, कुलदीप वर्मा, बलराम तिवारी,अरुण पाण्डेय, प्रदीप यादव, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मां के हत्यारे को आजीवन कारावास

## दोषी पुत्र पर 15 हजार का अर्थदंड भी लगाया, जयसिंहपुर खुर्द गांव में 10 वर्ष पूर्व हुई थी घटना

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर खुर्द गांव में 10 साल पूर्व माता से तंग आकर उसकी गर्दन काटकर हत्या करने व सिर को कुएं में फेंककर साक्ष्य मिटाने के दोषी पुत्र महेंद्र विश्वकर्मा को न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

एडीजीसी विजय शंकर शुक्ल के मुताबिक वादी मुकदमा सुकई विश्वकर्मा 1 जनवरी 2014 को पत्नी रामकली की दवा लेने शाम को चार बजे सेमरी बाजार गया था। बाजार से लौटकर घर आया तो देखा उसकी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर महेंद्र बैठा था। कड़ाई से पूछने पर दोषी महेंद्र ने बताया, मां नल के पास अक्सर दीर्घ शंका कर देती थी, जिससे वह


दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ता व वादकारी।

बहुत परेशान था, जिस कारण उसने हत्याकांड को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुएं से रामलली का सिर बरामद किया । पिता सुकई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे में पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोषी पुत्र को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड, हत्या कर साक्ष्य छिपाने के आरोप में 7 वर्ष व 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाकर गुरुवार को जेल भेज दिया।

### जेल में निरुद्ध आरोपी को राहत

**सुलतानपुर :** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र पीपरपुर के एक गांव से दो माह पूर्व किशोरी के अपहरण व छेड़छाड़ के मामले में विरोधाभासी बयानों के कारण पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने आरोपी खुर्शीद खान को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने कहा कि बीती 2 मार्च को दर्ज हुए मुकदमे में पुलिस और मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए पीड़िता के बयानों में भिन्नता पाई गई है। कोर्ट ने साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर जेल में बंद आरोपी खुर्शीद खान की रिहाई का आदेश दिया है।

## दुष्कर्म के आरोपी इंस्पेक्टर की निगरानी अर्जी पर सुनवाई आज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** महिला आरक्षी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी इंस्पेक्टर नीशू तोमर की निगरानी अर्जी पर आज सुनवाई होगी।

हलियापुर थाने में तैनात रहने के दौरान एक महिला आरक्षी ने तत्कालीन एसओ नीशू तोमर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए 14 जुलाई 2022 को कोतवाली नगर में मामला दर्ज कराया था। विवेचना में पुलिस ने दुष्कर्म का मामला हटाकर केवल गाली व धमकी देने के आरोप में चार्जशीट दाखिल की थी। पीड़ित आरक्षी ने अपने वकील संतोष पांडेय के जरिए विरोध दर्ज कराया। विरोध पर आठ अप्रैल को तत्कालीन सीजेएम बटेश्वर कुमार ने इंस्पेक्टर को दुष्कर्म के अभियोग में तलब किया था। इसे इंस्पेक्टर ने जिला जज की अदालत में चुनौती दी है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से दिव्यांग की हुई मौत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली देहात थाने के कामतागंज बाजार से सलाहपुर रोड पर पन्नाटिकरी मोड़ के पास कामतागंज की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े दिव्यांग व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दिव्यांग युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी तो उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि युवक को टक्कर मारकर कार सवार मौके से फरार हो गया।

सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल युवक को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी है। मृतक की पहचान गुलाब चंद्र निषाद पुत्र स्व. बैजनाथ निषाद निवासी ग्राम सलाहपुर थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है।

### पुत्र-पुत्रियों के सिर से हटा पिता का साया

दिव्यांग गुलाब चंद्र की हादसे में मौत के बाद परिवार का बुरा हाल है। परिवार में पत्नी, दो बेटे और दो बेटियों के सिर से हमेशा के लिए पति और पिता का साया भी हट गया। मृतक गुलाब चंद्र मिलनसार व सरल स्वभाव का था और मजदूरी कर परिवार चलाता था।

# जमीनी विवाद में मारपीट, चार घायल

- पुलिस ने क्रास रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच
- घटना में घायल दो लोग जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के अमऊ जासरपुर ग्राम पंचायत में सुबह रास्ते के विवाद को लकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत चिंता जनक है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है।

गुरुवार को पूरे कोलीया निवासी रंजीत दुबे और संदीप दुबे घर के सामने कुछ निर्माण कर रहे थे। तभी पड़ोसी राजेश, अनिल, अमित दुबे ने उनको वहां पर निर्माण करने से रोका। कहा कि यह जमीन विवादित है। इसको पुलिस ने


गंभीर रूप से चोटिल अनिल।

एक माह पूर्व रोका था और कहा था कि जब तक समझौता नहीं हो जाएगा कोई निर्माण नहीं करेगा। गुरुवार को विवाद हुआ तो किसी ने पुलिस को उसकी सूचना दी। 112 नंबर मौके पर पहुंची। पुलिस समझा रही थी तभी लाठी डंडे से लैस दोनों पक्ष मारपीट करने लगे। जिसमें राजेश दुबे पुत्र दया, अनिल कुमार, अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के रंजीत को मामूली चोटे आई। सभी सीएचसी धनपतगंज में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर रूप घायल दो लोगों को जिला मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया।

थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट का मुकदमा दोनों पक्षों की तरफ से लिख लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

## कर्तव्य हमेशा अधिकारों के अधीन है : अपर जिला जज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरुवार को तुराबखानी स्थित वृद्धाश्रम में शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि कर्तव्य हमेशा अधिकारों के अधीन है। जहां अधिकार है, वहीं कर्तव्य। देश के संविधान में लोगों को अधिकार दे रखे हैं। आज हमको अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जरूरत है। यदि संस्कार अच्छे होंगे तो मां-बाप की सेवा भी ठीक तरीके से होगी। बुजुर्गों को संबोधित करते हुए सचिव श्री गुप्ता ने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी परवरिश देनी चाहिए।

# लोको पायलट मुख्यालय बंद करने के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर (पैसेंजर, मेल व एक्सप्रेस) का विभाग की ओर से सुलतानपुर मुख्यालय बंद करने की जानकारी पर नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन ने विरोध प्रदर्शन किया।

गुरुवार को नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन की सुलतानपुर शाखा ने रेलवे स्टेशन के लाबी के समीप विरोध प्रदर्शन किया। विरोध जताते हुए एनआरएमयू के महामंत्री एससी द्विवेदी ने कहा कि जिन गाड़ियों को सुलतानपुर का कर्मचारी चलाता है, प्रस्तावित लिंक से सभी पद



सुलतानपुर स्टेशन पर धरना देते लोको पायलट। अमृत विचार

समाप्त कर दिए जाएंगे। कार्यरत कर्मचारी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया जाएगा। संगठन इसका हर स्तर पर विरोध करेगा। साथ ही इसे लागू नहीं होने दिया जाएगा। कामरेड रविंद्र यादव ने सभी को संगठित होने का आवाहन किया है। विरोध प्रदर्शन में आल इंडिया लोको पायलट एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

# भीषण गर्मी में हुई परीक्षा तो करेंगे आंदोलन

- एबीवीपी ने अवध विवि के कुलपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अवध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 31 मई की परीक्षा के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुलतानपुर के संगठन ने जिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में सीआरओ के माध्यम से कुलाधिपति तथा कुलपति को परीक्षा की तिथि में परिवर्तन या गर्मी में परीक्षार्थियों के सुनियोजित व्यवस्था के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

छात्र संगठन की मांग है कि परीक्षा की तत्काल तिथि परिवर्तन की जाए। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए मौसम अनुकूल होने के बाद ही परीक्षा कराई जाए। ऐसे में गर्मी के चलते भीषण लू का कहर जारी है। रोज कहीं न कहीं धूप की


कुलपति को संबोधित ज्ञापन सीआरओ को सौंपते एबीवीपी के पदाधिकारी।

वजह से छात्रा बेहोश हो रहे हैं। कई बीमारियों से पीड़ित हैं। ऐसे में छात्र छात्राएं 40 किलोमीटर की दूरी तय करके धूप में आएंगे। परीक्षा देने और परीक्षार्थियों के स्वास्थ्य का जिम्मेदार कौन होगा।

एबीवीपी के जिला संयोजक ऋतिक ने कहा, यदि किसी छात्र-छात्रा के साथ स्वास्थ्य संबंधित गंभीर अनहोनी होने पर कुलपति परीक्षा नियंत्रक सभी जिम्मेदार होंगे। कुलपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएंगे। मौके पर सौम्या बरनवाल प्रांत सहसंयोजक सोशल मीडिया, सत्यम चौरसिया जिला मीडिया संयोजक, मनीष यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महाविद्यालय शिक्षक संघ ने किया परीक्षा का बहिष्कार

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार।** संजय गांधी पीजी कॉलेज चौकिया में महाविद्यालय शिक्षक संघ की स्थानीय इकाई की बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष डॉ सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन 31 में से परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया है। जबकि 23 मई से 4 जुलाई तक शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश होता है। मौजूदा समय में भयंकर गर्मी से लोग परेशान हैं। इसलि महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने इस परीक्षा का बहिष्कार करने का निर्णय लिया हैं।

# ताला तोड़ ग्राम सचिवालय को चोरों ने बनाया निशाना

- इनवर्टर, बैट्री व डीबीआर उठा ले गए चोर

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोपालपुर बड़ागांव में बने ग्राम सचिवालय का बुधवार की रात चोरों ने अपना निशाना बनाया। कमरे का ताला तोड़ चोरों ने अंदर रखा इनवर्टर, दो बैट्री, डीबीआर उठा ले गए।

गुरुवार की सुबह सचिवालय पहुंची पंचायत सहायक पुनीता ने सचिवालय का ताला टूटा देख इसकी सूचना प्रधान पति को दी। प्रधानपति अंबरीश ने चोरी की जानकारी डायल 112 को दी, सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पंचायत सहायक पुनीता ने चोरी के घटना की शिकायत थाने पर दी है।

**पूर्व में भी आधा दर्जन पंचायत भवन में हो चुकी है चोरी :** पूर्व में भी ग्राम पंचायत डड़वाकला, मलिकपुर बखरा, हांसापुर, बढ़ौनाडीह, मैरीरंजीत, रामपुर बिरतिहा, डींगुरपुर बनकेगांव, कांछाभिटौरा सहित करीब आधा दर्जन से अधिक ग्राम सचिवालयों का ताला तोड़कर चोरी हो चुकी है। लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी भी चोरी का न तो खुलासा किया है और न किसी भी चोरी में मुकदमा दर्ज किया है।

## सार-संक्षेप


दीवानी परिसर में शरबत वितरित करते अधिवक्ता।

### भीषण गर्मी को देखते हुए दीवानी में हुआ शर्बत वितरण

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के मद्देनजर सुलतानपुर दीवानी परिसर में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ अधिवक्ता बैतुल्लाह खान ने किया। गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में दीवानी परिसर में उपस्थित सभी लोगों के लिए शरबत की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता बैतुल्लाह खान और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर एडवोकेट नफीस अहमद खान, फिरोज अहमद खान, अबरार हुसैन, मोहम्मद शकील, नफीस सिद्दीकी, इरफान बशीर, हाजी प्यारे अहमद खान, मोहम्मद अरशद खान आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार को मातृ शोक, दी गई श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के वरिष्ठ पत्रकार उमेश तिवारी निवासी ग्राम सभा घमहा (चांदा) की माताजी श्रृंगारमती (71) की अचानक तबीयत खराब होने से गुरुवार की सुबह निधन हो गया। राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी, महासचिव श्रीकृष्ण पांडेय, कोषाध्यक्ष पंकज पांडेय, सतीष पांडेय, नवनीत मिश्र, अशोक शुक्ल, पवन मिश्र, संतोष पांडेय, नीरज तिवारी, सत्य नारायण पांडेय, अजय पांडेय आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

### वकीलों की साधारण सभा की बैठक 6 जुलाई को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** खुर्शीद क्लब मैदान में 6 जुलाई को वकीलों की साधारण सभा की बैठक होगी। बार मीडिया प्रभारी अशोक शुक्ल ने बताया बैठक में महासचिव आर्तमणि मिश्र आय व्यय का लेखा जोखा सदन के समक्ष पेश करेंगे तथा नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव की तारीख की घोषणा की जायेगी। एल्डर्स कमेटी की निगरानी में संघ का चुनाव सीसी कैमरे के बीच होगा। इस बार भी सभी प्रत्याशी अपने अपने चुनावी मुद्दों को गिनाते हुए पूरे दमखम के साथ वकीलों के बीच अपनी बात रखकर वोट की अपील कर रहे हैं।

### आंधी में ढह गई नवनिर्मित पीएचसी भवन की बाउंड्रीवाल

**धनपतगंज/विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार की शाम आई आधी के झोंके ने प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की बाउंड्रीवाल को गिरा दिया। पीएचसी की बाउंड्रीवाल गिरने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो गया है। विकास खण्ड धनपतगंज के अमऊ जासरपुर में प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण 1.36 करोड़ की लागत से हुआ है। तैयार भवन को अभी हाल ही में कार्यदायी संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित किया गया था। लेकिन बुधवार की शाम आई आधी ने कार्यदायी संस्था के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। आंधी से अभी बाउंड्रीवॉल ही गिरी है। तेज बारिश व आंधी में भवन का क्या होगा, ये तो आने वाला समय ही बताएगा। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमऊ जासरपुर में तैनात फार्मासिस्ट कमल कुमार विद्यार्थी ने बताया कि सफाई कर्मी न होने से अस्पताल परिसर में साफ सफाई नहीं हो पा रही है। सीएचसी अधीक्षक धनपतगंज व विभाग को कई बार पत्र के जरिए अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। वहीं परिसर में लगे हैंडपंप का जल दूषित होने के कारण गर्मी में पेय जल की भी असुविधा हो रही है।


पीएचसी भवन की गिरी बाउंड्रीवाल। अमृत विचार

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**बल्दीराय/विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के वलीपुर बाजार के समीप एक कार ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। कार की ठोकर से गंभीर रूप से घायल दंपति को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। गुरुवार को सुलतानपुर-हलियापुर मार्ग पर वलीपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दंपति को ठोकर मार दी। कार की ठोकर से गम्भीर रूप से घायल हुए दंपति को चौकी इंचार्ज वलीपुर विजय कुमार गुप्ता ने घायलों को एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेजा। घायल दंपति बाइक सवार की पहचान संजय गौतम पुत्र ननकू और विधोसमा पत्नी संजय गौतम निवासी डोमनपुर थाना कुड़वार के रूप में हुई। ठोकर मारने के बाद कार चालक व उस पर सवार लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी कार व बाइक को कब्जे में ले लिया है।

# सभी गुणों की खान हैं हनुमान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गोस्वामी तुलसीदास जी जब राम चरित मानस को लिपिबद्ध करते समय हनुमानजी के गुणों पर विचार कर रहे थे। वे जिस गुण का सोचते, वहीं हनुमानजी में भरपूर दिखाई देता। इसलिए उन्होंने हनुमानजी की स्तुति करते समय उन्हें सकल गुण निधान कहा है।

उक्त बातें जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करिया बझना में चल रही श्री राम यज्ञ एव मानस सम्मलेन के 38वें वर्ष की तीन दिवसीय राम कथा के दूसरे दिन अयोध्या से पधारे पंडित मधुसूदन शास्त्री ने कही। उन्होंने बताया कि यह सम्मान पूरे संस्कृत साहित्य में केवल बजरंगबली को मिला है। हालांकि, ईश्वर के समस्त रूप अपने आप में पूर्ण हैं, लेकिन


रामकथा सुनाते पं. मधुसूदन शास्त्री।

हनुमानजी एकमात्र ऐसे स्वरूप हैं, जो किसी भी कार्य में कभी भी असफल नहीं हुए। कथा के क्रम में वाराणसी से पधारे डा अनिल कुमार पांडेय ने मौजूद श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराते हुए बताया कि भव सागर से पार उतारने में राम नाम ही सहायक साबित होगा। वहीं बाबा शीतल जी महराज ने राम चरित मानस के विभिन्न प्रसंगों पर चर्चा करते हुए मौजूद श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराया।

## डिवाइडर से टकराई कार, छह घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** घर से कार से लखनऊ जा रहे चालक को नीद की झपकी आने से वाहन डिवाइडर से टकरा गया। जिससे चालक सहित छह लोग घायल हो गए। मऊ जिले के मुंशीपुर निवासी मुनौव्वर अली गुरुवार को परिवार के साथ कार से लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार पूर्वांचल एक्सप्रेस वे 145 किमी अलहदादपुर के पास पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। नींद की झपकी आने से अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर से टकरा गयी। जिससे कार में बैठी शबनम (35), महफूज (2), राशिदा (55), गुल्पशा (27), गुलनाज (10) व चालक आरिफ चोटिल हो गये। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर भेजा। जहां मौजूद चिकित्सकों ने रशीदा व गुल्पशा को जिला अस्पताल अंबेडकर नगर रेफर कर दिया।

# सिर दुश्मनों के आगे झुकाया न जाएगा...

- कवि गोष्ठी में स्थानीय कवियों का लगा जमावड़ा

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कस्बे के अनिरुद्ध नगर मोहल्ले में कवि एवं शायर आलोक पांडेय के आवास पर एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी में स्थानीय कवियों का जमावड़ा हुआ।

गोष्ठी की अध्यक्षता कादीपुर के वरिष्ठ कवि बृजेश कुमार पांडेय इंदु सुलतानपुरी ने किया। गोष्ठी की शुरुआत संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ करुणेश प्रकाश भट्ट की सरस्वती वंदना मां शारदे तुम्हारी महिमा बड़ी है न्यारी, ममता की छांव सचमुच तेरी बड़ी है प्यारी से हुआ। कवि अवनीश पांडेय स्नेह सौरभ ने सुनाया मैं आजाद पंछी हूं नील गगन


कादीपुर में आयोजित गोष्ठी में कविता पाठ करते कवि।

का, एक हल्का झोंका हूं मस्त पवन का। युवा कवि धनंजय श्रीवास्तव ने पढ़ा शून्य गगन में शेष रह गया अपना ताना-बाना, चिता की आग पर पहुंचा जब मैं समझा आना जाना। गोष्ठी के मेजबान शायर आलोक पांडेय ने अपने मधुर स्वर से गजल सुनाकर भाव विभोर किया। बलिदान आपका कभी जाया न जाएगा, सिर दुश्मनों के आगे झुकाया न जाएगा। अवधी के कवि पवन कुमार सिंह ने कविता पाठ किया, जहां पै राम जहां पै श्याम, उहैइ आटइ भारत सन्नाम। डॉ करुणेश प्रकाश भट्ट ने सुनाया, स्वार्थ में ढलता रहा है आदमी का हर प्रहर, मिल गया है आदमी के दिल में ये कैसा जहर।

**सक्रियता** सीएमएस को लगाई फटकार, अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की दी हिदायत, एडी हेल्थ के पहुंचते ही पहुंचे सीएमओ

# एडी हेल्थ के निरीक्षण में नदारद मिले नौ डॉक्टर समेत 23 स्वास्थ्य कर्मी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले की जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के बिरसिंहपुर में स्थित सौ शैय्या अस्पताल के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। एडी हेल्थ अयोध्या डॉ. सुशील कुमार चौधरी के आकस्मिक निरीक्षण में पोल खुल गई। सीएमएस डा. राजकमल चौरसिया सौ शैय्या अस्पताल में मौजूद मिले, लेकिन उनके अधीनस्थ नौ चिकित्सक समेत 23 स्वास्थ्य कर्मी नदारद मिले। एडी हेल्थ ने अनुपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन बाधित करने का आदेश दिया।

### निरीक्षण के समय ये लोग रहे नदारद

निरीक्षण के समय डा. ज्ञान सागर पांडेय, डा. जीसी पाठक, ईएमओ डा. शिवराम मिश्र उपस्थित पाए गए। बाकी डा. आफताब रजा, डा. एपी सिंह, डा. जय सिंह, डा. मनीष केसरवानी, डा. भास्कर, डा. प्रिंस मोदी, डा. सोहन स्वरूप शर्मा, डा. मिथलेश, डा. जय शंकर व गाइनोलॉजिस्ट समेत 23 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए।

गुरुवार की सुबह क़रीब नौ बजे एडी हेल्थ अयोध्या बिरसिंहपुर स्थित सौ शैय्या अस्पताल आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डा राजकमल चौरसिया व आकस्मिक सेवा के स्वास्थ्य कर्मी ही मौजूद मिले। जिससे एडी हेल्थ ने नाराजगी जाहिर करते हुए अनुपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन बाधित करने का निर्देश सीएमओ को दिया है।


बिरसिंहपुर अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे एडी हेल्थ सुशील प्रकाश चौधरी।

**स्वास्थ्य कर्मियों पर अंकुश लगाने में नाकाम सीएमएस :** अस्पताल के संचालन से पहले ही बतौर सीएमएस डॉ. राजकमल चौरसिया तैनात किए गए थे। अस्पताल का लोकार्पण साल भर पहले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया था। लेकिन आज भी बिरसिंहपुर स्थित सौ शैय्या अस्पताल सही ढंग से संचालित नहीं हो पाया है। एडी हेल्थ के निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ ओपी चौधरी, डिप्टी सीएमओ, सीएमएस सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

> सप्ताह भर में प्रसव सेवा शुरु हो जाएगी। अनुपस्थित पाए गए लोगों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही अस्पताल के अन्य सुविधाएं जल्द ही संचालित होने लगेगी। -डॉ. सुशील प्रकाश चौधरी
> एडी हेल्थ, अयोध्या

### एक सप्ताह में शुरू होगी प्रसव सेवा

एडी हेल्थ ने लेवर रूम का निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह में प्रसव सेवा शुरु कराने के निर्देश सीएमएस को दिया। साथ ही एएनएम की तैनाती व 102 एंबुलेंस सेवा को क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने का निर्देश दिया है। सीएमएस को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि आप यहीं मौजूद हैं आपके अधीनस्थ गायब है। यह बेहद ही लापरवाही है।

## एक नजर

### दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी/ मोहनगंज, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों घर पर अकेली किशोरी को झांसा देकर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म और धमकी के मामले में पड़ोसी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अमेठी थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि गुरुवार को अभियुक्त राहुल सरोज को स्टेशन मोड़ बीआरओ ऑफिस के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना अमेठी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। इसके अलावा थाना मोहनगंज पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। वांछित अभियुक्त विजय कुमार (19) निवासी पूरे मेहरबान सिंह मजरे ज्योना थाना महाराजगंज, रायबरेली को गुरुवार को गिरफ्तार किया है।

### 72 घंटे के बाद भी नहीं लग सका ट्रांसफार्मर

शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार। भीषण गर्मी के बीच खेममऊ ग्राम सभा के पूरे उदनी गांव में करीब तीन दिनों से बिजली नदारद है। ग्रामीण गर्मी से व्याकुल हैं। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर फुंकने की सूचना बिजली विभाग को दी गई थी लेकिन 72 घंटे बीतने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया। बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में रोष बढ़ रहा है। ग्रामीण राजीव पांडे ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के कर्मचारी व लाइनमैन से संपर्क किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। गांव के संदीप पांडे, आकाश पांडे, हरिश्चंद मिश्रा, संजय पांडे आदि लोगों ने ट्रांसफार्मर जल्द से जल्द रखवाने की मांग की है।

### महिला की चेन चोरी

अमेठी, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के रामनगर सती महरानी धाम में गुरुवार को दुखदुरिया कार्यक्रम में शामिल होने आई महिला की सोने की चेन गायब हो गई। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के शुकुलपुर टेंगहा निवासी चंद्रावती शुक्ला पत्नी जय प्रकाश शुक्ला ने अमेठी थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# बेटों और नाती की पिटाई से घायल बुजुर्ग पिता की मौत

## जमीन के बंटवारे को लेकर घटना को दिया अंजाम

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जायस थाना क्षेत्र में बीते 27 मई को जमीन बंटवारे के विवाद में बेटों और नाती ने अपने ही भाई और पिता पर लाठी-डंडो से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद दोनों का रायबरेली जिला अस्पताल में इलाज हुआ। इलाज के बाद दोनों बुधवार शाम को अपने घर पहुंचे। घर पहुंचने के तीन घंटे बाद पिता की मौत हो गई। पिता की मौत के बाद एक भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन भाइयों और एक भतीजे पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

पूरा मामला जायस कोतवाली क्षेत्र के बाराखां का पुरवा मजरे मोहना का है। जहां निवासी गया प्रसाद (65) अपने तीन बेटों लालप्रताप, भगवानदीन और रामबाबू से 6 बीघे जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर अपने एक बेटे भीम के घर में रहता था। बीते सोमवार को गया प्रसाद साइकिल से अपने घर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में जमीन बंटवारे को लेकर उसके तीनों बेटों से उसकी कहासुनी होने लगी। जिसके बाद तीनों बेटों ने भतीजे सूरज के साथ मिलकर बुजुर्ग बाप की लाठी-डंडे से पिटाई करते हुए अधमरा कर दिया। बचाने पहुंचे भीम पर भी हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े और बीच-बचाव करके दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुसरतगंज ले गए। जहां से हालत नाजुक होने पर रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार को इलाज के बाद बुजुर्ग और उसका बेटा भीम अपने घर पहुंचे। जहां तीन घंटे बाद अचानक गया प्रसाद की मौत हो गई।

बेटे भीम की तहरीर पर पुलिस ने लाल प्रताप, भगवानदीन, रामबाबू और सूरज पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## तालाब के किनारे पड़ा मिला युवक का शव

मुसाफिरखाना अमेठी, अमृत विचार। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के समसेरियन में तालाब के पास संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर रही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह समसेरियन में तालाब के पास संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अनवर (40) निवासी हनुमानगंज थाना सराय इनायत बीते रविवार को प्रयागराज से बहराइच जाने के लिए निकले थे। पैदल ही दोपहर के समय इधर से निकलते समय तालाब के किनारे रुक गए। जहां ऐसा प्रतीत होता है कि हीट स्ट्रोक से उनकी मौत हो गई है। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिवारीजन से वार्ता करके पहचान कर ली गई है। परिवारी जन को सूचित कर दिया गया है।



## बनते ही उखड़ने लगा शुकुल बाजार-रुदौली राजमार्ग

शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार। क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण शुकुल बाजार-रुदौली राजमार्ग बीते कई वर्षों से बदहाल पड़ा था। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व विधायक सुरेश पासी के प्रयास से सड़क का निर्माण शुरू हुआ। लेकिन लगभग 35 करोड़ की लागत से हो रहे सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी हो रही है। संस्था द्वारा मेसर्स विंध्याचल कंस्ट्रक्शन से हो रहे निर्माण में कई खमियां देखने को मिल रही हैं। एक तरफ रोड बन रही है, वहीं दूसरी ओर उखड़ रही है। सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर नाराजगी है। किसान यूनियन के देवी दयाल शर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेश तिवारी, हरकेश तिवारी ने बताया कि उन्होंने कई बार शासन को ज्ञापन दिया। लेकिन मानकों को ताक पर रखकर निर्माण होता रहा। कहा कि सड़क का निर्माण ऐसा ही होता रहा तो वह लोग अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अभियांशी अभियंता ने कहा कि पांच सालों के लिए मेंटेनेंस विंध्याचल कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। यदि कहीं भी रोड गलत तरीके से निर्माण किया गया है तो उसे संस्था द्वारा दोबारा सही कराया जाएगा।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में संघर्ष, 6 घायल व एक गंभीर

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। अमेठी कस्बे में बुधवार रात मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे चले और धारदार हथियार से हमला किया गया। जिसमें दोनों पक्षों से दो महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। जिसमें एक युवक की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद अमेठी पुलिस अब मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित तोपखाना मोहल्ले का है। यहां के रहने वाले मोहम्मद शादाब और पड़ोसी पिंटू के बीच मकान निर्माण के दौरान फर्मा बैठाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चलने लगे। घटना में एक पक्ष से शादाब उसका भाई मो. शाहबाज और उसके मां को चोटें आई हैं, जिसमें मोहम्मद शादाब की हालत गंभीर बताई जा है। जबकि दूसरे पक्ष के पिंटू और उनके मां-बाप को चोटें आई हैं। वही घटना को लेकर शादाब ने अमेठी कोतवाली में तहरीर देते हुए विपक्षी पर कार्यवाही की मांग की है। अमेठी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि एक पक्ष से तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## बेकाबू होकर पलटी कार, एक की मौत

गौरीगंज अमेठी, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिव दिन टिकरिया गांव के पास कार अनियंत्रित हो गई। इसके बाद कार एक दुकान में टक्कर मारते हुए खड्ड में गिर गई। हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई तथा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिव दिन टिकरिया निवासी आयुष पाल खजूरी चौराहे पर कार से जा रहे थे कि उनकी कार अनियंत्रित होकर गुमटी से टकराते हुए खड्ड में जा गिरी जिसमें आयुष पाल की मौके पर मौत हो गई, दूसरे युवक को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# खनन माफिया खोदे डाल रहे तालाब व खेत

संवाददाता, अमेठी



भू माफिया द्वारा जेसीबी मशीन से किया जा रहा खनन। अमृत विचार

अमृत विचार। संग्रामपुर और अमेठी थाना क्षेत्र में अवैध खनन की गाड़ियों को सड़क पर फर्राटा भरते हुए देखना आम बात हो गई हैं। क्षेत्र में मिट्टी का खनन खुलेआम जारी है। खनन माफिया स्थानीय प्रशासन से सांठ-गांठ कर रोजाना लाखों रुपये की मिट्टी खोद कर बेंच रहे हैं। मनरेगा के तहत खोदे जाने वाले अमृत सरोवर से भी प्रधान से मिलीभगत कर खनन हो रहा है। अवैध खनन के चलते ग्राम समाज की जमीन के साथ उपजाऊ खेत तालाब बनते जा रहे हैं लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है।

अमेठी थाना क्षेत्र के ककवा रोड मंगलपुर में सड़क के किनारे सरकारी तालाब से रात्रि 10 बजे के बाद खनन माफिया प्रतिदिन दिन जेसीबी और डम्फर से मिट्टी की खनन कर अमेठी कस्बे में बेचते हैं। इसके साथ ही अमेठी थाना क्षेत्र के थौरा, भेटुआ व हथकिला सहित आदि स्थानों पर भी अवैध खनन किया जा रहा है।

वही संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम विशेषरगंज, पुन्नपुर (शीतलागंज), सरैया कनू, जरौटा ग्रामसभा के बरई का पुरवा व ठेंगहा के बबुरी, कोलवा, मिश्रौली, मड़ौली, आदि स्थानों पर खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। प्रभावशाली राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अवैध खनन माफिया के सामने खनन विभाग और राजस्व विभाग लाचार नजर आ रहा है। इन गांवो में स्थित ग्राम समाज की जमीन पर भी लगातार छलनी किया जा रहा है। खनन माफिया का कोई मानक भी नहीं है। कहीं 10 फुट तो कहीं 15 फुट तक खोदाई कर बड़े-बड़े गड्ढे किए जा रहे हैं। यही गड्ढे बरसात में मौत के कुआ बन जाते हैं। इतना ही नहीं मिट्टी खनन माफिया स्थानीय प्रशासन से मिलीभगत करके कर रहा है। इसके बाद अवैध रूप से खोदी जाने वाली मिट्टी को इन गांवों से दिन-रात डंफरो से ढोया जाता है। खनन माफिया यह मिट्टी बेंच कर रोजाना लाखों रुपये कमा रहा है। वहीं किसानों को जहां मिट्टी खुदने से खासा नुकसान हो रहा है। वहीं राजस्व का भी चूना लग रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने राजस्व अधिकारियो से शिकायत की लेकिन खनन पर रोक नहीं लग सका।

## डीएम ने गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी। जिलाधिकारी ने विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत अस्थाई गो आश्रय स्थल लोशनपुर, बगाही का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों को हरा चारा, पशु आहार आदि दिए जाने के संबंध में जानकारी ली। जिन गोवंशो की ईयर टैगिंग अभी तक नहीं हुई है, उनकी ईयर टैगिंग कराने एवं बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त शेड छांव तथा पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कमजोर गोवंशों पर विशेष ध्यान देने एवं गौशाला में पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश केयरटेकर को दिए। जनपद की समस्त गौशालाओं में गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था, शेड छांव की व्यवस्था, पशु आहार, पीने हेतु स्वच्छ पानी तथा जहां पर टीनशेड है उसके ऊपर पराली आदि डलवाने की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।



## कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता, भेंटुआ अमेठी, अमृत विचार। क्षेत्र के सेमरा गांव में शुक्रवार से शुरू हो रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा से पहले गुरुवार को महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। धम्मौर स्थित प्राचीन महेशनाथ मंदिर से पवित्र जल लेकर सैकड़ों महिलाऐं यज्ञ मंडप स्थल पर पहुंचीं जहां विधि विधान पूर्वक कलश स्थापित किया गया। गांव की सुहागिन महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण कर भव्य कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से सरूवांवा, सनहा, परतोष होते हुए धम्मौर बाजार के रास्ते धरमैतेपुर गांव स्थित प्राचीन महेशनाथ मंदिर पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर पुन: कार्यक्रम स्थल सेमरा गांव पहुंची। श्रीमद भागवत कथामहापुराण के कथा के पूर्व कथा व्यास पं. गंगा सागर तिवारी ने कलश पूजन कराया। इस अवसर पर मुख्य यजमान बाबूलाल त्रिपाठी, रामराज त्रिपाठी अवधेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# संस्कारों से युक्त जीवन ही श्रेष्ठ

संवाददाता, तिलोई अमेठी



प्रज्ञा पुराण कथा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार। हनुमानगढ़ी तिलोई पर चल रही प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ में बुधवार की रात कथा एवं दीपयज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। हज़ारों दीपक प्रज्ज्वलित कर गायत्री महामंत्र की आहुतियों के साथ भव्य दीपयज्ञ संपन्न हुआ। गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ का समापन हुआ।

बुधवार को कथा वाचक सुषमा तिवारी ने बताया कि हमारे ऋषियों ने मनुष्य को देवता तुल्य बनाने के लिए संस्कार की व्यवस्था बनाई थी। इसके अंतर्गत 40 संस्कार की व्यवस्था थी लेकिन वह आज के समय में व्यवहारिक नहीं है। इसलिए पूज्य गुरुदेव ने जो महत्वपूर्ण संस्कार थे उनको पुनर्स्थापित किया। गुरुदेव ने जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्कार की व्यवस्था बनाई। हमारे ऋषियों ने वैज्ञानिक दृष्टि से उपयोगी संस्कारों की परम्परा हमें विरासत में दी। भारत ही वह देश है जहां हमारे ऋषियों ने वैज्ञानिक दृष्टि से उपयोगी संस्कारों की परम्परा हमें विरासत में दी। 3 माह के गर्भ से लेकर अंत्येष्टि और श्राद्ध तर्पण तक के संस्कारों के पीछे वैज्ञानिक और सबके कल्याण की सोच है। कथावाचक ने गर्भोत्सव संस्कार से आने वाली पीढ़ी को जोड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने महिलाओं का आवाहन करते हुए कहा कि सबसे महत्वपूर्ण संस्कार पुंसवन संस्कार है, जिसकी गुरुदेव ने बहुत सरल व्यवस्था की। जिस तरह माता का गुण होगा वही बच्चों के अंदर संस्कार बनेगा। इसके संबंध में गुरुदेव ने कहा कि अष्टावक्र का का जन्म नहीं हुआ था तो उनके पिता वेद पुराणों की कथाएं सुनाया करते थे। एक दिन उन्होंने कहा वेद ज्ञान के उद्गम केंद्र हैं तो अष्टावक गर्भ के अंदर से बोले कि वेदों के अंदर ज्ञान नहीं है। वह तो ज्ञान की तरफ इशारा करते हैं। ज्ञान तो आत्मा से प्रवाहित होता है फिर व्यक्ति जो बोलता है शब्द नहीं मंत्र बन जाता है। संस्कार के प्रभाव से अष्टावक्र ने गर्भ से ही शास्त्रार्थ करना शुरू कर दिया था। संस्कार परंपरा को अपनाने से ही भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण होगा। संस्कारों से ही मानव जीवन में श्रेष्ठता आएगी, शुचिता आएगी। जिला समन्वयक डा. त्रिवेणी सिंह ने अपने उद्बोधन में गायत्री परिवार की आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।

गुरुवार को सामूहिक यज्ञ हवन के उपरांत दीक्षा ग्रहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तत्पश्चात् श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक गया बक्स सिंह ने आये क्षेत्रीय धर्मानुरागी भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिव शंकर सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, सूर्यभान सिंह, राम प्रसाद गुप्ता, प्रधान चेतरा बुजुर्ग मोनू जायसवाल, राजेन्द्र बहादुर सिंह, सन्त बक्स सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-86

**बाएं से दाएं**

1.1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।
3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।
5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।
6.1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।
8.1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**

1.1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।
2.1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।
4. बादशाह, सम्राट।
5.1. वहन करना, ले जाना 2. हवा
7.1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।



### वर्ग पहेली -85 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | | | 2 प |
| | | | | 3 फ | फो | ला |
| | | 4 ढों | | ड़ | | |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | | 7 आ |
| | टा | | | ना | | द |
| | य | | | | | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

### सुडोकू-165

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | | | | | | 7 | | |
| | 8 | | | 9 | | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| | | | | | 7 | | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 1 | | | | | 8 |

### सुडोकू -164 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 09.38 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 06.14 तक तत्पश्चात पूर्वाभाद्रपद 01 जून 04.48 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** – आज आप अपने खर्चों का प्रबंधन करने का प्रयास करेंगे। यद्यपि आप व्यापार में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल हो सकता है। उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। आप किसी फाइनेशियल मामले को सुलझाने में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष** – आज कानूनी मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। विवाह से जुड़े मामलों पर चर्चा के लिए दिन शुभ है। कई दिनों से जिस मामले को लेकर आप अनिर्णय की स्थिति से जूझ रहे थे, उस पर आप महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन** – आज यदि आपने किसी से कर्ज लिया है तो उसे लेकर भी विवाद होने की आशंका है। आपको किसी से भी झगड़ने से बचना चाहिए। सावधान होकर परिस्थितियों का आकलन करें, शीघ्र ही आपको सुखद परिणाम प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से शुभ नहीं है। धन को लेकर परेशानियां भी साथ में जुड़ सकती हैं। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। बाहर के और अशुद्ध खानपान से बचें। उल्टी-दस्त की शिकायत होने की आशंका है। लोग आपको गलत समझ सकते हैं।

**सिंह** – आज जॉब कर रहे लोग अपनी पदोन्नति को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर सकते हैं। युवा प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय में नए प्रयोग की योजना बना सकते हैं। आपके काम से कई लोग प्रभावित रहेंगे।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की डांट खानी पड़ सकती है। सरकारी कार्यों में कुछ रुकावट संभव है। उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनावश्यक दबाव डालने का प्रयास कर सकते हैं, किंतु आप समझदारी पूर्वक काफी समस्याओं को सुलझा भी लेंगे।

**तुला** – आज गूढ़ विद्याओं से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आपको स्वप्न के माध्यम से भविष्य के संकेत मिल सकते हैं। किसी उधार को चुकता करने के लिए दिन उत्तम है। आप नई और रोचक विषयों पर जानकारी लेने को उत्सुक रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज व्यवसाय में धन लाभ होगा। इसके बावजूद आपको कुछ मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम नहीं मिल रहा है।

**धनु** – आज गुप्त शत्रुओं की पहचान करने में सफलता मिलेगी, जो कार्य किसी कारणवश रुक गए थे, उनकी वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

**मकर** – आज घर बदलने का विचार कर सकते हैं। आय बढ़ाने के नए विकल्पों की खोज कर सकते हैं। दार्शनिक विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। आप संतान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन आपकी चिंता का समाधान अवश्य ही हो जाएगा।

**कुंभ** – आज नया घर खरीदना चाह रहे हैं तो इच्छानुसार डील मिल सकती है। मित्रों की सहायता कर सकते हैं। आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। पुराने निवेश का आपको लाभ प्राप्त होगा।

**मीन** – आज लोगों से सोच-समझकर ही बातें करें। आध्यात्मिक चर्चाओं से मन शांत होगा। व्यापारियों को अपनी दुकान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। अनावश्यक यात्राओं पर जाना पड़ सकता है। गले में दर्द और जुकाम की शिकायत हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- दरार – सुबह : 10.03
- अरुंधती – दोपहर : 03.04

&pictures
- पार्टनर – सुबह : 11.06
- थलाइवी – रात : 08.00

Sony Pix
- ग्रान टूरिस्मो – सुबह : 10.59
- स्पाइडर-मैन 2 – रात : 09.00

Zee Cinema
- जिस्म – सुबह : 11.10
- तारे जमीन पर – रात : 07.15

Colors Cineplex
- डुप्लीकेट – सुबह : 10.49
- भेड़िया – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू- मैं यहां नहीं रहूंगा! इतना छोटा सा कमरा न तो कोई खिड़की है और न बाथरूम! मुझे मेरे पैसे वापस चाहिए
वेटर- लेकिन सर ये तो
संता- नहीं-नहीं, मुझे पैसे वापस दे दो।
वेटर- अबे गंवार ऊपर रूम में तो चल, यह तो लिफ्ट है।

पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम क्या करोगे?
पति- शायद मैं भी मर जाऊं
पत्नी- क्यों?
पति- कभी-कभी ज्यादा खुशी भी जानलेवा होती है।

यथा चतुर्भिः कनकं परीक्ष्यते निर्घषणछेदन तापताडनैः।
तथा चतुर्भिः पुरुषः परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा॥

घिसने, काटने, तापने और पीटने, इन चार प्रकारों से जैसे सोने का परीक्षण होता है, इसी प्रकार त्याग, शील, गुण, एवं कर्मों से पुरुष की परीक्षा होती है।

## संपादकीय

# संभावनाशील अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की स्थिति में है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चालू वित्त वर्ष में सात फीसदी की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास दर के लिए आरबीआई ने जो अनुमान दिया है वो जानकर राहत मिल सकती है। महत्वपूर्ण है कि यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। ग्रामीण और शहरी परिदृश्यों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, वृद्धिशील विकास में बढ़ोतरी हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक गति में डीजल की खपत और दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। दूसरी ओर शहरी आर्थिक गति में यात्री वाहनों की बिक्री, हवाई अड्डे पर यात्री यातायात, जीएसटी संग्रह, क्रेडिट कार्ड लेनदेन, पेट्रोलियम खपत और टोल संग्रह सभी चीजों में सुधार का संकेत है। यानी वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारूपन दिखाया।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में प्रबल एवं प्रत्याशी वृद्धि प्रदर्शित की है, जहां यह विश्व स्तर पर 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ती हुई 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और भारत जी-20 देशों के बीच सबसे तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन, वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय जिंस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित मौसमी घटनाक्रम वृद्धि के कम होने तथा मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम उत्पन्न करते हैं। भू-राजनीतिक तनाव, जैसे सीमा विवाद और व्यापार संघर्ष, वैश्विक व्यापार पैटर्न को बाधित कर सकते हैं। इसलिए, आरबीआई ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एआई/एमएल (कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने के साथ-साथ बार-बार आने वाले जलवायु झटकों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन और आगामी सरकार के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के संभावनाशील क्षेत्रों रोजगार के अवसर सृजित करना, निजी निवेश का पुनरुद्धार करना, कृषि सुधार, घरेलू उपभोग को बढ़ावा देना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

# बायोलॉजिकल इंसान की मातृ कथा



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी।



साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

हां मैं बॉयोलॉजिकल एनिमल या अंधभक्त जुबान में देहधारी इंसान हूं। आसमान से नहीं टपका। मुझे मां की कोख ने जन्म दिया। यही वैज्ञानिक सच है। नाते रिश्तेदार, डॉक्टर, पास-पड़ोस के लोग गवाह हैं। अभी सुना कोई कह रहा था मुझे शायद मां ने जन्म दिया हो, लेकिन परमात्मा ने भेजा है। उसके भी दस साल पहले मुझे भी परमात्मा ने धरती पर भेजा। नासूर में गलती मां की जिंदगी खत्म होने को थी। कृष्ण भक्त नानी ने वृंदावन में तपस्या की। उन्हें सपने में कृष्ण ने आकर कहा जाओ तुम्हारी बेटी के घर वंश चिराग जलेगा, लेकिन उसे संभावना की जन्म देगी। वह बायोलॉजिकल टुथ होगा। बाई और नानी ने जान दे दी। तब भी मेरे बायोलॉजिकल टुथ में आध्यात्मिकता नहीं आई। परमात्मा की भी इतनी हैसियत नहीं थी कि कह सकें कि इसे इसकी मां पैदा नहीं करेगी।

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी। रात एक आदमी को प्यास लगी। उसने पानी पिया। बार-बार पिया। चाय पी। काफी पी। दूध पिया। सब पी लिया, लेकिन प्यास नहीं बुझी। फिर शराब पी। तब भी नहीं। प्यासे आदमी में हिंसा भड़कती है, लेकिन इन दिनों खासतौर पर गरीब तबके के लोगों को भी पीने का पानी नहीं मिलने से हिंसा क्यों नहीं भड़क रही है? अचानक उसे सड़क पर एक बच्चा दिखा। उस बच्चे को कैनिबॉल की तरह मारकर उसका खून पी लिया। प्यास तब भी नहीं बुझी। उसे गिरफ्तार कर फांसी पर चढ़ाने हुक्म हुआ। फांसी के तख्ते पर चढ़ रहा था। तब अचानक उसे याद आया। उसने चीखकर कहा। सुनो सब लोगों! मेरी प्यास क्यों नहीं मिट रही?

अब समझ आ गया। मुझे जन्म देते ही मां की मृत्यु हो गई। मैंने उसका स्तनपान नहीं किया। यह मेरी अमिट प्यास है। उसके लिए, मर चुकी मां तक संभावना नहीं हो पाई। उसकी देह में प्राण बनी रही। लोग हैं कि मूंछों पर ताव देते दाढ़ी पर हाथ फेरते कह लेते हैं कि संभावना है कि शायद मेरी मां ने मुझे पैदा किया हो। अंग्रेजी के विश्व प्रसिद्ध निबंधकार चार्ल्स लैंब मेरे बहुत प्रिय हैं। उनके एक लंबे निबंध 'ड्रीम चिल्ड्रन' याने स्वप्निल शिशु में महाकाव्यों जैसी त्रासद अनुभूतियां भी हैं। दिवास्वप्न देखते लेखक को आसमान में दो बच्चे दिखते हैं। एक लड़का। एक लड़की। दोनों कहते हैं तुमने हमारी मां को धोखा दिया। उससे प्यार किया, लेकिन शादी नहीं की। हमारी मां ने हमें जन्म देने के बाद आत्महत्या कर ली। तुम हमारे हत्यारे पिता हो। मां से ज्यादा हमारे। लेखक पिता पूछता है। आप क्या हैं? वे कहते हैं, हम इंसान होने की संभावनाएं हैं। पानी के बुलबुले हैं। तुम्हारी गोद में आएंगे या हमें छू लोगे तो हम मिट जाएंगे। अस्तित्वहीन हो जाएंगे। मां के लिए संभावनायुक्त बच्चे भी नहीं कहते कि हमारी मां हमारी संभावना मात्र थी।

लैंब की बहन मेरी ने अपनी मां की पागलपन में हत्या की थी। इसलिए आत्मीय रिश्तों के दुनिया के शीर्ष निबंधकार ने सब रिश्तों पर लिखा, लेकिन मां पर नहीं लिखा कि कहीं उसे पढ़कर मेरी बहन पर पागलपन का दौरा न चढ़ जाए। अपनी मां की याद को अपने जेहन से खरोंच डाला लैंब एक महान भाई ने। मां के नहीं होने की टीस उसके ड्रीम चिल्ड्रन जैसे निबंधों में आंखों में आंसुओं को भिगोने लगती हैं। एमए फाइनल के परचे में मैंने लिख दिया था कि लैंब का सबसे बेहतर निबंध तो उसकी मां पर है, जो उसने लिखा ही नहीं। धन्य है वह सहनशील कोख जिसने लैंब में मनुष्य होने की संभावना को पैदा किया। प्रसिद्धि की संभावनाओं के क्षितिज पर जाकर भी वह मां का बायोलॉजिकल बेटा ही तो रहा। मशहूर प्रो. एसआर स्वामीनाथन ने मेरे गलत जवाब के बावजूद मुझे यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा नंबर दिए थे। मां की याद में छलके दर्द को उकेरती संभावनाओं का निबंध प्रो.स्वामीनाथन को भी उनकी मां की याद दिला गया होगा।

साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

क्या आईटी सेल के उत्पाद को भी आध्यात्मिकता कह सकते हैं? सुनो रवीश कुमार! मैं भी तुम्हारे रिटायर्ड अंकिलों की उम्र में आ गया हूं। यदि शक करूं शायद मां ने मुझे जन्म दिया होगा तो मेरे घर के लोग पागलखाने में भर्ती कर देंगे। मेरी मां तो संभावना रही होंगी, ऐसा कहने से मनुष्य होने की संभावना क्या बच भी सकती है? अंग्रेजी के बड़े कवि लॉर्ड बॉयरन के लंगड़े होने से शायद उसकी मां लंगड़ा कहकर बुलाती थीं। आक्रोश में बायरन ने सौतेली बहन से ब्याह कर लिया। उद्दाम रोमांस और हिंसक प्रतिहिंसा को समेटे लड़ाई के मैदान में जाकर मर भी गया। किस्सा है परशुराम ने अपनी मां की हत्या कर दी थी। क्या यह आध्यात्मिकता भी है? संसद में 544 बायोलॉजिकल प्रोडक्ट के ऊपर एक आध्यात्मिक शक्तिमान बैठे तो क्या कलियुग सतयुग में बदल जाएगा?

मां मुझे कनक याने सोना कहतीं थीं। मैं जीवन भर पुकार रहा हूं मां! अगर मैं तेरे लिए सोना हूं तो तू मेरे लिए हीरा है। जब मां का नाम हीरा हो तो वह संभावना कैसे हो सकती है? बेटा भले ही मनुष्य होने की असफल संभावना हो। मां तो देवकी थीं जिन्होंने अपने लाल को मथुरा के राजा से निपटने के लिए वृंदावन में जसोदा के पास जेल यातना सहकर भी भेजा था। मां वे थीं जब चाफेकर बंधुओं को मौत की सजा सुनाई गई। तब भीड़ से चीख चीखकर कह रही थीं 'काश! मेरे दो बेटे और होते तो उनकी लाशों को भी तिरंगे झंडे में लिपटा देखकर मेरा मातृत्व धन्य हो जाता। मां की कोख ही इतिहास की जननी होती है। जिसे माता पर भरोसा नहीं हो, वह नफरती तो हो सकता है। आध्यात्मिक कैसे है? मां की बुराई करने वाले को लोग नराधम कहने लगते हैं।

## प्रसंगवश

# साइबर अपराधों से सावधान

आज के समय में माता-पिता अपने बच्चों को खुशी देने के लिए बड़े से बड़ा समझौता करने को भी तैयार हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आज माता-पिता अधिक जागरूक हुए हैं। बच्चा स्कूल जाता है तो माता-पिता को यह सोचकर प्रसन्नता होती है कि उनका बच्चा शारीरिक और मानसिक विकास कर रहा है और प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सीख रहा है, लेकिन आज के समय में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के बीच में विलेन की भूमिका निभाते हुए मोबाइल फोन आ गया है। इस छोटे से यंत्र में वह नशा है, जो बड़े-बड़ों को ले डूबता है। फिर बच्चों की क्या बिसात!

वे इसके फायदे और नुकसानों का आकलन सही तरीके से नहीं कर पाते हैं। एक बार जब मोबाइल हाथ में आया तो फिर इसका नशा सा छा गया और इसे इसे अपने से दूर कर पाना बहुत मुश्किल लगने लगा। एक समय था जब जन्मदिन के अवसर पर हम माता-पिता से छोटे-छोटे खिलौनों के उपहार की उम्मीद करते थे, पर आज किसी भी बच्चे से पूछिए तो उसे आधुनिक फीचर्स वाला बढ़िया मोबाइल चाहिए होता है। अधिकतर माता-पिता भी बच्चे का यह शौक पूरा कर रहे हैं। आज छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हैं और माता-पिता बहुत ही गर्वानुभूति के साथ दूसरों को यह बात बताते हैं। छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन में वीडियो देखते हुए खाना खाते हैं और लोरी सुनकर सोते हैं। माता-पिता और दादी-नानी की भूमिका खत्म सी हो गई है। वर्तमान समय में माता-पिता की व्यस्तता और बच्चों की आजादी भी बढ़ी है।

आज पुराने समय की तरह न तो बच्चे हर समय निगरानी में रहते हैं और न ही माता-पिता फुर्सत में। महिलाएं घर बाहर दोनों की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, जो नौकरी नहीं करतीं, वह भी किसी न किसी सामाजिक गतिविधि में शामिल होने के बहाने घर से बाहर निकलना चाहती हैं। परिणाम स्वरूप बच्चों को अकेले रहने का मौका अधिक मिलता है। ऐसे में उनके व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है जिससे उनकी परफॉर्मेंस में भी असर पड़ रहा है और यह बात माता-पिता को तब समझ में आती है जब पानी सिर के ऊपर से गुजर चुका होता है। कई बार बच्चा दबंग वाली छवि अपना लेता है और दूसरे बच्चों से मारपीट करता है तो कई बार वह डरा सहमा रहता है। हम बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य पर तो थोड़ा बहुत ध्यान फिर भी देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर हमारे यहां ध्यान बहुत कम दिया जाता है और यहां तक कि मानसिक बीमारी को बीमारी ही नहीं माना जाता।

इस संदर्भ में साइबर बुलिंग एक खतरनाक टर्म है। डब्ल्यूएचओ ने भारत सहित लगभग 45 देशों के स्कूली बच्चों के व्यवहार पर एक शोध किया है जिसके अनुसार आज अधिकांश बच्चे सोशल मीडिया में 6-7 घंटे बताते हैं, जो इनके जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करता है। ऐसे बच्चे खुद को परिवार और समाज से दूर रखने की कोशिश करते हैं। आज ऑनलाइन गेम का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। अश्लील रील्स और शॉर्ट्स की भरमार है। ब्लू व्हेल चैलेंज, फायर चैलेंज, पास आउट चेलैंज जैसे कई गेम खेलने के दौरान बच्चों ने खुद को नुकसान पहुंचाया है और अपनी अंतरंग तस्वीरें भी शेयर की हैं। जब तक माता-पिता को खबर पहुंचती है, बच्चा इस दलदल में फंस चुका होता है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

हालांकि साइबर क्राइम को लेकर शिकायत करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी है और साथ-साथ स्थानीय थाने के क्राइम ब्रांच ऑफिस में भी शिकायत की जा सकती है। साइबर अपराधों पर धारा 66 ए,बी लागू होती है जिसके तहत तीन साल की जेल की सजा और जुर्माना भी वसूला जाता है। समय-समय पर पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा साइबर खतरों को लेकर सचेत किया जाता है, पर बच्चों को सदमे से बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। निष्कर्ष यही कि माता-पिता को भी कुछ प्रतिमान गढ़ने होंगे, बच्चों के सामने कुछ आदर्श रखने होंगे। खुद को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से अपडेट रखना जरूरी है, पर स्क्रीन टाइम हमें भी घटाना होगा।

गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। बच्चों के लिए इंडोर एक्टिविटीज की व्यवस्था की जा सकती है और उन्हें घर के छोटे-छोटे कामों में व्यस्त रखा जा सकता है। लंबे समय तक हेडफोन का इस्तेमाल बहरेपन को बढ़ा रहा है। बच्चों की आंखों में मोटे चश्मे लग रहे हैं। टिनिटस और मायोपिया की समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों को प्रेम पूर्वक नियंत्रण में रखना जरूरी है और यह पता लगाना भी जरूरी है कि एक छोटा सा यंत्र जो हमने उनके हाथों में दिया है, उंगलियों की नन्हीं शरारत उन्हें कहां से कहां ले जा रही है।

# विश्व मीडिया की प्रवृत्तिः झूठ का उद्योग



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है।

आज की पत्रकारिता तो हम सभी देख ही रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस उस पत्रकारिता को भी याद करने का दिन है। आजादी की लड़ाई के जमाने की वह पत्रकारिता, जो व्यवसाय नहीं, एक जुनून और एक मिशन थी। विज्ञापन निकला-स्वराज्य अखबार को संपादक की आवश्यकता है। वेतन ः दो सूखी रोटियां और एक गिलास पानी। ध्यान रहे एक संपादकीय लिखने पर 10 साल की सजा हो सकती है। वह जमाना था, जब भारत की लोक चेतना ज्वालामुखी बन गई थी। आठ लोगों ने एक के बाद एक संपादक का काम संभाला और आठों को जेल-शांतिनारायण भटनागर, रामदास, मोतीलाल वर्मा, प्रकाशानंद सरस्वती, बाबूराम हरि, नंद गोपाल चोपड़ा, लड्ढाराम कपूर।

आजादी की लड़ाई पत्रकारिता और साहित्य ने भी लड़ी थी। इलाहाबाद से कर्मयोगी और अभ्युदय पत्र निकलते थे, किंतु एक साप्ताहिक (उर्दू) था - स्वराज्य। इसने तो तहलका मचा दिया था। उसका सिद्धांत वाक्य था- जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं, वह हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। प्रचार तंत्र ने झूठ को सच और सच को झूठ बनाकर पैसा कमाया है। आदमी के लिए यह जहर से अधिक विनाशक है। ढिंढोरचीः वे ढिंढोरची हुआ करते थे, ढिंढोरा पीटना उनका काम था, बस्ती में जाकर घंटा, घड़ियाल, ढोल या और कोई वाद्य बजाते थे, ताकि लोग जमा हो जाए, मजमा लग जाए, फिर वे राजा या अपने हाकिम की कही हुई बात को सुना देते थे। आजकल ये काम चैनलों के जिम्मे हो गया है। कोई-कोई मजमेबाज तो हाथ-पैर पीट कर राजा की बात सुनाता है और कोई बात सुनाते-सुनाते नाचने लगता है। कोई हुड़दंग करता है तो कोई हाहाकार करने लगता है। कभी तू-तू, मैं-मैं होती है तो कभी धामक-धाई हो जाती है। मालिक लोग ढिंढोरची से कहते हैं-रोबै मत, हम तुझे पत्रकार की उपाधि दिलवाए देते हैं, तुझे हम पत्रकारिता का कोई इनाम भी दिलवा देंगे। हम भी इनको ढिंढोरची नहीं पत्रकार कह देंगे, अब काम ढिंढोरची का करते हैं तो क्या हो गया? नेता भी तो डीलर का ही काम करता है, किंतु उसे डीलर कौन कहता है?

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे विश्व बाजार के साम्राज्य का विस्तार हुआ, वैसे-वैसे विश्व मीडिया का चरित्र बदलता चला गया। यह बात मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने 2006 में ही बतला दी थी। मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया था कि संसार का सबसे बड़ा मीडिया साम्राज्य जिस कंपनी का था, उसी की दूसरी कंपनी हथियार बनाने और परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के कार्य भी कर रही थी। क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया था कि आज के पेशेवर मीडिया का दायित्व उन शक्तिशाली लोगों के प्रति है, जो उनकी वित्त व्यवस्था का स्रोत है। आज का मीडिया लोगों को घोटालों, युद्धों, विनाशकारी आपदाओं के इर्दगिर्द अटका कर रखता है।

क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया कि जनता के जीवन से जुड़े हजारों मुद्दे छिपा दिए जाते हैं। यदि उन कंपनियों के शेयरधारकों को हानि होती हो तो पर्यावरण तक के समाचार गोल कर दिए जाते हैं। उन्होंने इराक का उदाहरण देते हुए लिखा है कि मीडिया पर नरसंहारों की सूचना तक नहीं थी। इस खबर को छिपाया गया कि इराक में 350 टन गोले बिखेर दिए गए थे। क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स कहते हैं कि पेशेवर पत्रकार यह मानकर चलता है कि दुनियां वैसी ही है, जैसी शक्तिशाली और धनाढ्य लोग बतला रहे हैं।

बीबीसी के एक पत्रकार ने तो यह भी स्पष्ट कर दिया कि वे समाचार जिनमें ईराक के दृश्य दिखाए गए थे, इराक के नहीं थे, अपितु पाश्चात्य दुनिया के स्टुडियोज में फिल्माए गए थे जिनमें वह पत्रकार स्वयं भी था। अब किसी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि मीडिया जनता की आवाज है। आज का मीडिया शक्तिशाली की आवाज है, सत्ता की आवाज है, विश्व बाजार की आवाज है और उसकी बुनियाद केवल और केवल झूठ है। मीडिया झूठ का उद्योग है। झूठ का उत्पादक। झूठ का प्रचारक।

## सोशल फोरम

# मनुस्मृति में दंड विधान

ऋग्वेद में मनु का उल्लेख मिलता है -विश्वो हिष्मा मनवे विश्ववेदसो, यामथर्वा मनुष्पिता, यान मनुरवृणीता पिता जिसमे मनु को विश्वदेव कहा गया, जो समस्त प्रजाओं के पिता हैं। मनु को मनुष्य जाति का कुलपुरुष अथवा पूर्वपुरुष माना जाता है। मनुष्य से समुदाय बना समुदाय से धीरे-धीरे समाज बना, समाज से राज्य अस्तित्व में आया। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक तीन में कहा गया कि इस जगत में राजा न होने से सब भय से व्याकुल होते हैं। इसलिए इन सबकी रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा को उत्पन्न किया। राज्य की अवधारणा व्यवस्था के लिए बनी और राजा ईश्वर का प्रतिनिधि माना गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी जनता जनार्दन रूपी ईश्वर से राज्य और राजा अस्तित्व में आते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता जनार्दन रूपी ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक चौदह में कहा गया कि राज्य की व्यवस्था लिए राज्य के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्मरूप और ब्रह्म तेजरूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न कर रखा था। दंड कोई राजा की इच्छा नहीं है। दंड धर्मानुसार ज्ञानपूर्ण तरीके से स्थापित व्यवस्था है। सातवें अध्याय के श्लोक सत्तरह के अनुसार दंड ही राजा, दंड ही पुरुष दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक होता है। ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के साक्षी कहा है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मनुस्मृति के अनुसार दंड ही राज्य का प्रहरी होता है-दंडः सुप्तेषु जागर्ति-जब दुनिया सोती रहती है तो यह दंड ही जागता रहता है। पंडितों ने इसीलिए दंड को धर्म कहा है -दंड धर्मं विदुर्बुधा। दंड की महत्ता को देखते हुए दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। सातवें अध्याय में श्लोक छब्बीस में पात्रता के संबंध में कहा गया है कि दंड देने वाले को सत्यवादी, विचार कर काम करने वाला भली प्रकार से धर्म, अर्थ, काम जैसे पुरुषार्थ की बारीकियों का ज्ञाता तथा बुद्धिमान होना चाहिए। इस प्रकार दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी अध्याय के श्लोक सत्ताईस में कहा गया-यदि राजा भली प्रकार विचार कर दंड देता है तो धर्म, अर्थ ,काम की वृद्धि होती है और जो राजा नीच, कामी और अनुचित दंड देने वाला होता है, वह उसी दंड से मारा जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है



अनूप शुक्ल
कानपुर

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें?

सबेरे-सबेरे टहलते हुए बड़े रोचक नजारे दिखते हैं। दिखते तो हर समय हैं, लेकिन टहलने का काम आमतौर पर सुबह होता है तो उसी समय दिखते हैं। सुबह टहलने निकले तो सामने से एक जोड़ा आता दिखा। उनके अंदाज-ए-टहलाई से लगा कि मियां-बीबी रहे होंगे। साथ-साथ टहलते हुए भी दोनों के बीच इतनी दूरी थी कि उनके बीच से एक पूरा परिवार निकल जाए। कोरोना काल की टहलाई कर थे। दूरी अलबत्ता दो की जगह चार से भी ज्यादा गज हो गई थी। दूसरे जोड़े ने अगल-बगल की दूरी को आगे-पीछे की दूरी में बदल दिया था। पति आगे, पत्नी पीछे। अनुगामिनी सी। ऐसा नहीं कि मियां की स्पीड तेज हो, बीबी की धीमी। दोनों समान गति से एक दूसरे से समान दूरी बनाए टहल रहे थे।

एक आदमी कुत्तों के साथ टहल रहा था। कुत्ते उसके इशारे पर जीभ निकाले इधर-उधर मुंह करते टहल रहे थे। कुत्ते उछल-कूद करते हुए अपनी मर्जी से टहलने का नाटक कर रहे थे, लेकिन चल आदमी के पीछे ही रहे थे। कुत्तों की हरकतें किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के इशारे पर चलती सरकारों सरीखी लग रही थीं, जो नाटक भले अपनी जनता के भलाई का करें, लेकिन नीतियां उन कंपनियों की अनुमति से ही बनाती हैं जिनके चंदे से वे सत्ता में आईं हैं। सरकारें भी एहसान फरामोश होने से परहेज करती हैं। टहलते हुए नहर किनारे चले गए। जगह-जगह छठ पूजा की शुभकामनाओं के होर्डिंग लगे थे जिनको विधायक निधि से बनवाया गया था। ताकतवर जनप्रतिनिधियों की शुभकामनाओं की इतनी भरमार देखकर लगा कि इंच दर इंच पसरी शुभकामनाओं के बावजूद कैसे इतना अशुभ होता रहता है। लगता है शुभकामनाओं में मिलावट है। कौन जांच करवाए। नहर के पानी का बहाव हमारे विपरीत था। हमारी सोच में तमाम दिनों से नहर के पानी का बहाव जिधर अंकित है, वास्तव में पानी उसकी उल्टी तरफ बहता है। जब भी पानी देखते हैं, बहाव की दिशा दिमाग में दुरुस्त करते हैं, लेकिन अगली बार फिर लगता है कि पानी उल्टी तरफ बह रहा है। दिमाग में नहर के पानी की दिशा 'सेव' नहीं होती। यह बात देश-दुनिया पर भी लागू होती है। दुनिया चाहे जिधर जा रही हो, लेकिन लोग उसको अपनी सोची हुई दिशा में जाते ही देखते हैं।

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें? जो करेगा यही करेगा, इसको नायक बना लिया, हमारा काम खत्म। उनको पता नहीं होता कि उनका नायक भी अपनी अक्क़ल का क़ुतुबनुमा किसी और के पास रखकर आया है। थोड़ी दूर तक पक्की सड़क के बाद कच्ची जमीन और पगडंडी शुरू हो गई। लगा किसी जंगल में आ गए। दाईं तरफ एक आदमी उकड़ू बैठा अपने सामने मोबाइल का पर्दा लगाए निपटने में तल्लीन था। उसकी साइकिल बगल में खड़ी थी। सामने पनकी पावर हाउस की चिमनी धुंआ उगल रही थी।

लौटते में एक जगह कुछ लोग खड़े दिखे। हम उनके बगल से होते हुए अंदर हो गए। देखा सड़क किनारे तरण ताल बना था। पानी अलबत्ता नहीं था। आधे में घास उगी थी, आधा सूखा था तरण ताल। सूखे सीमेंट वाले हिस्से में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तरण ताल के किनारे कुछ लोग जिनमें अधिकांश बुजुर्ग थे, बाबा रामदेव घराने की एक्सरसाइज करने में जुटे थे। एक बुजुर्ग अपने पेट को इतनी तेजी से घुमा रहे थे कि हमको डर लगा कहीं उनके पेट की चूड़ियां न खुल जाएं। बगल में शाखा का झंडा लगा था। किसी ने कहा कि झंडा उतारने की जिम्मेदारी जिसकी है वह तो दौरे पर गया है। बुजुर्ग लोग ही दिखे वहां। लगता है इस वाली शाखा में युवा लोग कम आते हैं। झंडे की बात आगे बढ़ी तो किसी ने कहा -"हमारा समर्थन नहीं चाहिए अब उनको।" बात और भी आगे बढ़ी। कुछ हंसने लगे तो कुछ बतियाने। उनकी बातें सुनते हुए लगा कि सोशल मीडिया में चलने वाली बहसें हमारे आस-पास भी कितनी तेजी से पसरती हैं। रास्ते में तमाम जान-पहचान के लोग मिले। कई लोगों ने नमस्ते किया। हमने भी किया। कई लोगों के नाम हमको नहीं पता। पूछने की हिम्मत भी नहीं होती। डर लगता है कि अगला सोचेगा कि पचीसों नमस्ते डकारने के बाद अब नाम पूछ रहा है। सड़क किनारे आदमी तेजी से टहलते हुए अचानक उल्टे चलने लगा। ऐसा लगा जैसे कोई विकास की बात करता हुआ नेता अचानक कहे-"प्यारे देश वासियों, मैं आपको स्वर्णिम अतीत में ले चलता हूं, जो मजा वहां है वो यहां नहीं मिलेगा।" हमारे देखते-देखते वह आदमी फिर पलट गया और सीधे चलने लगा।

लोग अपने नेताओं से कितना कुछ सीखते हैं। आगे एक महिला सड़क के बीच के डिवाइडर पर बैठी दूसरी महिला से बतिया रही थी, जो कि डिवाइडर के नीचे सड़क पर बेतकुल्फ़ी से फसक्का मारकर बैठी थी। सड़क से गुजरते वाहन उससे बचते हुए निकलते जा रहे थे। एक बच्ची सड़क पर रनिंग करती जा रही थी। धीरे-धीरे। एक आदमी उसके बगल में साइकिल चलाते हुए उसको कुछ निर्देश दे रहा था। बच्ची उसके निर्देशों को चुपचाप सुनते हुए दौड़ती जा रही थी। क्या पता कल को किसी अखबार में बच्ची इंटरव्यू देते हुए कहे-"मैंने अपने दौड़ने का अभ्यास अर्मापुर में किया था। रोज दौड़ती थी मैं।"

लौटते हुए सूरज भाई आसमान से मुस्कराते हुए गुडमार्निंग कर रहे थे। उनकी देखा-देखी सड़क किनारे के अमलताश और गुलमोहर भी सुप्रभात करने लगे। हमने भी कर दिया। दोनों मुस्कराने लगे। सबकी मुस्कान को याद करके अपन भी मुस्करा रहे हैं। मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है। आप भी मुस्करा लीजिए।

# नौतपा का कहर जारी हीट वेव से वृद्ध की मौत

## प्रतापगढ़ में हवा बदलने से 45.5 पहुंचा अधिकतम तापमान

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** बेल्हा में नौतपा में दिन ही नहीं रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। नौतपा के छठवें दिन गुरुवार को आसमान से आग बरसी। भीषण गर्मी व हीट वेव से भंगवा चुंगी पुलिस चौकी के सामने प्राइवेट बस अड्डे के पास प्रयागराज के 60 वर्षीय वृद्ध मौत हो गई। कई साल बाद प्रतापगढ़ में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। इतनी भीषण गर्मी की वजह से तेज बुखार, हीट स्ट्रोक, उल्टी, दस्त और सिरदर्द के मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

गुरुवार को सुबह से ही धुप तेज रही। 10 बजे के बाद से ही आसमान से आग बरसने लगी। सूर्य की तपिश से लोग बेहाल रहे। शाम चार बजे तक इसी तरह का मौसम रहा। शहर के भंगवा चुंगी पुलिस चौकी के सामने प्राइवेट बस अड्डे के पास दोपहर बाद तीन बजे रिठइया प्रयागराज निवासी 60 वर्षीय लालचंद्र सोनी उर्फ लल्लू गश खाकर सड़क पर गिर पड़े। पुलिस उन्हें राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, राजा प्रताप बहादुर अस्पताल और प्राइवेट अस्पतालों में इस तरह के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। गुरुवार को महिला अस्पताल के बाल रोग की ओपीडी में कुल 132 बीमार बच्चे लाए गए। इनमें से 50 प्रतिशत बच्चे तेज बुखार के रहे। 40 प्रतिशत डायरिया के रहे। बालरोग विशेषज्ञ डा. अनिल सरोज ने बताया कि तेज धूप से बुखार व डायरिया के मरीज बढ़े हैं। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भी मरीजों की भीड़ रही। टीबी रोग विशेषज्ञ डा. वकील अहमद ने मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दीं। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक प्रेक्षक देशराज मीना ने बताया कि पछुआ हवाएं चल रही हैं। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 32 व अधिकतम 45.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### लू की चपेट में आने से अधेड़ समेत दो महिलाओं की मौत

**थरवई, प्रयागराज। अमृत विचार :** हीट वेव के चलते गुरुवार को थरवई इलाके के डेरा गदाई गांव में लू की चपेट में आने से की अधेड़ समेत दो महिला की मौत हो गई। क्षेत्र के डेराग़दाई गांव मे लू लगने से दो महिलाओं और एक अधेड़ की मौत हो गई। राजकुमार यादव 35 वर्ष पुत्र कल्लू यादव गुरुवार को शहर जा रहा था। फाफामऊ बाजार में अचानक चक्कर आने से गिर गया। स्थानीय लोगों में उसे बेली अस्पताल इलाज के लिए भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं ननकी देवी 61 वर्ष पत्नी स्व गिरधारी लाल जो बाग में झोपड़ी बनाकर रहती थी। दोपहर 2 :00 बजे अचानक गिरने से उनकी मौत हो गई। इसी क्रम में बचनी पत्नी राम अवतार 54 वर्ष शरीर में घबराहट अधिक होने के बाद गश खाकर गिर गई। जिससे उनकी मौत हो गई। दोनों महिलाओं का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# जल्द ही मतवार में सड़क निर्माण कार्य होगा शुरू : अरुण

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने बुधवार को हलिया विकास खंड के मतवार न्याय पंचायत के कई क्षेत्रों से आये ग्राम प्रधान व स्थानीय जन प्रतिनिधियों की जनसभा कर सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि गरीबों के मसीहा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ने सस्ती दवा, मुफ्त ईलाज, शुद्ध पेयजल, किसान के खाते में 6 हजार, पक्के घर, मुफ्त गैस कनेक्शन देकर सबका जीवन आसान किया। सम्मान से जीने का अवसर दिया, इसलिए गरीबों के हृदय में बसते हैं। प्रधानमंत्री मोदी सभी संकल्पित होकर केंद्रीय मंत्री एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल को तीसरी बार भारी मतों से जिताने की अपील मतदाताओं से अपील किया है। जिससे जिले का सर्वांगीण विकास हो सके। मतवार न्याय पंचायत की सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि चुनाव बाद छह महीने के अंदर वन क्षेत्रों से घिरी सड़क के निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल चुका है। सात सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कराते हुए सड़क निर्माण कार्य करा दिया जायेगा। इस दौरान राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि धनंजय पांडेय, सुधीर सिंह, सुखी चंद्र सिंह, दिनेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह चंदेल, विवेक सिंह, राजवीर सिंह सहित भाजपा अपना दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार, मौत

संवाददाता, प्रयागराज।

▸▸ परिजनों ने किया चक्का जाम मौके पर पहुंची कई थाने की फोर्स

**अमृत विचार:** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के वारी से जंघई जाने वाले मार्ग पर बने एक ब्रेकर में गुरुवार को बाइक सवार एक मजदूर अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिससे उसे गंभीर चोटे आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसकी मौत हो गई। मजदूर की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। घटना की जानकारी पर कई थाने की फोर्स पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को घंटे समझने का प्रयास किया, लेकिन वह मुआवजे की मांग को लेकर अड़े रहे। कभी प्रयास के बाद पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक सरायममरेज थाना क्षेत्र के चंपापुर स्थित एसएमडी कान्वेंट स्कूल के सामने देर शाम पिंटू बनवासी बाईक से अकेले जंघई बाजार जा रहा था। जैसे ही चंपापुर पंहुचा, अचानक बाइक ब्रेकर पर चढ़ गई। जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वह जमीन पर गिर पड़ा। जिससे उसके मुंह और सिर मे गंभीर चोट आ गई। आनन फानन में पुलिस ने उसे सीएचसी प्रतापपुर भेज दिया। युवक की हालत को देखते हुए डाक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक झूंसी पंहुचा ही था कि उसकी मौत हो गई। मृतक के 2 बेटी और 2 बेटा और पत्नी सितारा देवी है। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो घर मे कोहराम मचा गया। आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने तत्काल शव को लेकर चक्का जाम कर दिया। परिजन मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे।

सूचना पर पहुंची पुलिस एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं हुये। काफी देर बाद परिजनो ने पंचनामा पेपर पर सहमति जता दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### सम्मान से नवाजे गए मदरसा के मेधावी छात्र-छात्रायें



सम्मानित किये गए मदरसा कल्मिनेशन मार्डन स्कूल के बच्चे।

**संवाददाता, जेठवारा, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** मदरसा कल्मिनेशन मार्डन स्कूल दाउदनगर डेरवा के मेधावी बच्चों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत डेरवा बाजार कुंवर बहादुर पटेल ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधान स्व .दाउद मोहम्मद अंसारी ने मदरसे की स्थापना की थी। वह सच्चे समाजसेवी रहे। शिशु कक्षा के मोहम्मद शहीर ने सर्वाधिक 98 फीसदी अंक हासिल कर पूरे मदरसे में टॉप किया। इसके साथ ही जिन बच्चों को सम्मानित किया गया उनमें अबू शाहमा, हैदर अहमद, तफसा, जियाउद्दीन, मंतशा, सुदुस अंसारी, आतिफा परवीन, तफशा निगार, सारा अंसारी, जिकरा शुमायल, सिमरन बानो रहीं। इसके अलावा शिक्षिका उरबा बानो, संजना तिवारी, मनोज पांडेय, देवी दत्त द्विवेदी, तसव्वर हुसैन को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ .असलम रहीमी, मो . उमर, मो .उस्मान, अफजल हुसैन, इनायतुल्लाह, कफील अहमद, मोहम्मद शारिक, मो। हाजिक आदि मौजूद रहे। प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष राशिद अली ने सभी का स्वागत कर आभार जताया।

### जेई भर्ती परीक्षा के लिए जारी हुआ प्रवेश पत्र

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 5, 6 और 7 जून को प्रस्तावित जूनियर इंजीनियर सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल की कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। कर्मचारी चयन आयोग प्रयागराज मध्य क्षेत्रीय केंद्र की ओर से यह घोषणा की है। प्रयागराज केंद्र की वेबसाइट www.ssc-cr.org पर उपलब्ध प्रवेश पत्र डाउनलोड विकल्प केवल उन उम्मीदवारों के लिए है। जिन्होंने उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य के भीतर अपना परीक्षा केंद्र चुना है। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र का शहर और शिफ्ट जान सकते हैं। परीक्षा से 4 दिन पूर्व जिले में एलॉट परीक्षा केंद्र का भी वह विवरण देख सकेंगे। इसी तरह एसएससी के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा देशभर में एक साथ होगी।

### तदर्थ शिक्षकों मांगा वेतन, डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष प्रभात त्रिपाठी के नेतृत्व में डीआईओएस सरदार सिंह को ज्ञापन सौंपते तदर्थ शिक्षक। अमृत विचार

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ माध्यमिक के अध्यक्ष प्रभात त्रिपाठी के नेतृत्व में तदर्थ शिक्षकों ने गुरुवार को वेतन भुगतान की मांग को लेकर डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षक, जो कोषागार से वेतन प्राप्त कर रहे थे, जो विनियमित नहीं थे उनकी सेवाएं बाधित कर दी गईं। इस आदेश के विरुद्ध शिक्षकों ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ में याचिकायें योजित की हैं। कुछ में उच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया है, कि इनकी सेवाएं नियमित जारी रखी जाएं तथा नियमित वेतन भुगतान किया जाए। तदर्थ शिक्षकों के पदों को स्थानांतरण, नियुक्ति से न भरा जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने तदर्थ शिक्षकों को आश्वस्त किया कि जैसे ही शासन द्वारा कोई आदेश प्राप्त होता है तो उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उनके द्वारा किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होगा। इस दौरान राकेश कुमार सिंह, विक्रांत शुक्ल, विजय द्विवेदी, आलोक सिंह, अनिल तिवारी, बृज किशोर द्विवेदी, केपी सिंह, सन्तोष त्रिपाठी, पवन कुमार मिश्र, शैलेन्द्र सिंह आदि रहे।

### 100 वार्डों के कार्यों पर लगा ग्रहण, शासन ने लौटाया प्रस्ताव

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** महाकुम्भ के बजट से शहर में प्रस्तावित सड़क, नालियों के निर्माण पर ग्रहण लग गया है। नगर निगम ने 100 वार्डों में 199 सड़कें और नालियां बनाने का प्रस्ताव तैयार कर मेला प्रशासन के माध्यम से शासन को भेजा था। शासन ने उस प्रस्ताव को लौटा दिया है। अब नगर निगम को शहर की मलिन बस्तियों के काम डूडा और नए शहरी क्षेत्र के विकास कार्य नगर सृजन के तहत होंगे तो महाकुम्भ के मद से मिलने वाले बजट में कटौती होगी। फिलहाल नगर निगम ने शासन के आदेश पर 199 कार्यों के तीन अलग-अलग डीपीआर तैयार कर रहा है। सभी डीपीआर मेला प्रशासन के माध्यम से फिर शासन में नगर निगम के कि महाकुम्भ कार्यों भेजा जाएगा।

### बाइक की डिक्की तोड़कर उड़ाये 1.66 लाख रुपये

**संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** मिर्जापुर के जमुहार रामपुर अत्री के मुनिराज चौहान पुत्र महेन्द्र प्रसाद पड़ोसी जिले प्रयागराज के लाल गोपालगंज में भारत फाइनेंसियल ब्रांच में एसएम के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को कैश कलेक्शन करने हेतु बाघराय देवरी डेरवा होकर रात नौ बजे बाइक से लाल गोपालगंज जा रहे थे। तभी मुजेढी मोड़ पर काली स्कार्पियो सवार लोगों ने बाइक रोककर डिग्गी में रखे 1. 66 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गाड़ी खड़ी कर लघुशंका कर रहा था तभी अज्ञात स्कार्पियो सवार लोग डिग्गी तोड़कर रूपया निकालकर भाग निकले। मामले में केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

### लायंस क्लब के नए सत्र की कमान संभालेंगे लायन प्रदीप सिंह

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** लायंस क्लब क्षितिज की बैठक नगर के एक होटल में अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें लायन प्रदीप सिंह का नाम अध्यक्ष पद के लिए लायन अतुल सिंह ने प्रस्तावित किया। जिस पर सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से अपनी सहमति प्रदान की तत्पश्चात लायन प्रदीप सिंह ने अपनी स्वीकृति प्रदान किया एवं सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सभी से वर्ष भर सहयोग के लिए अपील किया तत्पश्चात अपने सहयोगी के रूप में लायन अजीत सोनकर को सचिव एवं लायन दीपक साहू को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष लायन शशांक सिंह रानू ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा की नई टीम नई सोच के साथ सबको लेकर आगे बढ़ेगी जिससे संस्था का नाम व सम्मान और बढ़ेगा। चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष विष्णु सहाय एवं दिलीप सिंह ने नई टीम को बधाई दिया। इस अवसर पर विनय बरौतिया, संजय बैंकर ,सर्वेश जायसवाल, हसन अब्बास, सुनील कनौजिया, डॉ सतीश मौर्य, दिलीप जायसवाल, देवेंद्र सिंह पिंकू, संजय गुप्ता, कौशल त्रिपाठी, राजीव गुप्ता, संजय जायसवाल, राम अचल मौर्य इत्यादि लोगों ने नई टीम का संपूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन सह सचिव हाफिज शाह ने किया एवं अंत में आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एनसीसी कैंप सीएटीसी-316 का ओपनिंग एड्रेस कार्यक्रम आयोजित



एनसीसी कैंप सीएटीसी-316 का ओपनिंग एड्रेस कार्यक्रम में बैठे कैडेट।

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** एनसीसी कैम्प सीएटीसी-316 के ओपनिंग एड्रेस का कार्यक्रम कमान अधिकारी 96 यूपी बटालियन एनसीसी जौनपुर के कर्नल शंकर सिंह गौतम के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारी 96 यूपी बटालियन एनसीसी जौनपुर कर्नल नीलाक्ष पन्त द्वारा किया गया। इस मौके कर्नल साहब ने लगभग 28 वर्ष पहले अपने उन यादों को कैडेटों के साथ शेयर किया जब वह खुद एक एनसीसी कैडेट थे जो ओपनिंग एड्रेस में आये सैन्य ऑफिसर से प्रेरित होकर खुद सैन्य ऑफिसर बने। इसके बाद पीआई स्टाफ द्वारा 22 राइफल के हैण्डलिंग का प्रशिक्षण हथियार के साथ करवाया गया। इस अवसर पर मेजर विमलेश पाण्डेय, कैप्टन सुनील कांत तिवारी, लेफ्टिनेंट ओम प्रकाश, लेफ्टिनेंट राकेश कुमार, लेफ्टीनेंट बृजभूषण यादव, सूबेदार मेजर एम बहादुर बसनेत, सूबेदार राजेश कुमार सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहे।

# आशनाई का विरोध करने पर महिला को पीटा, मौत

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

▸▸ पति समेत तीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

**अमृत विचार :** प्रयागराज जनपद के उमरावगंज, नवाबगंज की रहने वाली रीना सरोज पुत्री राम दुलारे सरोज ने आठ वर्ष पूर्व हथिगवां के बछंदामऊ गांव निवासी महेश उर्फ चालू सरोज के साथ भागकर प्रेम विवाह किया था। इससे दोनों परिवार के लोग कुछ दिन तक नाराज रहे। धीरे-धीरे सम्बन्धों में मधुरता आई और दोनों बछंदामऊ आकर रहने लगे। इस दौरान रीना ने दो पुत्र व एक पुत्री को जन्म दिया। बड़ा बेटा पवन, बेटी पल्लवी व अमन है।

इसी बीच महेश का परिवार के ही एक महिला से अवैध संबंध हो गया। जिसकी जानकारी होने पर रीना विरोध करने लगी। इसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था। बुधवार को भी इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। जिसके बाद महेश उर्फ चालू ने रीना को कमरे में बंद कर जमकर मारापीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जानकारी होने पर मृतका रीना सरोज का भाई सोनू सरोज उसके घर पहुंचा और अवैध संबंधों को लेकर बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति गुलाब उर्फ चालू, सास मिरजहिन, चचेरे भाई की पत्नी के खिलाफ हत्या समेत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसओ नंद लाल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# इतिहास के सर्वकालीन युगपुरुष हैं गांधी, पीएम ने किया अपमान : प्रमोद

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़

▸▸ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने पीएम मोदी पर कसा तंज

**अमृत विचार :** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने महात्मा गांधी को लेकर पीएम मोदी की बयानबाजी प्रतिक्रिया दी। कहा कि प्रधानमंत्री देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को कमतर करके आंकने लगे हैं। यह कहना कि जब तक महात्मा गांधी की फिल्म नही बनी थी तब तक दुनिया में गांधी जी को कौन जानता था? प्रधानमंत्री ने यह कहकर कि विदेशों में लोग गांधी को नहीं जानते थे, यह पूरी तरह से राष्ट्रपिता गांधी का अपमान है।

पीएम मोदी को यह मालूम होना चाहिए कि सत्य, अहिंसा और शांतिपूर्वक जो देश में आंदोलन हुआ उसके जन्मदाता गांधी जी ही थे। यह भी कहा कि फिल्म आने से पहले ही दुनिया के तमाम देश गांधी के बताए रास्ते पर चलकर आजाद हुए। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद



प्रमोद तिवारी।

तिवारी ने कहा कि गांधी इस देश के इतिहास के सर्वकालीन युगपुरूष थे। जिनका दुनिया में बहुत सम्मान था। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में गांधी जी की प्रतिमाएं लगी है और तमाम मार्गो के नाम उनके नाम पर हैं। कहा कि पीएम का गांधी जी पर दिया गया बयान सिर्फ गांधी को ही नही बल्कि देश के इतिहास को झूठा साबित करने का अक्षम्य अपराध है। मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि इस समय काशी में भाजपा के कई प्रदेशों के सीएम, डिप्टी सीएम, केन्द्रीय मंत्री, मंत्रीगण ही नही बल्कि स्वयं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक डेरा डाले हैं। इससे यह तस्वीर भी साफ हो गयी है कि यदि प्रधानमंत्री मोदी ने दस साल के अपने कार्यकाल में काशी की सेवा की है तो फिर काशी की महान जनता पर उनको आखिर सीधा भरोसा क्यों नही रह गया है। संबित पात्रा जैसे मोदी भक्त कह रहे हैं कि भगवान जगन्नाथ पीएम मोदी के प्रशंसक है। प्रमोद ने पीएम की घेराबंदी करते हुए कहा कि उनका कहना कि वह बायोलॉजिकल नही जन्मे हैं बल्कि अवतरित हुए है। इससे प्रधानमंत्री के गरिमामयी पद को वह क्यूं दुनिया में हंसी मजाक का पात्र बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब कोई भी सत्ता मद में आराध्य भगवान से बड़ा होने की कोशिश करता है तो देश की जनता उसे कभी माफ नहीं करती।

# टूरिस्ट बस और डीसीएम में भिड़ंत एक की मौत

**प्रयागराज। अमृत विचार:** हंडिया थाना क्षेत्र के तिलकपुर गांव के सामने नेशनल हाईवे के ओवर ब्रिज पर बृहस्पतिवार को तड़के तीन बजे टूरिस्ट बस और डीसीएम की हुई आमने सामने भिड़ंत में बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक यात्री घायल हो गए। हादसे में दोनों वाहनों के परखचे उड़ गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल पास से सीएचसी होडया में भर्ती कराया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हंडिया और बरौत के बीच हाईवे पर बने ओवर ब्रिज के ज्वाइंट में गड़बड़ी आ जाने के कारण आवागमन वन वे कर दिया गया है। इसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। जब से ब्रिज का निर्माण हुआ है तब से किसी न किसी ब्रिज की मरम्मत चल ही रही है।

# एक सप्ताह से बेली में खराब पड़ी है एक्स-रे मशीन

**प्रयागराज। अमृत विचार:** बेली अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से एक्सरे मशीन खराब होने मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। प्रचंड धूप में दूर- दराज से आने वाले मरीज जांच के लिए कॉल्विन, एसआरएन व निजी अस्पतालों पर निर्भर हैं। इसके अलावा आने-जाने की दिक्कत अलग झेलनी पड़ती है। अस्पताल की डिजिटल एक्सरे मशीन में ऐसी तकनीकी खराबी है, जिसका स्पेयर पार्ट्स जर्मनी या फ्रांस से मंगाया जाएगा। बेली अस्पताल में रोजाना लगभग 1400 मरीज आते हैं। इसमें 120 से 150 मरीजों को एक्सरे - जांच की जरूरत होती है। वेली अस्पताल के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरपी मिश्र ने बताया कि एक्सरे मशीन की तकनीकी खामियों को दूर के लिए इंजीनियर आए हुए है। मशीन का कुछ पार्ट संबंधित एजेंसी की ओर से विदेश से मंगाया जाएगा।

# समाजसेवियों ने रेलवे स्टेशन गेट पर वितरित किया पानी-गुड़



मुसाफिरों को रेलवे स्टेशन पर पानी और गुड़ वितरित करते समाजसेवी।

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** चिलचिलाती गर्मी में मुस्लिम भाइयों ने रेलवे स्टेशन गेट नंबर 3 पर बाहर से आए मुसाफिर व राहगीरों को ठंडा पानी गुड़ व बिस्किट देकर कुछ राहत पहुंचाने का कार्य किया।

समाज के हित के लिए सागर वाटर आबिद अली मोहम्मद समीम बबलू नौशाद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद उल्ला ने कहा समाज के हर वर्ग को अपने क्षेत्र में इस प्रचंड गर्मी में 48 /49 के करीब चल रहे तापमान में मुसाफिरों व राहगीरो और मजदूरों को पानी की बड़ी दिक्कतें हो रही है। ऐसे में तमाम लोग अपने घरों के बाहर प्याऊ लगाकर पुण्य का कार्य करने के लिए आगे आए।

मुसाफिरों की थोड़ी गर्मी कम करने की कोशिश की गई। सारे काम सरकार के ऊपर नहीं छोड़े जाते कुछ काम हमारा भी है। हम सबको भी करना चाहिए यही संदेश प्रयागराज की जनता को यह टीम देना चाहती है।

# गैर इरादतन हत्या के दोषी को जेल

**प्रतापगढ़। अमृत विचार:** जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए मोहित लाल यादव निवासी त्रिलोचनपुर, थाना मानिकपुर को सात वर्ष के कारावास तथा 10 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया। वादी मुकदमा बुधई राम निवासी त्रिलोचनपुर के अनुसार 18 जून 2020 की शाम साढ़े छह बजे उसके चचेरे भाई मोतीलाल व रोहित उसे मारपीट रहे थे। तभी उसकी 60 वर्षीय मां बचाने दौड़ी तो अभियुक्त मोहित ने उसकी मां को फाइट मार दिया जिससे उसकी मां बेहोश हो कर गिर पड़ी और अभियुक्त भाग गये। मैं अपनी मां को लेकर संग्रामगढ़ सरकारी अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अभियोजन द्वारा सात गवाहों के माध्यम से 12 प्रदर्शों को साबित करा कर अपना पक्ष मजबूती से रखा। राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने किया।



एनसीसी शिविर में फायरिंग का अभ्यास करते छात्र। अमृत विचार

# एनसीसी शिविर में फायरिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता, नैनी। अमृत विचार :** 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज द्वारा सेंट जोन्स एकेडमी, रामपुर, करछना में संचालित सीएटीसी-63 में शिविर के तीसरे दिन फायरिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अर्न्तगत सह एनसीसी अधिकारियों गर्ल्स कैडेट प्रशिक्षक, पीआई स्टाफ एवं ब्वायज एवं गर्ल्स कैडेटों ने फायरिंग में प्रतिभाग किया।

प्रमुख रूप से मेजर राजेश कुमार तिवारी, ले. बालेन्द्र कुमार मिश्रा, सर. अभिजीत, चीफ आफिसर उपेन्द्र नाथ सिंह, चीफ आफिसर सेवालाल, थर्ड आफिसर सरफराज अहमद, जीसीआई वर्षा केशरवानी, नायब सुबेदार मनोज कुमार, नायब सुबेदार सुरेश कुमार, बीएचएम योगेश कुमार, सीएचएम प्रत्युश कुमार, हवलदार विरेन्द्र, हवलदार पुष्पेन्द्र सिंह, हवलदार किरण राय, हवलदार श्यामवीर सिंह इसमें शामिल रहे। इसके साथ ही 107 ब्वायज एवं गर्ल्स कैडेटों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान कैम्प कमाण्डेन्ट कर्नल पीएस महापात्रा एवं डिप्टी कैम्प कमाण्डेन्ट ले. कर्नल आर प्रसाद उपस्थित रहें।

# वोटिंग के आधे घंटे बाद तक एक्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबंध : जिलाधिकारी

संवाददाता, मिर्जापुर।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत एक जून मतदान समाप्ति के आधे घंटे बात तक एक्जिट पोल पर किसी भी मीडिया के द्वारा कवरेज प्रतिबन्धित रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा। किसी उप-निर्वाचन या एक साथ कराए जाने वाले अनेक उप-निर्वाचनों की दशा में वह अवधि मतदान के पहले दिन से ही मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से शुरु होगी और मतदान समाप्त होने के पश्चात् आधे घंटे तक जारी रहेगी, परंतु भिन्न-भिन्न दिनों पर एक साथ कराए जाने वाले अनेक उप-निर्वाचनों की दशा में, वह अवधि मतदान के पहले दिन के संबंध में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से शुरु होगी और अंतिम मतदान समाप्त होने के पश्चात आधे घंटे तक जारी रहेगी। वहीं, प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

# निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार सभी प्रक्रिया अपनाई जा रही : डीएम

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की गई। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जौनपुर और मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र की मतगणना सुबह चार जून को से शुरू होगा। वहीं, स्ट्रॉन्ग रूम सुबह 6.30 बजे खोला जायेगा। यह जानकारी प्रत्याशियों को दी गई है।

मीडिया कर्मियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की अनुमति है। इसके अलावा एक पब्लिक कम्युनिकेशन रूम बनाया गया है। वहीं, बाकी सभी प्रत्याशी इलेक्शन एजेंट प्रतिनिधियों का मोबाइल फोन जमा हो जायेगा। पोस्टल बैलेट के मतो की गणना के लिए पुलिस प्रशासन और नोडल अधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी सीएपीएफ मौजूदगी में सुबह 6 बजे ट्रेजरी से विश्वविद्यालय मतगणना स्थल तक पहुचायी जायेगी। 73-जौनपुर और 74-मछलीशहर के केराकत में 31-31 राउण्ड में गणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राउंडवार मतों की गणना का अनाउंसमेंट भी किया जाएगा। हर राउण्ड में 14 टेबल होंगे। हर टेबल पर 01 काउटिंग एजेण्ट और प्रत्याशियों को इनकी नियुक्ति के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। मीडिया के जानकारी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के दौरान ईवीएम के सम्बन्ध में विभिन्न स्थितियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। यदि कन्ट्रोल यूनिट से रिजल्ट डिस्प्ले नही हो रहा है। तो एआरओ द्वारा इंजीनियर से वेरिफाई कराया जायेगा। इसके पश्चात भी रिजल्ट शो नहीं करता है तो समस्त राउण्ड की मतगणना के पश्चात वीवीपैट से इसकी गणना होगी। जिन पीठासीन अधिकारियों द्वारा भरा फार्म 17 सी तथा कन्ट्रोल यूनिट में अंतर आता है या मॉक पोल का डाटा अगर कंट्रोल यूनिट से डिलीट नहीं किया गया है।

# बैंक वाले फटी नोट दे रहे हैं कहकर उच्चके ने उड़ाये 11 हजार

**संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** बाघराय थाना क्षेत्र के पवांसी गांव की अनीता देवी पत्नी विनोद कुमार यादव गुरूवार को बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा बाघराय में दोपहर करीब 12 बजे बचत खाता से 25 हजार रूपया निकालकर गिनने लगी। इसी बीच बैंक में मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि नोट बैंक वाले फटी दे रहे हैं, लाइए रूपया गिन दूं। इस पर 25 हजार लेकर 14 हजार रुपये अनीता को दे दिया, जबकि रुकने की बात कहते हुए 11 हजार रुपये लेकर भाग निकला। अनीता देवी ने मामले की शिकायत बैंक अधिकारियों व पुलिस से की। रूपया लेकर भागने वाले उचक्के की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एसओ बाघराय निकेत भारद्वाज ने बताया कि टप्पेबाजी करने वाले युवक को बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से खोजबीन की जा रही है।

# भीषण गर्मी का कहर जारी, पारा 45 डिग्री सेल्सियस पार

## गर्मी ने तोड़ा दस साल का रिकॉर्ड, सुबह दस बजते ही सड़कों पर पसर जा रहा सन्नाटा, ट्रांसफॉर्मरों पर की जा रही पानी की बौछार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में भीषण गर्मी का कहर जारी है। आसमान से आग बरस रही है। पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी के चलते शहर की सड़कें सूनी नजर आ रही हैं। गुरुवार का दिन सबसे गर्म रहा। गर्मी से बिजली व्यवस्था भी बदहाल हो गयी है। ट्रांसफॉर्मर पानी से नहलाए जा रहे हैं।

गुरुवार को सुबह नौ बजे से ही धूप ने लोगों को परेशान कर दिया। दोपहर में वही लोग बाहर निकल रहे हैं, जिन्हें जरूरी काम है। सुबह 10 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा दिखने लगा। राहगीरों को तीखी धूप से बचने के लिए गमछे का सहारा लेना पड़ रहा है। जो लोग बाहर निकल रहे हैं वे तीखी धूप से बचने के लिए छांव ढूंढते फिर रहे हैं। शहर और कस्बों के मुख्य बाजार में दोपहर में सन्नाटा पसरा रहा। कड़ी धूप के साथ ही दस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवा के थपेड़ों से भी लोग परेशान रहे। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान ने पिछले 10 वर्षों के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। शरीर झुलसा देने वाली गर्मी से अभी राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। गुरुवार को जिले का तापमान रिकॉर्ड 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। यह पिछले 10 वर्षों में सर्वाधिक है। बृहस्पतिवार को सुबह से ही कड़ी धूप ने परेशान किया। गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को चुभ रहे थे। तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बस स्टेशन पर यात्री न के बराबर रहे। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा तभी गर्मी से राहत मिल सकती है, लेकिन अभी इसके लिए इंतजार करना होगा। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान ने पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आगामी दिनों में तापमान 47 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। उधर, इस भीषण गर्मी ने बिजली व्यवस्था को पटरी से अलग कर दिया है। बिजली के ट्रांसफॉर्मर गर्मी से हांफ रहे हैं। बार बार लाइन ट्रिपिंग और पावर कट से लोग परेशान हैं। बिजली के ट्रांसफार्मर को गर्मी से बचाने के लिए पानी से नहलाया जा रहा है। ताकि उनका तापमान नियंत्रित रहे और उन्हें दगने या जलने से बचाया जा सके।


गोंडा के स्टेशन रोड आंबेडकर चौराहे पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार


मनकापुर के टिकरी उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर पर पानी डालता कर्मचारी।

**गन्ने और मक्के की फसल पर पड़ेगा विपरीत असर:** तापमान में लगातार हो रही वृद्धि से गर्मी का कहर बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप से हर कोई परेशान है। सुबह नौ बजे के बाद ही तेज धूप का एहसास होने लगता है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी गर्मी का कहर और बढ़ेगा। इस बार अप्रैल में ही पारा 39 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। कृषि विज्ञान केंद्र महेवा नानकार के मौसम वैज्ञानिक डॉ. रामलखन सिंह ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में मई में इतनी गर्मी कभी नहीं रही। उन्होंने बताया कि तापमान अभी और बढ़ेगा। जिला कृषि अधिकारी जगदीश यादव ने बताया कि तापमान अधिक होने से गन्ना व मक्के की फसल पर प्रभाव पडेगा। सब्जी की फसल भी सूख रही है। इससे फसल उत्पादन घट जाएगा। उन्होंने किसानों से फसलों की सिंचाई सही समय पर करने की सलाह दी है।


गर्मी से कुछ इस तरह बचाव करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### कार्यालयों में कूलर लगाकर काम कर रहे कर्मचारी

गर्मी का असर चारों तरफ दिख रहा है। सरकारी कार्यालय में भी गर्मी के चलते कर्मचारी परेशान है। किसी तरीके से कूलर एसी का प्रयोग करके काम निपटा रहे हैं। गुरुवार को जिला पूर्ति विभाग में भारी गर्मी के बीच कर्मचारी काम निपटा रहे थे। जब गर्मी बर्दाश्त से बाहर हुई तो लोगों ने उसका रास्ता निकालते हुए कूलर लगा दिया। कूलर लगने के बाद फिर एक बार काम शुरू हुआ। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रामशरण ने बताया कि गर्मी के चलते काम करना बड़ा कठिन हो जा रहा है। लेकिन ड्यूटी है काम निपटाना है। इसलिए कूलर लगाकर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरा कार्यालय गर्मी से तप रहा है ऐसे में कूलर लगाकर काम करना मजबूरी है। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक हरबंस यादव, लिपिक चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा, रवि कश्यप आदि मौजूद रहे।

### लगाया प्याऊ, राहगीरों को मिली राहत

**संवाददाता, मनकापुर, अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप में प्यासे राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए मनकापुर के बाल सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चौराहों पर सुराही में ठंडा पानी व मिष्ठान रखकर पुण्य कार्य किया है। मानस मंगल दल सेवा समिति की ओर से पशु पक्षियों को पानी पिलाने के लिए पात्रों में पानी भरकर जगह- जगह रखा जा रहा है ताकि प्यास से किसी जीव की जान न जाए। सूरज की इस तपन में पशु पक्षी, मनुष्य सभी भयंकर गर्मी से बेहाल हैं ऐसे में उन्हें पानी पिलाकर यह पुनीत कार्य किया जा रहा है। मानस मंगल दल सेवा समिति के संस्थापक आर के नारद ने बताया कि गर्मी से परेशान लोगों को राहत देने के उद्देश्य से प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें पक्षियों को पानी पिलाने के लिए पेड़ों की टहनियों में रस्सी के सहारे पात्र बांधकर उसमें पानी भरना, पात्रों में पानी भरकर जानवरों को पानी पिलाने तथा चौराहों पर सुराही के माध्यम से लोगों को पानी पिलाकर राहत दी जा रही है। इस कार्य में आम जनमानस का भी सहयोग मिल रहा है कार्यक्रम को सफल बनाने में राजदीप, अमरदीप, शिवा, प्रियदर्शनी, दिव्या दिव्य दर्शनी, पूजा मनमोहिनी सहित तमाम बच्चे इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।


सुभागपुर में बदला जा रहा फुंका ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

## सुभागपुर उपकेंद्र का ट्रांसफार्मर फुंका

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** आसमान से आग बरस रही है। गर्मी के चलते हर आदमी परेशान है। झुलसाने वाली गर्मी के बीच बिजली विभाग भी लोगों को रुलाने पर लगा है। लो वोल्टेज व बिजली की कटौती से पूरे जिले के लोग परेशान हैं। जहां विद्युत सप्लाई है भी, वहां वोल्टेज इतना कम है कि लोग घर के बाहर आकर बैठे रहते हैं। गांव के ट्रांसफार्मर तो आए दिन जल ही रहे हैं। सबसे बुरा हाल विद्युत उप केंद्रों का है उप केंद्र पर लगे बड़े-बड़े ट्रांसफार्मर भी जवाब दे रहे हैं। अक्सर जल जाते हैं जब उप केंद्र पर लगा ट्रांसफार्मर जलता है तो उसे सप्लाई किए जाने वाले सभी गांव की बिजली आपूर्ति गड़बड़ हो जाती है।

सुभागपुर उप केंद्र पर लगा ट्रांसफार्मर भी दो दिन से जला पड़ा है जिसके चलते पूरे क्षेत्र की सप्लाई बाधित हो रही है। गुरुवार को बिजली कर्मचारी के अथक प्रयास के बाद नया ट्रांसफार्मर विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचाया गया। कर्मचारियों का कहना है कि देर शाम तक काम किया जाएगा तब जाकर विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

सुभागपुर विद्युत केंद्र से इंदिरापुर, भटवलिया, तुरकाडीहा केवलपुर, कंधरा तेजी, बदवलिया तिरकोलिया, लालचंद पुरवा, पंडरी कृपाल समेत कई गांव को बिजली दी जाती है। विद्युत उपकेंद्र के ट्रांसफार्मर जलने से सभी गांव की आपूर्ति ठप हो गई थी इससे उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश था बदवालिया गांव के रहने वाले अनु ने बताया कि सारी रात बिजली नहीं थी। किसी तरीके से रात गुजारी है। पूरी रात सो नहीं पाए। बिजली आती भी है इस क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली बिल भी समय से जमा किया जाता है उसके बाद भी दुर्दशा रहती है। फिलहाल सुभागपुर उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर लग जाने से उम्मीद है कि जल्दी पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जा सकेगी।

## एक नजर

### बिना कनेक्शन मोटर चलाने पर दी तहरीर

**खरगूपुर, अमृत विचार :** बिजली विभाग के अवर अभियंता ने बगैर बिजली कनेक्शन के बिजली मोटर से खेत की सिंचाई कर रहे दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए तहरीर थाने में दी है। विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर के अवर अभियंता संतोष कुमार सिंह ने बताया कि योगेश कुमार निवासी कुम्हारन पुरवा व राजदत निवासी गोपालपुर शिवगढ़ देवतहा बगैर कनेक्शन के बिजली मोटर चलकर खेत की सिंचाई कर रहे थे। इन लोगों से जांच के दौरान कनेक्शन रसीद मांगने पर नहीं दे सके। दोनों पर केस दर्ज करने की मांग की गई है।

### बेतहाशा गर्मी से वृद्ध हुआ बेहोश, पुलिस ने घर भेजा

**रुपईडीह, अमृत विचार :** शुक्रवार को दोपहर बाद खरगूपुर के बराराय गांव निवासी मोलहू (65) गोंडा से टेंपो पर सवार होकर आर्य नगर आ रहा था। तभी रास्ते में इंडियन बैंक की शाखा आर्यनगर के निकट भीषण गर्मी के चलते हुए अचानक बेहोश हो गया। टेंपो चालक द्वारा टेंपो रोक करके उसे पुलिस चौकी आर्य नगर ले जाया गया। जहां पर आधे घंटे बाद वह होश में आया। होश मे आने के बाद पुलिस ने उसे घर भेज दिया है।

### घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला

**रुपईडीह, अमृत विचार :** सामान खरीदने को लेकर बसभरिया गांव निवासी ननके की पत्नी संजू व उनके पुत्र साजन को कुछ लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों व धारदार हथियार से प्रहार कर जख्मी कर दिया। घटना की सूचना उन्होंने पुलिस को दे दी है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि सभी चोटिलो को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह भेज दिया गया है, तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा जा रहा है।

## दो साल से इंडिया मार्का हैंडपंप खराब, पानी को तरस रहे ग्रामीण

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धूप से पेयजल संकट गहराने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगे इंडिया मार्का हैण्डपम्प दो-दो साल से खराब पड़े हैं। जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए संकट बना है, जबकि इंडिया मार्का हैण्डपम्पों के मरम्मत के नाम पर लाखों रूपये का खेल प्रति वर्ष होता चला आ रहा है।

परसपुर विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर के बिहुरी गोसाईं पुरवा में बृजेश गोस्वामी के घर के सामने रोड पर लगा हैण्डपम्प बानगी मात्र है। इस तरह विकास क्षेत्र विभिन्न ग्राम पंचायतों में दर्जनभर से अधिक हैंडपंपों की हालत खराब है। बृजेश गोस्वामी सहित जगदम्बा, बड़कऊ, लोकई, रूपेश, गोविंद, योगेश के साथ गांव के तमाम लोग एवं राहगीरों को पानी पीने का साधन था। जो दो वर्ष पहले खराब हो गया था। जिसे बनवाने के लिए ग्राम प्रधान से लेकर खण्ड विकास अधिकारी से दर्जनों बार शिकायत की गयी लेकिन हैंडपंप बनवाने की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी। नतीजा इस भीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ नहाने के लिए भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गांव के दर्जनों लोगों ने मुख्य विकास अधिकारी से पेयजल के हैण्डपम्प मरम्मत कराने लिए गुहार लगायी है।


खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप।


शिविर में रक्तदान करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ताओं ने रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** रवि प्रकाश पांडेय के सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर आनंद पाण्डे ने गुरुवार को रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि रवि प्रकाश के योगदान को समाज कभी भुला नहीं सकता। प्रथम पुण्य तिथि की पूर्व संध्या पर फौजदारी बार एसो. द्वारा जिला अस्पताल रक्त बैंक में आयोजित शिविर में एसो. के महामंत्री अजेय विक्रम सिंह ने कहा कि रवि प्रकाश पांडेय सामाजिक हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार मिश्रा शैलू, अजीम जाफरी, देवेंद्र कुमार सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, विमल वर्मा, अंजनी श्रीवास्तव, देवन मिश्रा, दिलीप पांडेय, दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, आर्यन पांडेय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## रेल यात्रियों के लिए स्टेशन पर लगाया गया प्याऊ, ट्रेनों में पिलाया शरबत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सावन कृपाल रुहानी मिशन की ओर से शरबत एवं पेयजल वितरित किया गया। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर मिशन के दीपक बरियानी, नीरज मंजर, अन्शू कालानी, प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, कमल बलेचा, स्वाती, नैंसी अडवानी आदि ने कई प्रमुख रेल गाड़ियों के यात्रियों को शरबत पिलाया जिससे गर्मी एवं प्यास से बेहाल यात्रियों को काफी राहत महसूस हुई। रेलवे स्टेशन पर सावन कृपाल रूहानी मिशन के इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार यादव, चंद्रभान, दानिश, उमेश श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। स्टेशन के प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल यादव के अनुसार मिशन के सदस्यों ने प्लेटफार्म नंबर दो पर गाड़ी संख्या 15212, 12512, 22532 सहित कई रेल गाड़ियों के रेल यात्रियों को शरबत एवं पेयजल दिया गया।


रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शरबत पिलाते रुहानी मिशन के सदस्य। अमृत विचार

## पाप ईश्वर से अलगाव का स्रोत: संतोष पांडेय

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचार:** विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्यौली के पूरे बिलन्द में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा छठे दिन कथा वाचक पंडित सन्तोष पाण्डेय ने कहा कि पाप मानव हृदय की एक स्थिति है जो हमें ईश्वर की इच्छा पर अपनी इच्छाओं और स्वार्थों को प्राथमिकता देने की ओर ले जाती है। पाप मानव टूटन का मूल कारण और ईश्वर से हमारे अलगाव का स्रोत है। उन्होंने कहा वह सभी कार्य जिनसे दूसरों को किसी भी तरह का दुख, तकलीफ़ या नुकसान हो वह पाप है और वह कार्य जिनसे दूसरों का फायदा हो वह पुण्य है। वहीं कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कंस का वध कर श्री कृष्ण ने कारागार से दोषियों और अपने प्रियजनों को मुक्त कराया और उग्रसेन को उसकी गद्दी भी वापस दिलाई. श्रीकृष्ण के रूप में भगवान विष्णु ने कंस का वध किया. इस तरह से कंस को भगवान विष्णु के हाथों से मृत्यु प्राप्त हुआ, जिसके कारण उसके इस जन्म के सभी पाप कर्म धुल गए। श्रीकृष्ण- रुक्मिणी विवाह की कथा सुन श्रोता भक्तगण आनंदित हो गए। इस अवसर पर महादेव सिंह, शिवसरन सिंह, प्रदीप सिंह, मुन्नू सिंह आदि मौजूद रहे।

## टीकाकरण की खराब प्रगति पर भड़कीं डीएम

### पंचायत सभागार में की समीक्षा, बोलीं-काम में करें सुधार वरना होगी कार्रवाई

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिला पंचायत सभागार में स्वास्थ्य विभाग के नियमित टीकाकरण की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सीएचसी वार सभी अधीक्षकों से नियमित टीकाकरण की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान जनपद में आरआई माइक्रोप्लान, जीरो डोज, हाई प्रीयार्टी, एचपी सबसेंटर की मानीटरिंग, इम्यूजेशन की स्थिति, आरआई हाउस टू हाउस मानीटरिंग, एएफपी एमआर तथा कोल्डचेन आदि की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद में नियमित टीकाकरण की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सीएचसी अधीक्षकों को कड़े निर्देश दिये हैं कि सभी लोग नियमित टीकाकरण पर विशेष ध्यान देकर प्रगति में तेजी लाकर समय से करायें टीकाकरण का कार्य। बैठक में जिलाधिकारी ने बड़े साफ शब्दों में निर्देश दिये हैं कि नियमित टीकाकरण के कार्य में कतई किसी प्रकार की कोई हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिये हैं कि आप अपने स्तर पर भी नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते रहें। सीडीओ ने सभी सीएचसी अधीक्षकों व संबंधित को निर्देश दिये हैं कि सभी लोग लगकर टीकाकरण के कार्य को समय से पूर्ण करायें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयगोविंद, सीएमएस जिला महिला अस्पताल, डॉक्टर पंकज तिवारी वैक्सीनेशन, डीसीपीएम डॉक्टर आरपी सिंह, डीपीएम अमरनाथ, डॉक्टर शेषनाथ सिंह यूनिसेफ, समस्त सीएचसी अधीक्षक सहित सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

## शटर तोड़कर दुकानों से लाखों का माल समेटा

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मौहारी गांव के रहने वाले शिवम पांडेय की नवाबगंज-कर्नलगंज मार्ग पर बल्लीपुर गांव के पास इलेक्ट्रॉनिक एवं मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। इसी दुकान के बगल मौहारी गांव के ही योगेंद्र पांडेय भी खाद-बीज एवं पेस्टीसाइड का काम करते हैं।

योगेन्द्र ने बताया कि मंगलवार की देर शाम दोनों दुकानदार दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने दोनों दुकानों का शटर तोड़कर लाखों का सामान पार कर दिया। इस चोरी की घटना में शामिल चोर इतने बेखौफ थे कि ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर चोरी का सारा सामान उठा ले गये। पीड़ित योगेन्द्र ने बताया कि सुबह गाँव के ही रहने वाले राजेश ने बताया कि दोनों दुकानों में चोरी हो गई है। सूचना मिलने पर जब दुकान पर पंहुचे तो देखा की शटर टूटा हुआ है और दुकान में से 11 बोरी यूरिया, 10 बोरी डीएपी, धान के बीज, 2 पैकेट पेस्टीसाइड, एक बोरी चरी के बीज और छिड़काव करने की मशीन चोरी हो गई है। वहीं शिवम ने बताया कि उसकी दुकान से छत वाले 12 पंखे, 4 फर्राटा पंखे, रिपेयरिंग के लिए रखे 5 पुराने फर्राटा पंखे, इलेक्ट्रॉनिक तार के बंडल, हेडफोन, 10 हजार रुपए नगद व मोबाईल बनाने की मशीन सहित लाखों का सामान चोरी हो गया है। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है, मुकदमा दर्ज किया गया है।


टूटा शटर दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

### किशोर अपचारियों का तैयार कराएं प्रोफाइल

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने एसएसपी राज करन नय्यर के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। किशोर अपचारियों के शैक्षिक उन्नयन की बेहतर योजना न पाए जाने पर नाराजगी जताई। सबसे पहले अधिकारियों ने पाकशाला का निरीक्षण किया। इसके बाद किशोर बैरक पहुंचे। जेल प्रशासन से किशोर अपचारियों के कौशल विकास व उनके शैक्षणिक उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयासों और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा, संतोषजनक उत्तर न मिलने पर नाराजगी जताई। जेल के सभी किशोर अपचारियों का उनके उम्र के अनुरूप उनकी शैक्षिक एवम् कौशल ज्ञान का आधारभूत सर्वेक्षण कराकर प्रत्येक अपचारी का प्रोफाइल तैयार करने का निर्देश दिया। शैक्षिक व कौशल उन्नयन के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाकर इसे शुरू कराने के लिए कहा। डीएम ने वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार को जेल नियमावली के अनुरूप जेल में सभी व्यवस्थाएं कराने का निर्देश दिए।

सतर्कता

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, पुलिसकर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

## कड़ी सुरक्षा में मतगणना स्थल की ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मतगणना स्थल स्ट्रांग रूम नवीन गल्ला मंडी बड़गांव का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मतगणना के दिन चार महत्वपूर्ण बैरियर बनाए गए हैं। पहला बैरियर श्री महादेव पेंट्स के सामने मुख्य मार्ग मिश्रौलिया ओवरब्रिज के आगे उतरने पर व दूसरा बैरियर बड़गांव चौराहा के पास बनाया गया है। जिन पर तैनात सुरक्षाकर्मियों का दायित्व होगा कि मतगणना स्थल की ओर प्रत्याशी, प्रत्याशियों के एजेंट व चुनाव ड्यूटी में लगे हुए कार्मिक का पहचान पत्र व जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत पास चेक करने के उपरान्त ही उनको तथा उनके वाहनों को आगे जाने दिया जाय। तीसरा बैरियर महादेव धर्म कांटा के आगे वैल्यू इलेक्ट्रानिक्स के पास बनाया गया जो मिश्रौलिया ओवरब्रिज की तरफ से आने वाले प्रत्याशी, प्रत्याशियों के एजेंट व चुनाव ड्यूटी में लगे हुए कर्मियों को रोककर उनके लिए बनाये गये पार्किंग स्थल स्वामी नाथ महादेव मैरिज लान व इरम हॉस्पिटल मोड़ के तरफ खाली मैदान में ही पार्किंग करायी जायेगी। इस प्रकार बड़गांव की तरफ से आने वाले चौथे बैरियर जय मां जहजवा सम्मय महारानी के पास रोका जायेगा तथा उनके वाहनों को बनाये गये पार्किंग स्थल आदर्श सामदेव संस्कृत महाविद्यालय व जय मां जहजवा सम्मय महारानी के बगल में खाली स्थान में ही पार्किंग करायी जायेगी। पार्किंग स्थल से गल्ला मंडी मतगणना स्थल तक 150 मीटर परिधि तक किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से निषेध रहेगा। मतगणना स्थल पर पान, मसाला, सिगरेट, माचिस, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व ज्वलनशील पदार्थ ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है। मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 7 प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, 20 निरीक्षक, 149 उप निरीक्षक, 7 महिला उपनिरीक्षक, 820 हेड कांस्टेबल सहित करीब 185 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के अतिरिक्त 27 पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था के लिए लगाई गई है। इसके अलावा पर्याप्त संख्या के पीएसी व सीएपीएफ के जवानों की भी तैनाती की जायेगी। एलआईयू भी अवांछनीय अराजक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखेगी। मतगणना के दृष्टिगत 3 क्यूआरटी का गठन किया गया है जो दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित होंगी। प्रत्येक क्यूआटी में 01 उप निरीक्षक व 08 मुख्य आरक्षी, आरक्षी लगाये गये हैं। 01 क्यूआरटी मतगणना स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर, द्वितीय क्यू आर टी को बडगांव चौराहे तथा तृतीय क्यूआरटी को मिश्रौलिया चौराहे पर लगाई जाएगी। मतगणना स्थल को ड्रोन कैमरों, कैमरों से निगरानी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जायेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


मतगणना स्थल पर हो रही बैरिकेडिंग देखते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

# पूर्वांचल के अंतिम 13 द्वार, किसे मिलेगा जीत का उपहार

## सातवें चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में वोट डाले जाएंगे। इसी के साथ लोकसभा चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मतदान वाली सभी 13 सीटें पूर्वांचल की हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने इनमें से नौ सीटें जीती थी, जबकि दो सीटें उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीती थीं। दो सीटें सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी बसपा के हिस्से में आई थीं। इस बार इन सभी सीटों पर दोनों गठबंधनों एनडीए और इंडिया ने प्रचार में जमकर पसीना बहाया है। भाजपा जहां सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं करीब आधा दर्जन सीटों पर कड़ी टक्कर दे रहा सपा-कांग्रेस गठबंधन भाजपा के मिशन-80 में पलीता लगाना चाहता है। चार से पांच सीटों पर लड़ाई त्रिकोणीय बना रही बसपा के सामने चुनौती पिछली बार की दो सीटों का स्कोर बचाना है। इन 13 सीटों में पांच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर के आसपास और चार सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी से सटी हैं। भाजपा की कोशिश इन नौ सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल करने की है।






**इन सीटों पर नजर आ रहा कांटे का मुकाबला**

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया के लिए कठिन हुई जीत की राह

कुर्मी बहुल मानी जाने वाली मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) की केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को इस बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र एस बिंद की चुनौती से पार पाने में उनके सामने बसपा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी लगातार मुश्किल और बढ़ाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अनुप्रिया को इस बार जीत की हैट्रिक लगाने में मोदी और योगी के नाम और काम का ही सहारा है। यहां भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों का एक हिस्सा अगर बसपा के साथ जाता है, तो अनुप्रिया के लिए खतरा हो सकता है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र एस बिंद जिनका मुंबई में कारोबार है, इलाके में बिंद समाज कल्याण संघ के माध्यम से सक्रिय रहे हैं। मिर्जापुर में पिछड़े वर्ग में कुर्मी के बाद सबसे ज्यादा सवा लाख से ज्यादा बिंद मतदाता हैं और उनके एक मुश्त वोट सपा की तरफ मुड़ते नजर आ रहे हैं। इन परिस्थितियों में अनुप्रिया ने बैठे ढाले एक और मुसीबत कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के खिलाफ बयान देकर ले ली है, इससे राजपूत वोटरों के एक वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है।

- सपा की चुनौती से पार पाने में बचानी होगी अगड़े वोटों में बसपा की सेंध

### घोसी में दांव पर लगी ओमप्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा

मऊ जिले की घोसी लोकसभा सीट पर योगी सरकार के मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। घोसी से उनके बेटे अरविंद राजभर मैदान में हैं। यहां सपा ने राजीव राय के सहारे भूमिहार दांव खेला है, तो बसपा के नोनिया समुदाय से आने वाले प्रत्याशी पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान पिछड़े वोटों में बंटवारा करते नजर आ रहे हैं। इस चुनावी परिदृश्य से घोसी में राय और राजभर के बीच सिमटती जा रही जंग में चुनाव का फैसला जातीय समीकरणों से ही निकलने के आसार बढ़ गए हैं। ओमप्रकाश राजभर के सामने सवर्ण और राजभर वोटों के सहारे अपने बेटे को जीत दिलाने की चुनौती है। लेकिन सवर्ण वोटरों का रुख सपा के राजीव राय की तरफ भी है। ऐसे में महेंद्र राजभर के सुभासपा का दामन छोड़कर सपा के साथ आने से ओमप्रकाश राजभर की चुनौती और बढ़ गई है। यहां यादव और मुस्लिम मतदाता राजीव राय के लिए लामबंद नजर आ रहा है, तो बसपा प्रत्याशी बाल कृष्ण नोनिया और दलित वोटर जोड़ने में सफल होते दिख रहे हैं। भाजपा के समर्थन के बावजूद ओमप्रकाश राजभर द्वारा सवर्णों के खिलाफ दिए गए बयान उनके लिए मुसीबत बने हैं।

- सपा के राजीव राय से मुकाबले में बसपा के पूर्व सांसद बालकृष्ण बढ़ा रहे मुसीबत

### तीन बार के रनर सदल प्रसाद बन पाएंगे विनर

- बांसगांव सीट सुरक्षित सीट से पिछली बार जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा के कमलेश पासवान इस बार चौथी जीत दर्ज करना चाहते हैं, जिसे रोकने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद लगे हैं। वह बसपा से 2004, 2014 और 2019 में चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन हर बार दूसरे नंबर पर रहे थे। सदल प्रसाद बांसगांव विधानसभा सीट से दो बार विधायक भी रहे हैं। इस बार जीत के लिए उनके सामने दलितों के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ने की चुनौती है। बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ कॉडर वोट मजबूत करके सदल प्रसाद की लड़ाई कमजोर कर रहे हैं।

### कुशीनगर में स्वामी समीकरण बनाएंगे या बिगाड़ेंगे

- कुशीनगर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद विजय कुमार दुबे के मुकाबले सपा से अजय प्रताप सिंह और बसपा के शुभ नारायण चौहान ने पूरा जोर लगाया है। लेकिन चर्चा में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य हैं। माना जा रहा है कि बसपा के वोटर उनकी तरफ मुड़ रहे हैं। 2014 भाजपा के राजेश पांडेय ने कांग्रेस सांसद रतनजीत सिंह को हराया था। 2019 में भाजपा के विजय कुमार दुबे जीते थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा के खिलाफ पड़ने वाले वोटों का ध्रुवीकरण सपा या स्वामी प्रसाद के बीच हो सकता है। ऐसे में सीधी लड़ाई होने पर हार-जीत का आंकड़ा कम रह सकता है।

### महाराजगंज में आसान नहीं कांग्रेस की जीत का गणित

- महाराजगंज लोकसभा सीट से छह बार सांसद चुने जा चुके और मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मैदान में हैं। उनको कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने टक्कर दी है। साल 2019 के चुनाव में पंकज चौधरी को 59 .20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। लेकिन कुर्मी वोटरों की बहुलता वाली इस सीट पर दोनों प्रत्याशी कुर्मी समुदाय में होने से माना जा रहा है कि कुर्मी वोटों में बड़ी सेंधमारी करके ही वीरेंद्र चौधरी भाजपा के दिग्गज पंकज चौधरी से लड़ पाएंगे। इसके साथ ही उनके सामने बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी मो. मौसमे आलम से मुस्लिम वोटों का बंटवारा रोकने की भी चुनौती है।

### सलेमपुर में त्रिकोणीय संघर्ष, फायदे में दिख रही भाजपा

- सलेमपुर में भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला 2009 में बसपा से सांसद चुने गए वर्तमान में सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर से है। बसपा ने यहां भीम राजभर को मैदान में उतारकर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर में 32 प्रतिशत कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। इनमें 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। दलित मतदाता 15 फीसदी हैं। 2019 के चुनाव में रवींद्र कुशवाहा ने बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार वोट मिले थे। सुभासपा अब भाजपा के साथ है। यहां रवींद्र कुशवाहा को सपा प्रत्याशी पर मामूली बढ़त बताई जा रही है।

### देवरिया में बसपा की सेंधमारी से मुश्किल में कांग्रेस

- देवरिया में जातीय गुणा-भाग जोरों पर है। भाजपा के पास यहां जीत की हैट्रिक लगाने तो कांग्रेस के सामने चार दशक बाद जीत दर्ज करने का मौका है। लेकिन कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव प्रत्याशी की सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है। पिछले दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, इसी कारण भाजपा ने मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा था। कांग्रेस से पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह उनका मुकाबला कर रहे हैं। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ा रहे हैं।

### राबर्ट्सगंज में कोल वोटरों पर भरोसा आ सकता काम

- राबर्ट्सगंज सुरक्षित सीट पर भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा मुकाबला देखने में आया है। छोटेलाल 2014 में इस सीट पर भाजपा से जीते थे, लेकिन 2019 के बाद इस बार भी भाजपा सीट अपना दल (एस) को दिए जाने से भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। बसपा से चुनाव लड़ रहे धनेश्वर गौतम कॉडर वोट सहेजने में ताकत लगाए रहे हैं। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं और मिर्जापुर के छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं।




### गोरखपुर में अभिनेता बनाम अभिनेत्री का मुकाबला

- गोरखपुर लोकसभा सीट पर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। सपा से चुनाव लड़े निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया था। निषाद पार्टी अब भाजपा के साथ है। 2019 के चुनाव में फिल्म अभिनेता रवि किशन ने योगी के गृह नगर में कमल फिर से खिलाया था। इस बार रवि किशन के सामने सपा ने अभिनेत्री काजल निषाद को उतारकर लड़ाई रोचक बना दी है, बसपा के जावेद सिमनानी यहां पिछड़ते नजर आ रहे हैं। गोरखपुर सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। योगी आदित्यनाथ लगातार पांच बार यहां से सांसद रहे हैं। सपा काजल निषाद से उपचुनाव जैसे करिश्मे की उम्मीद लगाए बैठी है।

### बलिया में ब्राह्मण लगा पाएंगे 'सनातन' की जय का नारा

बलिया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सीट है। भाजपा ने यहां से अपने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की जगह चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को चुनाव मैदान में उतारा है। चंद्रशेखर बलिया से आठ बार चुनाव जीते थे। इस लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन सिंह यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं। सनातन पांडेय पिछला चुनाव सिर्फ 15 हजार वोटों से हार गए थे। बलिया सीट पर लगभग तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण मतदाता हैं। इसके बावजूद कभी यहां से ब्राह्मण सांसद नहीं चुना गया है। लोकसभा क्षेत्र में ढाई लाख यादव, ढाई लाख राजपूत और तकरीबन इतने ही दलित मतदाता भी हैं। ऐसे में सपा का अगर ब्राह्मण-यादव समीकरण परवान चढ़ता है, तो भाजपा को यह सीट जीतने में कड़ी मुश्किल पेश आ सकती है।

### 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे के बीच संघर्ष

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अफजाल अंसारी का कब्जा है। वह इस बार समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय से आने वाले पारसनाथ राय ने उनको कड़ी टक्कर दी है, तो बसपा के ठाकुर समाज से आने वाले प्रत्याशी उमेश सिंह लड़ाई तिकोनी बनाने में जुटे नजर आए हैं। गाजीपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में नौ बार ठाकुर या भूमिहार प्रत्याशी जीतने में सफल रहे हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय का प्रत्याशी होने से ठाकुरों का एक तबका अंदरखाने अफजाल अंसारी के साथ खड़ा दिख रहा है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत इस चुनाव में एक मुद्दा है। प्रचार के दौरान इस मुद्दे पर खूब बार-पलटवार देखने में आते रहे हैं। पिछले चुनाव में अफजाल ने भाजपा के तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा को 1.19 लाख मतों से हराया था। इस बार का चुनाव 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे की बहस में उलझा है। पांच बार के विधायक और दो बार के सांसद अफजाल के लिए यह पहला चुनाव है, जब मुख्तार अंसारी के बाहुबल का कोई सहारा नहीं है। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें जीतकर भाजपा का सफाया कर दिया था। लेकिन तब सपा के साथ गठबंधन में एक सीट जीतने वाली सुभासपा अब भाजपा के साथ है। अफजाल ने अपनी सजा के मद्दे नजर विकल्प के तौर पर अपनी बेटी नुसरत अंसारी को भी प्रत्याशी बनाया था। कांटे के संघर्ष में यहां करीब 20 फीसदी दलित मतदाताओं पर दारोमदार बताया जा रहा है।

- गाजीपुर में माफिया मुख्तार की मौत के बाद सांसद अफजाल अंसारी को हराने में भाजपा ने लगा रखी है ताकत

### केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को इस बार छूट रहा पसीना

चंदौली में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें समाजवादी पार्टी के वीरेंद्र सिंह और बसपा के सतेंद्र मौर्य से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां चुनाव भाजपा और सपा में ब्राह्मण बनाम ठाकुर के बीच मुड़ गया है। राजपूत बिरादरी से आने वाले सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हैं और कांग्रेस तथा बसपा में भी रह चुके हैं। वह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीतकर विधायक बने थे। 2003 में चिरईगांव सीट पर हुए उपचुनाव में बसपा के टिकट पर जीत कर दोबारा विधानसभा में पहुंचे थे। इसके बाद कांग्रेस और सपा में होते हुए 2017 में फिर से बसपा और दो साल पहले सपा में शामिल हुए थे। बसपा प्रत्याशी मौर्य बिरादरी से आते हैं और अब तक भाजपा के परंपरागत वोटर रहे मौर्य समुदाय में सेंध लगा रहे हैं। मौर्य वोटों के दम पर ही भाजपा के आनंद रत्न मौर्य ढाई दशक पहले यहां से तीन बार जीते थे।

- सपा को मात देने में बसपा के दांव से फंसी नजर आ रही जीत की हैट्रिक



**जीत का जयघोष** अमृतसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रचार के अंतिम दिन गदा उठाकर पंजाब में चुनाव जीतने का जयघोष किया।



**जीतेंगे हम** पटना में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव वीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी के साथ विक्ट्री का निशान बनाते हुए।

### कुल 57 सीटें 904 प्रत्याशी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों में पंजाब की सभी 13 और हिमाचल की सभी चार लोकसभा सीटों के साथ उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट पर शनिवार को वोट डाले जाएंगे। इन 57 सीटों पर 904 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### यूपी: 13 सीटों की 48 विस सीटें एनडीए के पास



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में जिन 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। उनके अंतर्गत आने वाली 65 विधानसभा सीटों का हिसाब-किताब देखें तो 2022 के विधानसभा चुनाव में 48 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। 15 सीटें सपा गठबंधन और एक-एक सीट बसपा तथा कांग्रेस के खाते में आई थी।

**2019 में 50 फीसदी से ज्यादा था भाजपा का वोट प्रतिशत:** पिछले 2019 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सातवें चरण की लोकसभा सीटों पर भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले थे जबकि विपक्षी सपा-बसपा गठबंधन के खाते में 37.43 वोट ही आए थे।

# पूर्वांचल के रणक्षेत्र में राम का नाम मोदी का चेहरा और जाति की पतवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** पूर्वांचल में छठे और सातवें चरण की चुनावी लड़ाई में भाजपा को राम का नाम, मोदी के चेहरे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगे बढ़कर चुनावी कमान संभालने के बावजूद जातीय समीकरणों पर जिस तरह फोकस करना पड़ा है, उससे साफ है कि जमीन पर इंडिया गठबंधन ने उसके सामने कड़ी चुनौती पेश की है। पूर्वांचल के रण में जातीय समीकरण साधने का खेल नया नहीं है। पहले यहां ब्राह्मण और राजपूत चुनाव की दिशा तय करते थे। लेकिन मंडल आयोग के बाद अधिकतर सीटों पर जीत-हार का तराजू पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हाथ में चला गया। प्रदेश में जातीय आधार पर राजनीति करने वाले अधिकतर दलों का आधार भी पूर्वांचल के अलग-अलग इलाकों में ही नजर आता है। अनुप्रिया पटेल का अपना दल (एस), संजय निषाद की निषाद पार्टी, ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा, संजय चौहान की जनवादी सोशलिस्ट पार्टी दो तिहाई सीटों पर अपने वोट बैंक की ऐसी ताकत रखता है, जो किसी भी बड़े दल का खेल बना और बिगाड़ सकता है। ऐसे में 2024 का लोकसभा चुनाव पिछड़े वर्ग की उप जातियों की राजनीति करने वाले इन दलों का लिटमस टेस्ट भी साबित होने वाला है। दरअसल इन पार्टियों के आक्सीजन पाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि पूर्वांचल में जातियों का चक्रव्यूह ऐसा है कि कोई भी बड़ा दल चाहकर भी अपने



अनुप्रिया पटेल।



ओप्रकाश राजभर।



संजय चौहान।



संजय निषाद।

कोर वोटर को सहेज कर नहीं सख सकता है। अधिकतर मौकों पर किसी भी बड़े दल के कोर वोटर तभी तक उसके साथ खड़े दिखाई देते हैं, जब तक उनकी जाति का प्रत्याशी होता है। अगर दलीय प्रत्याशी किसी और जाति का हुआ तो मुकाबले में खड़े अपनी जाति के प्रत्याशी के लिए उनका दिल मचलने लगता है। अपना दल (एस) को कुर्मी, निषाद पार्टी को मल्लाह और केवट, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) को राजभर तो जनवादी पार्टी को लोनिया (चौहान) वोट बैंक की राजनीति करने वाले दलों के रूप में गिना जाता है। इनमें अपना दल को यादवों के बाद कुर्मी जाति को प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी ओबीसी जाति होने के कारण सबसे बड़ा दल माना जाता है। अपना दल (एस) विधानसभा में तीसरा सबसे बड़ा दल भी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उसके 13 उम्मीदवार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) को दो सीटें मिली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) के साथ बाकी तीन दल भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी जिसका मुख्य आधार भी ओबीसी में ही है, के मुखिया अखिलेश पटेल ने हर सीट पर ओबीसी उपजाति में गैर यादव वोट बैंक देखते हुए जातीय समीकरण को वरीयता देकर भाजपा के लिए कांटे बिछा दिए थे। सपा ने पीडीए के तहत पूर्वांचल में 10 से अधिक गैर यादव ओबीसी प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे दिए थे। पार्टी ने केवल तीन टिकट ही अगड़ी जाति के लोगों को मौका दिया है। कांग्रेस ने भी पूर्वाचंल में अपने हिस्से में आई चार सीटों पर एक दलित, एक ओबीसी और दो अगड़ी जाति के लोगों को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह बसपा ने कई सीटों पर अगड़ी जाति तो कई सीटों पर भाजपा या सपा प्रत्याशी की जाति वाले ही उम्मीदवार उतारकर अपनी जातीय व्यूह रचना कर दी थी। यही कारण रहा कि भाजपा को मतदान के दो दिन पहले तक जातीय गोलबंदी के समीकरण में जुटना पड़ा। एक-एक सीट पर ऐसा संघर्ष हुआ है कि नारद राय और राम इकबाल सिंह जैसे नेताओं को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भाजपा में शामिल कराने के लिए

### इसलिए चौहान और राजभर की पड़ी जरूरत

घोसी में लोनिया और राजभर वोटर की संख्या काफी है। राजभर उम्मीदवार उतार कर भाजपा ने 2014 में पहली बार कमल खिलाया था। इस बार भी सुभासपा से अरविंद राजभर मैदान में हैं। बसपा ने चौहान जाति के बालकृष्ण को उतारा तो भाजपा ने तुरंत जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के संजय चौहान को साध लिया। चौहान जाति का दबदबा बलिया, चंदौली, गाजीपुर, सलेमपुर, देवरिया में भी है। घोसी की घोसी और मधुबन विधानसभा में चौहान जाति निर्णायक भूमिका में है। सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर की भाजपा को जरूरत इसलिए रही क्योंकि राजभर मतदाता गाजीपुर, वाराणसी, बलिया, सलेमपुर में बड़े पैमाने पर हैं। कुर्मी मतदाता मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, राबर्ट्सगंज में जीत में तय करते हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

## आरबीआई ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट, मुद्रास्फीति में कमी आने की जताई उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। केंद्रीय बैंक ने 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कुल मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद जताई है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने का संकेत देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशील बनी रहेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार मार्च, 2024 तक 11.08 प्रतिशत बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह पाकिस्तान के कुल सकल घरेलू उत्पाद (करीब 340 अरब अमेरिकी डॉलर) का करीब 2.5 गुना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया। जीडीपी वृद्धि को बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामकीय तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक तथा वित्तीय परिवेश से जूझ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की अच्छी स्थिति में है।

### बीते वित्त वर्ष बैंकों में बढ़े धोखाधड़ी के मामले



बैंकों से जुड़े धोखाधड़ी के मामले बीते वित्त वर्ष (2023-24) में बढ़कर 36,075 रहे। हालांकि, इस दौरान धोखाधड़ी वाली राशि 46.7 प्रतिशत घटकर 13,930 करोड़ रुपये रही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी में शामिल राशि 13,930 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 26,127 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी के मामलों की संख्या 36,075 हो गई, जो एक साल पहले 13,564 थी। रिपोर्ट के अनुसार, धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और भुगतान अनुभव को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नये अधिनियम डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण कानून, 2023 के अनुपालन के तहत वास्तविक रूप से कोष अंतरण से पहले भुगतान प्राप्त करने वाले के नाम की वास्तविक समय पर सत्यापन की संभावना टटोली जाएगी।

### एमएसपी ने उत्पादन लागत पर 50% का न्यूनतम मुनाफा किया सुनिश्चित

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि 31 मार्च 2024 तक खाद्यान्नों का समग्र सार्वजनिक भंडारण कुल तिमाही भंडारण मानक का 2.9 गुना था। सरकार ने 29 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न के मुफ्त वितरण की योजना को एक जनवरी 2024 से पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। रिपोर्ट में कहा कि असमान तथा कम दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा के साथ ही अल नीनो की स्थिति के मजबूत होने से कृषि और संबद्ध गतिविधियों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

# कांग्रेस हमेशा विकास के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्त मंत्री सीतारमण ने पोस्ट में विपक्षी पार्टी पर लगाया आरोप



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराने तथा केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किए गए इंसोल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी कोड (आईबीसी) से पहले वित्तीय कॉर्पोरेट संकट की कार्यवाही कानूनों के एक टुकड़े द्वारा शासित होती थी, जिससे समस्याएँ सुलझने के बजाय और बिगड़ जाती थीं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माल एवं वस्तु सेवा कर (जीएसटी) की तरह कांग्रेस आम सहमति बनाने और सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक पूंजी खर्च करने के वास्ते उत्सुक नहीं थी। कांग्रेस हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराती रही है और केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करती रही है। उन्होंने कहा कि इंसोल्वेंसी कानून लागू करने की सख्त जरूरत के बजाए संप्रग सरकार ने जानबूझकर बैंकों और परिचालन ऋणदाताओं की कीमत पर अपने साथियों को फ़ायदा पहुंचाने की कोशिश की।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,550 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,200-55,400 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,000 |
| चांदी पक्की | 908 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 91,300। |

# आरबीआई के लाभांश से जमा दरों पर दबाव कम होने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक से मिलने वाले 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को अगर सरकार खर्च करती है तो नकदी दबाव कम होने और बैंकिंग प्रणाली की जमा दरों में कमी आने की संभावना है।

रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि रिजर्व बैंक का बड़ा लाभांश केंद्र सरकार की राजकोषीय स्थिति को बेहतर करेगा, जिससे अतिरिक्त खर्च या राजकोषीय सशक्तीकरण या दोनों का ही मिला-जुला रूप देखने को मिल सकता है। हालांकि, जमा वृद्धि के मामले में बैंकों के लिए संरचनात्मक चुनौतियां मध्यम से लंबी अवधि में जारी रहेंगी। आरबीआई के निदेशक मंडल ने 2023-24 में अर्जित लाभ में से सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश हस्तांतरित करने का पिछले सप्ताह फैसला किया। इंडिया रेटिंग्स ने कहा, ''उम्मीद है कि आरबीआई की तरफ से सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश हस्तांतरण तरलता की स्थिति में सुधार करेगा और बैंकिंग प्रणाली जमा पर बढ़ते दबाव को कम करेगा।

### देश में बिजली मांग रिकॉर्ड 246 गीगावाट पहुंची

**नई दिल्ली।** देश में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड 246.06 गीगावाट पर पहुंच गई है। बिजली मंत्रालय ने बताया-घरों एवं दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ रही है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति बुधवार को 246.06 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में सबसे अधिक है। इससे पहले मंगलवार को अधिकतम मांग 237.94 गीगावाट के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी।

# एफडीआई प्रवाह 3.49% घटकर 44.42 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्त वर्ष 2023-24 के सरकारी आंकड़ों से हुआ खुलासा



भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इक्विटी प्रवाह 2023-24 में 3.49 प्रतिशत घटकर 44.42 अरब डॉलर रहा है। सेवा, कंप्यूटर हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मोटर वाहन और औषधि जैसे क्षेत्रों में कम निवेश के कारण यह गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई प्रवाह 46.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में प्रवाह 33.4 प्रतिशत बढ़कर 12.38 अरब डॉलर हो गया। 2022-23 की इसी तिमाही में यह 9.28 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई 2023-24 में मामूली रूप से एक प्रतिशत घटकर 70.95 अरब डॉलर रहा, जबकि 2022-23 में यह 71.35 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में एफडीआई प्रवाह में 22 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल है। एफडीआई प्रवाह वित्त वर्ष 2021-22 में सर्वाधिक 84.83 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश में वृद्धि हुई है। क्षेत्रवार बात की जाए, तो सेवा, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, व्यापार, दूरसंचार, मोटर वाहन, औषधि और रसायन में प्रवाह में कमी आई है।

## राष्ट्रीय

# गठबंधन की सरकार कृषि ऋण करेगी माफ

## ओडिशा की चुनावी रैली में बोले राहुल, हमने संविधान को बचाने का लिया है संकल्प

**बालासोर (ओडिशा), एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्निवीर योजना के जरिए जवानों को मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में ओडिशा के लोगों का अपमान किया, जब उसके एक नेता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। भद्रक लोकसभा सीट के सिमुलिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया।

गांधी ने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर खाद्यान्न पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी जामा पहनाया जाएगा, कृषि ऋण को माफ किया जाएगा और अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा। गांधी ने यहां जनसभा से इतर संवाददाताओं से कहा-हम अग्निवीर योजना को खत्म करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जवानों को मजदूर बना दिया है। हम जवानों को फिर से सैनिक बना देंगे। उन्होंने कहा कि सभी जवानों को पेंशन, कैंटीन सुविधाएं मिलेंगी और उनकी मृत्यु की स्थिति में शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने बीजू जनता दल (बीजद) पर भाजपा के साथ साझेदारी में काम करने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं, जिसकी वजह से केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ मानहानि के 24 और आपराधिक मामले दायर किए हैं।

### इंडिया गठबंधन 48 घंटे के भीतर करेगा प्रधानमंत्री का चयनः जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश हासिल करेगा और नतीजों के 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री का चयन कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान से पहले, प्रचार के आखिरी दिन दिए साक्षत्कार में रमेश ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन में जिस पार्टी को सबसे अधिक सीट मिलेंगी, वही पार्टी अगली सरकार के नेतृत्व के लिए स्वाभाविक दावेदार होगी। उनका यह भी कहना था कि इंडिया जनबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कुछ घटक भी इस गठबंधन में शामिल हो सकते हैं, हालांकि कांग्रेस आलाकमान को यह तय करना होगा कि उन्हें गठबंधन में शामिल किया जाए या नहीं।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दो आतंकवादी सहयोगियों को लगाया जीपीएस डिवाइस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को अनंतनाग जिले में दो आतंकवादी सहयोगियों को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) ट्रैकिंग डिवाइस लगाया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अदालत के आदेशानुसार, अनंतनाग पुलिस ने आज गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामले में जमानत पर रिहा किये गये आतंकवादी सहयोगियों पर जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाया, जिससे पता लगाया जा सके कि वे कहीं जमानत शर्तों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपियों को 2018 में थाना डूरू में यूएपीए अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उन्हें न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# ई-रिक्शा चालक ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली में 26 मई को हुई थी वारदात, आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय राजधानी में एक ई-रिक्शा चालक द्वारा 25 वर्षीय महिला को कथित तौर पर नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मामले में उत्तर दिल्ली के कोतवाली इलाके से आरोपी मोहम्मद उमर (24) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 26 मई को कोतवाली पुलिस थाने को डकैती की घटना की पीसीआर कॉल आई, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। वहां पर महिला घायल अवस्था में मिली और उसका खून बह रहा था। महिला का तीन साल का बेटा बगल में बैठा था। उन्होंने कहा कि महिला मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया और चिकित्सा परीक्षण कराया गया। पुलिस के मुताबिक, महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ बिहार से पंजाब अपने पति से मिलने जा रही थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 26 मई को महिला ट्रेन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन उतरी और सदर बाजार गई। जब वह सदर बाजार से रेलवे स्टेशन लौट रही थी तो ई-रिक्शा चालक ने कथित तौर पर उसे पेय पदार्थ की पेशकश की जिसे पीकर वह बेहोश हो गई। मीणा ने बताया-महिला के बयान के मुताबिक रिक्शा चालक उसे सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बीडीपीओ सहित छह लोग निलंबित

**चंडीगढ़।** गुरदासपुर लोक सभा सीट के अंतर्गत फतेहगढ़ चूड़ियां में चुनाव आचार संहिता की उल्लंघनाओं की शिकायतें मिलने के बाद गुरदासपुर के रिटर्निंग अफ़सर-कम-ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने फतेहगढ़ चूड़ियां के ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) परगट सहित, कुलजिन्दर सिंह ग्राम विकास अधिकारी, मेजर सिंह पंचायत सचिव, विलियम मसीह, सुखजीत सिंह और शमशेर सिंह सभी ग्राम रोज़गार सेवकों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक की शिकायत मिली थी कि एक सरकारी पार्क में इंटरलाकिंग टाइलें लगवाईं जा रही हैं जो कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।

## एक नजर

### झारखंड के मंत्री को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**रांची।** रांची की एक पीएमएलए अदालत ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को कथित धन शोधन मामले में दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आलम को एक जून को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। मंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मई को एजेंसी के कार्यालय में दो दिन तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा-14 दिन की ईडी रिमांड बृहस्पतिवार को पूरी हो गई। न्यायिक हिरासत के लिए अनुरोध किया गया और इसे मंजूर कर लिया गया।

### दोहरे हत्याकांड में पांच को उम्रकैद की सजा

**चाईबासा (झारखंड)।** झारखंड के चाईबासा जिले की एक अदालत ने करीब साढ़े तीन साल पहले पश्चिमी सिंहभूम जिले में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में बृहस्पतिवार को पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-द्वितीय की अदालत ने रॉया राय पूर्ति, बुधराम तिरिया, बामन तिरिय, रघुनाथ तिरिया और जयपाल तिरिया को हत्या के मामले में धारा 302 (हत्या) और धारा-34 के तहत दोषी करार दिया।

# पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट से तीन लोगों की मौत, 33 घायल

**पुरी/भुवनेश्वर, एजेंसी**

- मुख्यमंत्री पटनायक ने प्रशासनिक स्तर की जांच के दिए आदेश

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार रात हुए पटाखा विस्फोट की प्रशासनिक स्तर की जांच के आदेश दिए और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जांच राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा की जाएगी, जो विशेष राहत आयुक्त भी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-एक लड़के की कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई, जबकि दो अन्य की भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पिनाक मिश्रा ने बताया कि बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे। अचानक जलते हुए पटाखों का एक टुकड़ा भंडार में जा गिरा, जिससे विस्फोट हो गया।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार सुबह घायलों से मिलने के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों से बात की और उन्हें वहां इलाज करा रहे घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना, खुर्दा जिलाधिकारी चंचल राणा और स्वास्थ्य सचिव शालिनी पंडित घायल लोगों के इलाज की जानकारी लेने के लिए बुधवार देर रात अलग-अलग अस्पताल पहुंचे। जेना ने 'एक्स' पर कहा-विभिन्न अस्पतालों में भर्ती 36 मरीजों में से छह को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, तीन को मृत घोषित कर दिया गया और 27 का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि घायल लोगों को पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# काला जादू के संदेह में महिलाओं ने व्यक्ति की हत्या की

**रांची, एजेंसी**

- रांची में की थी पिटाई, पांच महिलाएं गिरफ्तार

झारखंड में रांची जिले के एक गांव में काला जादू करने के संदेह में महिलाओं के एक समूह ने 60 वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पांच महिलाओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार की गईं सभी महिलाओं की उम्र 30 से 50 वर्ष के बीच है। अनगड़ा पुलिस थाने के प्रभारी चमरा मिंज ने बताया-बालेश्वर उरांव नामक बुजुर्ग व्यक्ति को काला जादू करने के संदेह में महिलाओं ने डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने उसकी पत्नी इतवारी देवी के साथ भी मारपीट की। यह घटना रांची से करीब 25 किलोमीटर दूर अनगड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत जारगा तेतरटोली गांव में मंगलवार शाम को हुई, जब पीड़ित कथित तौर पर एक पड़ोसी के घर में घुस गया और सो रही लड़की के पास जाकर उस पर काला जादू करने लगा। मिंज ने बताया कि लड़की के चिल्लाने पर गांव की महिलाएं वहां जमा हो गईं और उसके साथ मारपीट करने लगीं। जब उसकी पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो महिलाओं ने उसे भी पीटा।

# बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक सरकारी विज्ञप्ति में गुरुवार को यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति में कहा गया, " पश्चिम बंगाल में अधिकार प्राप्त समिति ने राज्य से प्राप्त आवेदनों के पहले सेट को बुधवार को नागरिकता प्रदान कर दी। दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था कि सीएए केवल भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए है। जो शरणार्थी दूसरे देशों में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर आये हैं।" हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने भी बुधवार को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत अपने-अपने राज्यों में आवेदकों के पहले समूह को नागरिकता प्रदान की है।

### ईडी ने शाहजहां शेख के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले की जांच के तहत पश्चिम बंगाल के निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और दो कथित सहयोगियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया है। यह जानकारी जांच एजेंसी ने बृहस्पतिवार को दी। अभियोजन पक्ष की शिकायत में नामजद अन्य लोगों में एसके आलमगीर (शाहजहां के भाई) के अलावा शिब प्रसाद हाजरा और दीदार बोक्श मोल्ला शामिल हैं। कोलकाता में पीएमएलए की विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

# सरकारी जमीन पर अवैध धार्मिक स्थल की नहीं दी जाएगी अनुमति

**कोच्चि, एजेंसी**

**फैसला**

- केरल उच्च न्यायालय ने टिप्पणी चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो
- छह महीने की अवधि के भीतर अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



केरल उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर किसी भी अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए फिर चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो। उच्च न्यायालय ने कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान है और श्रद्धालुओं के शरीर, उनके घर सहित हर जगह मौजूद है।

न्यायमूर्ति पी. वी. कुन्हीकृष्णन ने कहा-इसलिए ईश्वर में आस्था रखने वालों को धार्मिक संरचनाओं के निर्माण के लिए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने की आवश्यकता नहीं है। इसे भूमिहीन लोगों में वितरित किया जाना चाहिए और मानव जाति के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए। ऐसा करने से ईश्वर ज्यादा खुश होंगे और सभी को आशीर्वाद देंगे।

केरल प्लांटेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अदालत में एक याचिका दाखिल कर राज्य सरकार, पुलिस और पथनमथिट्टा जिला अधिकारियों को संस्थान को पट्टे पर दी गई संपत्तियों की पहचान करने और वहां से सभी अतिक्रमणकारियों को हटाने का निर्देश देने की मांग की थी, जिसपर उच्च न्यायालय ने यह निर्देश और टिप्पणियां कीं। केरल प्लांटेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड की अर्जी को स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संस्थान को पट्टे पर दी गई संपत्तियों की पहचान करें और सरकारी भूमि पर निर्मित सभी अवैध धार्मिक संरचनाओं सहित सभी अतिक्रमणकारियों को इस फैसले की प्राति प्राप्त होने की तिथि से छह महीने की अवधि के भीतर किसी भी तरह से हटाएं। अदालत ने 27 मई को दिये अपने आदेश में मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे सभी जिलाधिकारियों को यह पता लगाने के लिए जांच करने का निर्देश दें कि क्या किसी धार्मिक समूह द्वारा किसी सरकारी भूमि पर अवैध, अनाधिकृत पत्थर या फिर क्रॉस या अन्य किसी भी तरह की संरचनाएं तो नहीं लगाई या बनाई गई हैं। जिलाधिकारी राज्य के मुख्य सचिव से आदेश प्राप्त होने की तिथि से छह महीने की अवधि के भीतर इस तरह की अवैध संरचनाओं की जांच करेंगे।



## दिग्गज बल्लेबाज रनों और स्ट्राइक रेट में रहे अव्वल, रोहित-विराट और वॉर्नर ने खेली हैं कई अहम पारियां

# इनके बल्ले से रन बरसे...

- टी-20 विश्वकप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज में भारत के दो स्टार शामिल हैं वहीं कुछ बल्लेबाजों ने अपने दम पर टीम को खिताब जीतने में भूमिका निभाई है।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में क्रिकेट महज खेल नहीं है यह भारतीयों की भावनाओं से जुड़ा है। क्रिकेट में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखना शायद ही किसी को पसंद न हो। सभी चाहते हैं कि टी-20 मुकाबले में बड़ा स्कोर बोर्ड पर लगे ताकि प्रतिद्वंद्वी टीम को भी लक्ष्य पाने के लिए मशक्कत करते देखा जा सके। कुल मिलाकर एक रोमांचक मैच देखने को मिले।

क्रिकेट के खेल में मुख्य आकर्षण अगर बल्लेबाजी को कहें तो यह गलत नहीं होगा। टी-20 विश्वकप की शुरुआत से हम महज एक कदम दूर हैं कल से विश्वकप का यह संग्राम शुरू हो जाएगा। चार ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें 20 टीमें आपस में भिड़ती दिखेंगी। नौवें टी-20 विश्व कप से पहले अब तक ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों की सूची पर एक नजर डालते हैं।



### 1. विराट कोहली
**1,141 रन**

किंग कोहली के सिवाय कौन नंबर वन हो सकता है। अब तक पांच सत्रों में वह एक हजार से अधिक रन बना चुके हैं। दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता उन्हें टी-20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार करती है। उन्होंने 2014 टी-20 विश्व कप में 319 रन बनाए जो एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा 2016 में 296 रन बनाए।

### 2. महेला जयवर्धने
**1,016 रन**



अब क्रिकेट से विदा ले चुके जयवर्धने पूर्व चैंपियन श्रीलंका की सफलता की कुंजी रहे। उन्हें पांचों सत्रों में अच्छे रन बनाए।

### 3. क्रिस गेल
**965 रन**

क्रिकेट के इतिहास के सबसे मनोरंजक बल्लेबाजों में से एक गेल टी-20 क्रिकेट में सबसे विध्वंसक बल्लेबाज माने जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके गेल का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। वह 2012 में वेस्टइंडीज की खिताबी जीत के सूत्रधार थे।



### 4. रोहित शर्मा
**963 रन**

मौजूदा भारतीय कप्तान ने पारी की शुरूआत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। बड़ी पारियां बनाने और शीर्ष क्रम को स्थिरता देने की उनकी काबिलियत भारत की सफलता के लिए अहम है। उन्होंने सभी सत्रों में खेलकर 963 रन बनाए जिनमें 91 चौके जड़े।



### 5. तिलकरत्ने दिलशान
**897 रन**

2009 विश्व कप में सर्वाधिक 317 रन बनाने वाले दिलशान आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर रहे हैं। अब खेल से विदा ले चुके दिलशान श्रीलंका की बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं।



## सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज

### जोस बटलर (144.48)

दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक बटलर की ताकत तेजी से रन बनाना है। यही वजह है कि टी-20 विश्व कप में उनका स्ट्राइक रेट सर्वाधिक है। उन्होंने 27 मैचों में 799 रन बनाये हैं।



### क्रिस गेल (142.75)

गेल किसी भी गेंदबाज के लिए आतंक का पर्याय बनाने के लिये काफी है। विश्व कप में दो शतक जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज गेल ने उन दोनों मैचों में भी टीम को जीत दिलाई।



### एबी डिविलियर्स (142.75)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट शानदार रहा है। दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक एबी डिविलियर्स ने 29 पारियों में 717 रन बनाये हैं जिसमें 51 चौके और 30 छक्के शामिल हैं।



### वॉर्नर (133.22)

डेविड वॉर्नर की आक्रामक बल्लेबाजी एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए अहम होगी। तेजी से रन बनाने के कारण वह टी-20 विश्व कप के आकर्षक बल्लेबाजों में से है।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल में कार्लसन को हराया



**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। कार्लसन को रेपिड और ऑनलाइन मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा पिछले विश्व कप फाइनल में नॉर्वे के इस खिलाड़ी से हार गए थे लेकिन यहां अंततः क्लासिकल बाजी में उन्हें 37 चाल में हराने में सफल रहे। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा ने इस जीत के साथ तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन तीन अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को शूटआउट में हराया

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया, वहीं जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। भारतीय टीम की ओर से मुकेश टोप्पो ने (33 मिनट में) गोल दाग कर टीम को बढ़त दिला दी थी इस दौरान मैच समाप्त होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने गोलकर मुकाबले को 1-1 से बराबरी ला दिया। शूटआउट में गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। शूटआउट में भारत ने 3-1 से जीत हासिल की। वहीं वर्ग में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए संजना होरो ने 18 मिनट और अनीशा साहू ने 58 मिनट में गोल किये ने ओरांजे रूड के साथ 2-2 से ड्रॉ में गोल किया।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

**लंदन।** भारतीय उच्चायोग ने एफआईएच प्रो लीग मुकाबले खेलने के लिए पहुंची देश की महिला हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। सीनियर भारतीय पुरुष टीम के साथ महिला हॉकी टीम भी एफआईएच प्रो लीग खेलने के लिए यहां आई हैं जिन्हें शनिवार को यहां जर्मनी से अपने मैच खेलने हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने हॉकी टीम के स्वागत के दौरान कहा टीम की प्रत्येक सदस्य भारत के हर हिस्से, हर क्षेत्र और समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। कप्तान सलीमा टेटे और कोच हरेंद्र सिंह की अगुआई वाली टीम के सम्मान के लिए आयोजित इस विशेष स्वागत उनके समर्थक और खेल प्रशंसक मौजूद थे।

### सचिन, संजीत मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में जीते



**बैंकॉक।** भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को यहां मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुई सांचेज को इसी अंतर से मात दी। सचिन को पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे क्योंकि उनके 57 किग्रा वर्ग से सिर्फ तीन मुक्केबाजों को ओलंपिक में जगह मिलेगी। राउंड ऑफ 64 में संजीत को बाई मिली थी और उन्हें भी अब दो और मुक्केबाजों को हराना होगा क्योंकि उनके वजन वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले चारों मुक्केबाजों को पेरिस खेलों का कोटा मिलेगा। संजीत और सांचेज के बीच मुकाबले में भी भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई।

### रथिका पीएसए चैलेंज कप के क्वार्टर फाइनल में

**हांगकांग।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रथिका सीलान ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी का हुएन लेउंग पर 3-2 की जीत से हांगकांग पीएसए चैलेंज कप के चौथे चरण के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबले के दूसरे दौर में लेउंग को 4-11, 5-11, 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। रथिका को पहले दौर में बाई मिली थी। तमिलनाडु की रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर खिताब जीता था। यहां क्वार्टर फाइनल में रथिका की भिड़ंत तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार से होगी।

# भारत-पाकिस्तान मैच से पहले बढ़ाई गई सुरक्षा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



टी-20 विश्वकप में हमले के खतरे को देखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को होने वाले मुकाबले के लिए आइजनहावर पार्क स्टेडियम की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

न्यूयार्क प्रांत के गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि वे इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उन्हें इस संदर्भ में भी कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिल सका है। प्रांत की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा मैंने न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को उन्नत सुरक्षा उपायों में संलग्न होने का भी निर्देश दिया है, जिसमें कानून प्रवर्तन (लॉ इनफोर्समेंट) पुलिस की मौजूदगी में वृद्धि, उचित एवं उन्नत निगरानी और गहन स्क्रीनिंग प्रक्रियाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा सार्वजनिक सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी लोगों के लिए क्रिकेट विश्व कप एक सुरक्षित, आनंददायक अनुभव हो। मैनहट्टन से लगभग 25 मील पूर्व में स्थित आइजनहावर पार्क स्टेडियम में तीन से 12 जून तक आठ मैच खेले जाने हैं।

### भारत की जर्सी पहनना अलग अहसास इसे यादगार बनाना चाहूंगा : पंत



**न्यूयॉर्क।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी। एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पूर्व भारत के पहले नेट सत्र के इतर पंत ने कहा भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे बहुत याद आती थी उम्मीद है कि मैं इसे भुना पाऊंगा और यहां से बेहतर प्रदर्शन करूंगा। एनसीए में 15 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले पंत के साथ इस बातचीत के दौरान टीम के साथी सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे। पंत ने उस समय को याद किया जब उनकी मौजूदगी ने उन्हें एनसीए में अपने चोट प्रबंधन कार्यक्रम के अकेलेपन से निपटने में मदद की थी।

# विश्व कप में बुमराह और हेड का रहेगा दबदबा : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी



- इस वर्ष आईपीएल में दोनों ही खिलाड़ियों ने किया है शानदार प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि दो जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप में बुमराह का गेंदबाजों में और हेड का बल्लेबाजी में दबदबा रहेगा जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने 13 मैच में 20 विकेट झटके जबकि पांच बार की चैंपियन का 17 चरण में प्रदर्शन सबसे खराब रहा जबकि ऑस्ट्रेलिया के हेड ने 15 मैच में 567 रन बनाए। पोंटिंग ने कहा टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने के मामले में मैं जसप्रीत बुमराह को चुनूंगा। उसने आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वह नई गेंद को स्विंग कर सकता है, सीम अप कर सकता है। वहीं, हेड हालांकि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर रहे लेकिन उन्होंने सभी को अपनी बल्लेबाजी के तरीके से प्रभावित किया। आईपीएल के ज्यादातर समय में उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक का रहा और उन्होंने 15 मैच में 567 रन बनाए जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल थे।

# स्वियातेक ने ओसाका को दी शिकस्त

पेरिस, एजेंसी



दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और दो बार की गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के बेहद कड़े मुकाबले में नाओमी ओसाका को तीन गेम में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई।

स्वियातेक ने बुधवार रात दूसरे दौर के मुकाबले में मैच प्वाइंट बचाया और फिर अंतिम पांच गेम जीतकर दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा निश्चित तौर पर यह मुकाबला काफी तनाव भरा था। मैंने दूसरे दौर में कभी इतने कड़े मुकाबले की उम्मीद नहीं की थी। निश्चित तौर पर अगली बार मैं इसके लिए अधिक तैयार रहूंगी। इस जीत के साथ स्वियातेक ने रोलां गैरो पर अपनी जीत के क्रम को 16 मैच तक पहुंचा दिया और उनकी नजरें इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरी खिताबी जीत दर्ज करने पर टिकी हैं।

तीसरे और निर्णायक गेम में एक समय 5-2 से आगे चल रही ओसाका जब हार के बाद वापस लौट रही थी तो उनकी आंखों से आंसू छलक रहे थे। खराब मौसम के कारण बुधवार को सिर्फ नौ मैच पूरे हो सके और विजेताओं में कोको गॉफ, ओन्स जेब्युर, सोफिया केनिन, कार्लोस अल्कारेज, स्टेफानोस सितसिपास और आंद्रे रूबलेव शामिल रहे।

## टेटे चैंपियनशिप में भारतीय युवाओं ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 और अंडर-15 लड़के और लड़कियों ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम दिन एकल और युगल स्पर्धा के सभी संभावित स्वर्ण पदक जीते।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, श्रीलंका के कैंडी में खेले गए मुकाबलों में भारतीय लड़कों और लड़कियों ने स्वर्ण पदक के साथ एकल मुकाबलों में अपने खाते में चार रजत पदक भी जीते। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी ने जश मोदी को 11-8, 5-11, 11-9, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जश मोदी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने कांस्य पदक जीते। वहीं लड़कियों के वर्ग में सायाली वानी ने प्रीथा वर्तिकार को 11-9, 10-12, 11-4, 11-8 से हराकर खिताब जीता, जिससे प्रीथा दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस वर्ग में पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका को कांस्य पदक मिला।

# त्रिसा-गायत्री ने किया उलटफेर, सिंधू हारीं

सिंगापुर, एजेंसी

**सिंगापुर ओपन**



मैच के दौरान शॉट लगातीं त्रिसा-गायत्री।

पीवी सिंधू को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला 21-13, 11-20, 20-22 से गंवाया। यह 2018 से सिंधू की मारिन के खिलाफ लगातार छठी हार थी। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने बाएक और ली को 21-9, 14-21, 21-15 से हराया। अब उनका सामना दक्षिण कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो योंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से होगा। इस जोड़ी ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी को हराया था।

पुरूष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान के केंता निशिमोतो ने 21-12, 14-21, 21-15 से हराया। महिला एकल में डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद सिंधू और मारिन सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। पहला गेम गंवाने के बाद मारिन ने वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाए और 17-7 की बढत बना ली। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढ़त बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी।

# मेस्सी के गोल के बाद भी हारा इंटर मियामी



**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** लियोनल मेस्सी के गोल के बावजूद इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में अटलांटा यूनाईटेड के खिलाफ 3-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम का 10 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इंटर मियामी की ओर से मेस्सी के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। अटलांटा यूनाईटेड की तरफ से साबा लोबजानिद्जे से दो जबकि जमाल थियरे ने एक गोल किया। इस जीत के साथ अटलांटा यूनाईटेड का एमएलएस में नौ मैच से जीत का इंतजार भी खत्म हो गया।

### ओलिंपियाकोस ने जीता खिताब

**एथेंस (यूनान)।** ओलिंपियाकोस ने यूरोपा कांफ्रेंस लीग फुटबॉल फाइनल में अतिरिक्त समय में फायोरेंटिना को 1-0 से हराकर यूनान को पहला यूरोपीय क्लब खिताब दिलाया जिसके बाद देश में जश्न का महौल है। मैच के अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में अयोब अल काबी ने ओलिंपियाकोस की ओर से विजयी गोल दागा। इस गोल की वीएआर (वीडियो सहायक रैफरी) की मदद से ऑफ साइड के लिए समीक्षा की गई लेकिन इसे गोल करार दिया गया जिसके बाद मेजबान टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

### उज्बेकिस्तान की कड़ी चुनौती के लिए तैयार भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**ताशकंद।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शुक्रवार को अपने से अधिक रैंकिंग वाली उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ अगर अपना रिकॉर्ड सुधारना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में 66वें जबकि उज्बेकिस्तान 48वें स्थान पर है। इन दोनों टीम के बीच अभी तक 11 मुकाबले हुए हैं जिनमें भारत केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाया है। उसने 2003 के एएफसी एशिया कप में अपने इस प्रतिद्वंदी को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इन दोनों टीम के बीच हालिया मुकाबला पिछले साल नवंबर में एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान हुआ था जिसमें भारत को 0-3 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रिकॉर्ड कुछ भी कहते हों लेकिन भारत की मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने कहा हम सभी जानते हैं कि उज्बेकिस्तान की रैंकिंग हमसे बेहतर है लेकिन हमारी खिलाड़ी उन्हें उनके घरेलू मैदान पर कड़ी चुनौती देने का माद्दा रखती हैं। हम ओलंपिक क्वालीफाईंग में उनका सामना कर चुके हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमें उस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।



## बॉलीवुड हलचल



### भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करती नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। भूल भुलैया 3 सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री कन्फर्म हो गई है। भूल भुलैया 3 के सेट पर उन्हें ब्लैक साड़ी में देखा गया। इसके साथ ही विद्या बालन का भी लुक सामने आया है। वह भी माधुरी की तरह ब्लैक साड़ी में नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी लाल साड़ी में बंगाली लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, कार्तिक आर्यन, रुह बाबा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का हिस्सा मनीष वाधवा और राजेश शर्मा भी होंगे। राजेश शर्मा बंगाली अटायर में देखे जा सकते हैं। वहीं, मनीष शर्मा पंडित के लुक में नजर आ रहे हैं।

### 7 जून को रिलीज होगी फिल्म रंग दे बसंती

**मुंबई।** एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत निर्माता रौशन सिंह और सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 7 जून को रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि फिल्म रंग दे बसंती की शूटिंग समाप्त होने के बाद से हम इसके प्रमोशन में लगे हैं, लेकिन अब हम सभी इसमें और तेजी ला रहे हैं। इसके लिए हमने खेसारीलाल यादव के कटआउट लगाया है। आने वाले दिनों में हम फिल्म के प्रमोशन में और भी तेजी लाएंगे। यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने वाली है। फिल्म हर एंगल से ब्लाक बस्टर बनी है और अब इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंहऔर निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। यह फिल्म महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, असम, उड़ीसा, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, जम्मू एंड कश्मीर और नेपाल में प्रमुखता से रिलीज होगी। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, अभिनेत्री रति पांडेय और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। बॉलीवुड के बड़े सिंगरों की आवाज भी सुनाई देगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# मालिक और चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली, एजेंसी

**अस्पताल अग्निकांड**

- **दिल्ली पुलिस ने घटना की दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ीं**

दिल्ली की मेट्रोपोलिटन अदालत ने गुरुवार को उस निजी अस्पताल के मालिक और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जहां 25 मई को आग लगने से सात नवजात बच्चों की मौत हो गई थी और पांच घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने अस्पताल में आग लगने की घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ी हैं।

मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची और पिछले शनिवार देर रात आग लगने के समय ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आकाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच, डॉक्टर ने जमानत याचिका दायर की है, जिस पर तीन जून को सुनवाई होगी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पताल में शनिवार रात भीषण आग लग गई थी, जिसका संचालन कथित तौर पर लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी अग्निशमन विभाग से किसी मंजूरी के बिना अवैध रूप से किया जा रहा था। विवेक विहार थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 (दूसरों के जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना), 304 (गैर इरादतन हत्या) और 308 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को रविवार को गिरफ्तार करने के बाद 27 मई को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था।

# प्रज्वल के खिलाफ सैकड़ों महिलाएं उतरीं सड़क पर, किया प्रदर्शन

**हासन (कर्नाटक)।** कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल (एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ गुरुवार को सैकड़ों महिलाओं और लोगों ने प्रदर्शन किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। लोगों ने हासन चलो मार्च में शिरकत की व आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की।

मार्च का आयोजन नवेडु निलादिद्दरे नामक मानवाधिकार समूह ने किया था। इसमें राज्य भर से महिलाओं, श्रमिकों, किसानों और दलितों ने हिस्सा लिया। मार्च महाराजा पार्क के पास हेमावती प्रतिमा से शुरू हुआ और हासन की उपायुक्त सी सत्यभामा को ज्ञापन सौंपने के बाद यह संपन्न हुआ। लोगों ने सरकार से पीड़ितों की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से राजग उम्मीदवार प्रज्वल पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है।

# अपनी एसी को कुछ देर दे आराम...

एयर कंडीशनर (एसी) आज के समय में हर घर और ऑफिस की जरूरत है। ये गर्मी के मौसम में आरामदायक होता हैं, जिससे हमारी जीवनशैली में सुधार होता है। लेकिन, कभी-कभी एसी के फटने की घटनाएं भी सामने आती हैं, जो न केवल उपकरण को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि जीवन को भी खतरे में डाल सकती हैं। ऐसी घटनाएं अक्सर अत्यधिक गर्मी के मौसम में ही देखी जा सकती है। आज हम एसी फटने की घटनाओं के संभावित कारणों और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा करेंगे। उचित रखरखाव और सावधानी बरतने से इन घटनाओं से बचा जा सकता है। आइए जानें, कैसे हम एसी को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं...



## एसी फटने के कारण



- **अत्यधिक दबाव** : एसी में अत्यधिक दबाव बढ़ने से कूलेंट का रिसाव हो सकता है, जो विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **अत्यधिक तापमान** : अत्यधिक गर्मी में एसी के कंडेंसर में अधिक तापमान बढ़ सकता है, जिससे उसके फटने की आशंका बढ़ जाती है।
- **खराब रखरखाव** : यदि एसी का नियमित रखरखाव नहीं किया जाता है, तो इसमें धूल और गंदगी जमा हो सकती है, जिससे कूलिंग क्षमता कम हो जाती है और फटने का खतरा बढ़ जाता है।
- **गैस लीक** : यदि एसी के कूलिंग सिस्टम में गैस लीक हो रही हो तो यह भी विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **इलेक्ट्रिकल फॉल्ट** : इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट या ओवरलोडिंग भी इसके फटने का कारण बन सकते हैं।

## विशेषज्ञ की सलाह, लगातार न चलाएं एयर कंडीशनर



40 साल से एसी व्यवसाय में लगे कमल शर्मा का कहना है कि बाहरी तापमान और स्पेयर पार्ट्स की गुणवत्ता असरदार नहीं होने से यह समस्या आती है। देश में 42 से 45 डिग्री तापमान सहने की क्षमता वाले एसी और उनकी मशीन तैयार होती है। मशीन में कम्प्रेशर और उसमे इस्तेमाल किए जाने वाले कॉपर पाइप की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होना चाहिए। खाड़ी देशों में 50 डिग्री के तापमान को सहन करने वाले एसी और मशीन बनती है। बाजार में कुछ कंपनियां सस्ते उपभोक्ताओं को सस्ते एसी उत्पाद की बिक्री करके ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रही हैं। बढ़ते तापमान से आउटडोर को भी बचाने की जरूरत है। आउटडोर पर शेड लगाएं। लगातार एसी न चलाएं। एसी बंद करके आउटडोर की क्वाइल पर पानी का स्प्रे कर सकते हैं। सर्विसिंग भी अनुभवी टेक्नीशियन से ही कराएं।

## ऐसे करें निवारण

- **नियमित रखरखाव** : एसी का नियमित रूप से सर्विसिंग करवाएं ताकि धूल और गंदगी जमा न हो।
- **कूलेंट की जांच** : कूलेंट के स्तर की नियमित जांच करवाएं और सुनिश्चित करें कि कोई लीकेज नहीं है।
- **प्रोफेशनल इंस्टॉलेशन** : एसी को हमेशा प्रोफेशनल तकनीशियन से ही इंस्टॉल करवाएं।
- **अत्यधिक दबाव का नियंत्रण** : एसी में सही दबाव बनाए रखने के लिए इसे नियमित रूप से जांचें और उचित कूलिंग सुनिश्चित करें।
- **सुरक्षा उपकरणों का उपयोग** : एसी में ओवरलोड प्रोटेक्शन और सर्किट ब्रेकर जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें।
- **समय-समय पर निरीक्षण** : एसी के सभी हिस्सों का समय-समय पर निरीक्षण करें ताकि किसी भी प्रकार की समस्या को समय रहते पहचाना जा सके।

## एक नजर

### अमेरिकी में गोलीबारी में एक की मौत, दूसरा घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी में कैलिफोर्निया के पूर्वी ओकलैंड में मंगलवार रात गोली बारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि ओकलैंड निवासी एक व्यक्ति की अस्पताल में चोटों के कारण मौत हो गई। परिजनों की सूचना मिलने तक उसकी पहचान गुप्त रखी जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि ओकलैंड का एक अन्य निवासी, जिसके बारे में माना जाता है कि वह गोलीबारी में शामिल था, गोली लगने से घायल होकर अस्पताल पहुंचा। बुधवार सुबह तक उनकी हालत स्थिर थी।

### ईरानी सेना की गोलीबारी में चार पाकिस्तानियों की मौत

**पाकिस्तान।** ईरान के सैनिकों ने दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के एक सुदूर इलाके में पाकिस्तानियों के एक समूह को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती गांव मश्केल के पास हुई। सरकारी प्रशासक साहिबजादा असफंद ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि ईरानी सेना ने गोलीबारी क्यों की। स्थानीय पुलिस का कहना है कि चारों लोगों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की हालत अब स्थिर

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको गोली लगने के बाद हुए घाव से उबर रहे हैं और उनकी हालत अब स्थिर है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। स्लोवाक समाचार एजेंसी के अनुसार उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री रॉबर्ट कालिनक ने भी पुष्टि की कि फीको के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कलिनक ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्थिति में अब सुधार है। यह हमारे लिए बहुत खुशी की खबर है। उन्होंने खाना- पीना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि फिको 15 मई को मध्य स्लोवाक शहर हैंडलोवा में एक सरकारी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे तभी 71 वर्षीय जुराज सी ने उन पर गोली चला दी थी।

### सीरिया पर इजरायली हमले में एक लड़की की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के कई क्षेत्रों पर इजरायली हमलों के एक नए दौर में बुधवार को लड़की की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इजरायली सेना ने शाम साढ़े सात बजे लेबनान की दिशा से हवाई हमला किया और मध्य प्रांत होम्स में सैन्य स्थल और तटीय शहर बनियास में आवासीय इमारत को निशाना बनाया। हमले की पुष्टि सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने की, जिसमें बताया गया कि बनियास में नफस पहाड़ी पर हुए दो विस्फोटों में एक लड़की की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। इजरायली मिसाइलों ने बुधवार शाम को होम्स के पूर्वी ग्रामीण इलाके में अल-फुरक्लस क्षेत्र के पास एक सैन्य स्थल को निशाना बनाया, जिससे साइट से धुआं उठने लगा।

### सऊदी अरब ने हज से पहले 6 पत्रकारों को निकाला : ईरान

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को कहा कि सऊदी अरब ने अपने सरकारी टेलीविजन प्रसारक के 6 सदस्यों को निकाल दिया है, जिन्हें हज से पहले देश में लगभग एक सप्ताह तक हिरासत में रखा गया था। सऊदी अरब ने कहा कि ये लोग अपने वीजा का उल्लंघन करके काम कर रहे थे। यह घटना रियाद और तेहरान के बीच चीन की मध्यस्थता से हुए समझौते के एक साल बाद हुई है। देश में पवित्र स्थलों को लेकर सुन्नी और शिया देशों के बीच दशकों से तनाव रहा है। ईरानी सरकारी टीवी ने बताया कि गिरफ्तारियां एक हफ्ते पहले हुईं जब मदीना में मुहम्मद की मस्जिद में रिकॉर्डिंग के समय कर्मीदल के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया गया।

# पाकिस्तान में उभर रहा है एक निष्पक्ष दृष्टिकोण : भारत

## लाहौर समझौते के उल्लंघन पर नवाज शरीफ की टिप्पणी पर भारत की प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के लाहौर समझौते का उल्लंघन करने संबंधी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणी के कुछ दिनों बाद भारत ने गुरुवार को कहा कि पड़ोसी देश में इस मुद्दे पर एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है।

शरीफ ने मंगलवार को कहा था कि पाकिस्तान ने उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बीच 1999 में भारत के साथ हुए समझौते का उल्लंघन किया है। उनका इशारा जनरल परवेज मुशर्रफ की ओर से करगिल पर किए गए हमले की ओर था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं। मुझे इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। हम देखते हैं कि इस मामले पर पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। वह अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता में इस मामले पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

लाहौर में ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी और शरीफ ने 21 फरवरी, 1999 को लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों पड़ोसी देशों के बीच शांति और स्थिरता के दृष्टिकोण पर बात करने वाला यह समझौता एक सफलता का संकेत है। कुछ महीने बाद, हालांकि जम्मू कश्मीर के करगिल जिले में पाकिस्तानी घुसपैठ के कारण भीषण संघर्ष हुआ। शरीफ ने पीएमएल-एन की आम परिषद की बैठक में कहा कि 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए। उसके बाद वाजपेयी साहब यहां आए और हमारे साथ समझौता किया, लेकिन हमने उस समझौते का उल्लंघन किया... यह हमारी गलती थी। इस आम परिषद की बैठक में उन्हें पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है।

- **शिखर सम्मेलन के बाद दोनों देशों ने 1999 में घोषणापत्र पर किए थे हस्ताक्षर**
- **जम्मू कश्मीर के करगिल में इसके बाद पाकिस्तानी घुसपैठ से हुआ था संघर्ष**
- **विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमारी स्थिति साफ, दोहराने की जरूरत नहीं**

### पाकिस्तान एनएफयू नीति का नहीं करता पालन

- **पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा- सभी खतरों का सामना करने में सक्षम**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु हथियारों का पहले प्रयोग न करने की नीति का पालन नहीं करता है और देश प्रतिरोधी सैन्य क्षमताओं के जरिये दुश्मन के सभी खतरों का सामना करने में सक्षम है। अधिकारी ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में पाकिस्तान के रुख को भी स्पष्ट किया। राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) खालिद अहमद किदवई बुधवार को सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीआईएसएस) में पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ, यौम-ए-तकबीर के मौके पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान ने भारतीय सेना के पोखरण परमाणु परीक्षण के जवाब में बलूचिस्तान प्रांत के दूरस्थ चागई पर्वत में एक गहरी सुरंग खोदकर 28 मई, 1998 को छह परमाणु परीक्षण किए थे। पाकिस्तान के इस सफल परमाणु परीक्षण को यौम-ए-तकबीर कहा जाता है। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार किदवई ने कहा, परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान के पास नो फर्स्ट यूज (एनएफयू) की नीति नहीं है। एनएफयू नीति पहले परमाणु हथियारों का उपयोग न करने की प्रतिबद्धता है। पाकिस्तान ने पारंपरिक रूप से अपनी एनएफयू नीति के बारे में अस्पष्टता बनाए रखी है।

# रूस की चेतावनी यूक्रेन के हमलों से अमेरिका चिंतित

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस की मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों पर यूक्रेन के हमलों के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है और इससे स्थिति अस्थिर होने का भी खतरा बताया है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका रूसी बैलिस्टिक मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के खिलाफ यूक्रेन के हालिया हमलों से चिंतित है। अमेरिका ने पिछले सप्ताह पारंपरिक वायु रक्षा के साथ-साथ पश्चिमी परमाणु प्रक्षेपणों की चेतावनी देने वाले रडार स्टेशनों के खिलाफ दो हमलों के प्रयासों के बारे में यूक्रेन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ये प्रणलियां यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने में शामिल नहीं हैं लेकिन वे संवेदनशील स्थान हैं क्योंकि रूस को लगता है कि उसकी रणनीतिक निवारक क्षमताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो अमेरिका के खिलाफ परमाणु प्रतिरोध बनाए रखने की रूस की क्षमता को कमजोर कर सकता है। समाचार पत्र ने यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया कि यूक्रेन का सैन्य खुफिया निदेशालय इन हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

**पाकिस्तान में नौ मई 2023 को हुई हिंसा का मामला**

# दंगों से जुड़े दो मामलों में इमरान खान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी



- **पाकिस्तान की अदालत ने अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में सुनाया फैसला**
- **समर्थकों ने भ्रष्टाचार मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को पहुंचाया था नुकसान**

पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए गुरुवार को बरी कर दिया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। पीटीआई संस्थापक इमरान खान के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी।

अदालत ने इमरान खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा कि चूंकि अभियोजन की ओर से पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक इमरान खान को बरी किया जाता है। खान को सुनवाई के बाद 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया है। इमरान खान के खिलाफ दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज कराए गए थे। पीटीआई संस्थापक के खिलाफ मार्च और अनुच्छेद 144 के उल्लंघन के लिए मामले दर्ज किए गए थे। खान की गिरफ्तारी के बाद, उनके हजारों समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने हंगामा किया था।

# ट्रंप मामले में निर्णय लंबित होने पर ज्यूरी बर्खास्त

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुप रहने के लिए पैसे लेने के मामले में सुनवाई कर रही ज्यूरी के घंटों की चर्चा के बाद भी किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाने के बाद न्यूयार्क सुप्रीम कोर्ट के जज जुआन मर्चेन ने ज्यूरी को ही बर्खास्त कर दिया है। एनबीसी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि जज मर्चेन ने जूरी को दिन भर के लिए बर्खास्त कर दिया और उन्हें मामले पर चर्चा न करने या इसके बारे में जानकारी न खोजने का आदेश दिया। जूरी गुरुवार को सुबह 9:30 बजे विचार-विमर्श फिर से शुरू करेगी। श्री ट्रम्प पर वयस्क फिल्म अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित रूप से चुप रहने के लिए पैसे देने से संबंधित रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है हालांकि उन्होंने इन सभी आरोपों से इनकार किया है और 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ के बीच उठाये गये इस मामले की निंदा करते हुए इसे चुनाव में हस्तक्षेप बताया है।

**हाय ये गर्मी...**



ज्येष्ठ के महीने में शरीर झुलसा देने वाली पड़ रही गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। मगर जरूरी काम होते घर से निकलना ही पड़ता है और बचाव के भी उपाय करने पड़ते हैं इसी क्रम में राजस्थान के जयपुर में भीषण गर्मी के बीच में चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए लड़कियां अपना चेहरा ढक लेती हैं ● एजेंसी

# मालदीव को एफटीए के लिए नहीं दिया गया कोई प्रस्ताव : भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **मालदीव सरकार इस संबंध में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर करेंगे विचार : विदेश मंत्रालय**

भारत ने गुरुवार को कहा कि उसने मालदीव के समक्ष द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (डीटीए) के लिए कोई प्रस्ताव नहीं रखा है और यदि द्वीपीय राष्ट्र इस तरह के समझौते के लिए रुचि दिखाता है तो वह इस पर विचार करने को तैयार है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव के साथ द्विपक्षीय एफटीए के लिए भारत सरकार द्वारा कोई विशेष प्रस्ताव नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि मालदीव सरकार भारत के साथ एफटीए करने में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर विचार करेंगे। पिछले सप्ताह मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने संकेत दिया था कि भारत ने दोनों देशों के बीच एफटीए के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। सईद ने माले में कहा था कि भारत चाहता है कि मालदीव के साथ साफ्टा (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता) के अलावा एक मुक्त व्यापार समझौता भी हो। सईद ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति ने सभी देशों को यह अवसर प्रदान किया है। मालदीव सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक देशों के साथ ऐसे समझौते करना है, ताकि व्यापार गतिविधियों में आसानी हो।

**हर चीज़ का सिद्धांत** | प्रतिभाशाली पीढ़ी ने ब्रह्मांड की परतों के साथ परमाणु की भी परतें उधेड़ दीं

# विफलता का डर भौतिकविदों की खोज में बाधा

मैनचेस्टर, एजेंसी



- **क्वांटम यांत्रिकी को आइंस्टीन के सिद्धांत से जोड़ा जाना, जो बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड पर लागू होता है**

अल्बर्ट आइंस्टीन, मैक्स प्लैंक और अन्य लोगों के साथ भौतिकी के तूफानी दौर को शुरू हुए एक सदी से अधिक हो गया है, जिसने हमें हमारे पहले से व्यवस्थित ब्रह्मांड से अराजकता की एक नई दुनिया में भेज दिया है। भौतिकविदों की इस प्रतिभाशाली पीढ़ी ने अंततः ब्रह्मांड की परतों के साथ-साथ परमाणु की भी परतें उधेड़ दीं, ताकि कल्पना से भी अधिक अजनबी दुनिया सामने आ सके।

परमाणुओं और कणों के सूक्ष्म जगत पर शासन करने वाले क्वांटम यांत्रिकी सिद्धांत के शुरुआती दिनों से ही, भौतिकी के पवित्र गुरु हर चीज का सिद्धांत ढूंढ रहे हैं - क्वांटम यांत्रिकी को आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत के साथ जोड़ा जाना, जो बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड पर लागू होता है, लेकिन हमारे पास अभी भी हर चीज़ का आजमाया हुआ और परखा हुआ सिद्धांत नहीं है। हर चीज़ का सिद्धांत बनाना बिल्कुल आसान नहीं है। इस अंतिम प्रश्न का उत्तर देने वाले के लिए पुरस्कार इतिहास में शाश्वत गौरव है। आइंस्टीन की पीढ़ी में इसे हल करने की भूख थी। लेकिन भौतिक विज्ञानी आर्थर एडिंगटन, हरमन वेइल और गणितज्ञ डेविड हिल्बर्ट इतने भाग्यशाली नहीं थे, कुछ को तो बहुत बुरे परिणामों का सामना करना पड़ा। उदाहरण के लिए, एडिंगटन को लें, शायद वह ऐसे वैज्ञानिक हैं जिनके बारे में कभी नहीं सुना होगा।

कैम्ब्रिज के खगोलशास्त्री और भौतिक विज्ञानी ने 1919 के ग्रहण का विश्लेषण करके आइंस्टीन को सही साबित कर दिया। जॉर्जेस लेमेत्रे के बिग बैंग सिद्धांत पर ऐसा करने से पहले एडिंगटन ने सापेक्षता पर पहली अंग्रेजी किताबें भी लिखीं। तारकीय भौतिकी पर अभूतपूर्व काम के साथ 1920 और 1930 के दशक में विज्ञान पर सबसे लोकप्रिय लेखक बन गए। फिर भी वह मौलिक सिद्धांत की गहन खोज के कारण आज अस्पष्ट है। आइंस्टीन और एडिंगटन के बाद भौतिक विज्ञानी रिचर्ड फेनमैन (1918-88) की पीढ़ी ने हर चीज के सिद्धांत में रुचि खो दी। फेनमैन और उनके साथियों ने नई उप-परमाणु खोजों और सिद्धांतों, और रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के लिए भौतिकी के अनुप्रयोगों में प्रसिद्धि पाई। उनके द्वारा सहा गया उपहास, जिन्होंने उनसे पहले कोशिश की और असफल रहे, इसका एक कारण हो सकता है। विफलता की यह अत्यधिक लागत अंततः इंटरवार भौतिकी की महिमा के साथ-साथ बढ़ी। अद्वितीय सफलता के दौर में, विफलता अधिक अक्षम्य थी। सबसे बड़े प्रश्न पर खुद को लागू करने की चाहत रखने वाले युवा और प्रतिभाशाली आधुनिक दिमागों के लिए यह शायद ही कोई प्रोत्साहन था। आज भी हर चीज़ के सिद्धांतों की कोशिशों का मज़ाक उड़ाया जाता है।

# बेटे को निर्दोष साबित करने के लिए मां के खून से बदला नमूना

पुणे, एजेंसी

**पुणे पोर्श हादसा**

- **दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी की हिरासत 5 जून तक बढ़ाई गई**
- **किशोर को बचाने के लिए उसकी मां से लिए गए थे रक्त के नमूने**

पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के रक्त के नमूनों को महिला के नमूनों से बदला गया ताकि ये साबित हो सके कि हादसे के समय आरोपी नशे में नहीं था। पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में यह जानकारी दी।

कोर्ट ने पुलिस की याचिका स्वीकारते हुए गिरफ्तार ससून जनरल अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी की हिरासत अवधि 5 जून तक बढ़ा दी। पुलिस ने कहा कि वह उस महिला की पहचान करना चाहते हैं जिसके खून के नमूनों से किशोर के नमूनों को बदला गया। सूत्र के अनुसार वह कोई और नहीं किशोर की मां थी। नमूनों की अदला-बदली का मामला सामने आने के बाद डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनोर और अतुल घाटकांबले को गिरफ्तार किया गया था। उनकी प्रारंभिक हिरासत समाप्त होने पर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उनकी आगे की हिरासत की मांग करते हुए कहा कि डॉ. हलनोर ने किशोर के रक्त के नमूनों को फेंका नहीं था जैसा कि पहले माना गया था बल्कि उन्हें किसी को सौंपा था। वह किशोर के रक्त के नमूनों को प्राप्त करना चाहते हैं। महाराष्ट्र लोक स्वास्थ्य विभाग के सूत्र ने बताया कि किशोर को बचाने के लिए उसकी मां के रक्त के नमूने का प्रयोग किया गया। पुणे में 19 मई को पोर्श कार के नाबालिग चालक ने बाइक से जा रहे दो इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

# सीवर टैंक की सफाई को उतरे 3 लोगों की जहरीली गैस से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में सीवर टैंक की सफाई को उतरे दो युवकों समेत तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इन्हें बचाने के लिए टैंक में उतरे एक अन्य युवक की हालत गंभीर है।

घटना गुरुवार को लखनपुर थाना क्षेत्र में हुई। आकाश और करण घर में बने सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे। दम घुटने पर वे चिल्लाने लगे। उन्हें बचाने के लिए भोलू, नरेश और इंद्र नीचे उतरे लेकिन वे भी बेहोश हो गए। बगल में गड्ढा खोदा गया और टैंक तोड़कर उन्हें निकाला गया। अस्पताल में आकाश, करण और भोलू की मौत हो गई, जबकि नरेश और इंद्र भर्ती हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शोक जताते हुए एक्स पर लिखा, संबंधित अधिकारियों को इसकी निष्पक्ष जांच व पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।